RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 163
लखनऊ, सोमवार, 4 अप्रैल, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

शानदार भूमिका निभाएंगे राहुल द्रविड़
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

पाकिस्तान में राजनीतिक संकट और गहराया

- इमरान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष ने खारिज किया
- नेशनल असेंबली भंग करने की प्रधानमंत्री की सिफारिश राष्ट्रपति ने मंजूर की, इमरान ने नए चुनाव के लिए कहा
- विपक्ष ने राष्ट्रपति के कदम को शीर्ष न्यायालय में चुनौती दी
- सेना ने कहा कि देश में उत्पन्न राजनीतिक उथल-पुथल से उसका कोई लेना देना नहीं

भाषा। इस्लामाबाद

इस्लामाबाद में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के चित्र वाले होर्डिंग के निकट से गुजरते मोटरसाइकिल सवार

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने नेशनल असेंबली भंग करने की प्रधानमंत्री इमरान खान की सिफारिश रविवार को मंजूर कर ली। हालांकि इस कदम को विपक्षी दलों ने असंवैधानिक करार दिया और इसे कानूनी रूप से चुनौती देने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। इससे देश में राजनीतिक और संवैधानिक संकट और गहरा गया। इससे पहले यह माना जा रहा था कि खान को नेशनल असेंबली में विपक्षी राजनेताओं के गठबंधन द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में हार का मुंह देखना पड़ेगा। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के भी 12 से अधिक सांसद उनके खिलाफ हो गए थे।

हालांकि 69 वर्षीय खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष कासिम सुरी ने असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया। खान के पास 342 सदस्ईय नेशनल असेंबली में प्रभावी रूप से बहुमत नहीं था। खान ने राष्ट्र के नाम एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि उन्होंने सदन को भंग करने और नए चुनाव कराने की सिफारिश की है। खान ने अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के लिए देश को बधाई देते हुए कहा कि उपाध्यक्ष ने शासन बदलने के प्रयास (और) विदेशी साजिश को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, राष्ट्र को नए चुनावों की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अविश्वास वास्तव में एक विदेशी एजेंडा था। खान ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति अल्वी को नेशनल असेंबली भंग करने की सलाह दी है। खान ने कहा, चुनाव की तैयारी करें। कोई भी भ्रष्ट ताकत तय नहीं करेगी कि देश का भविष्य क्या होगा। जब सदन भंग हो जाएगा, तो अगले चुनाव और कार्यवाहक सरकार की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बाद में, राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री की सलाह के अनुसार नेशनल असेंबली को भंग कर दिया है। पाकिस्तान के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री ने पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है।

इससे पहले, उपाध्यक्ष सूरी ने प्रधानमंत्री खान के खिलाफ विपक्ष द्वारा पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव को पाकिस्तान के संविधान और नियमों के खिलाफ बताते हुए खारिज कर दिया। सूरी ने विपक्षी सांसदों के जोरदार विरोध के बीच फैसला सुनाया, अविश्वास देश के संविधान और नियमों के अनुसार होना चाहिए। चूंकि यह कानून मंत्री द्वारा इंगित नहीं किया गया है, इसलिए मैं अविश्वास प्रस्ताव को अस्वीकार करता हूं। विपक्षी दलों द्वारा अध्यक्ष असद कैसर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद सूरी ने महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की। स्तब्ध विपक्ष ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने और नेशनल असेंबली को भंग करने की पूरी प्रक्रिया को संविधान के खिलाफ बताया। विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के परिसर को छोड़ने से इनकार कर दिया जो सुरक्षा कर्मियों द्वारा संरक्षित था। संसद में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ ने कहा, हम उपाध्यक्ष के फैसले और प्रधानमंत्री द्वारा संसद भंग करने की सिफारिश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने जा रहे हैं।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा, इमरान खान ने जो किया है वह कानूनों के खिलाफ है। हम अपने वकीलों से संपर्क कर रहे हैं। उपाध्यक्ष (शेष पेज 4)

प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के सभी निर्णय अदालती आदेश के अधीन होंगे

इस्लामाबाद (भाषा)। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल ने रविवार को कहा कि नेशनल असेंबली को भंग करने के संबंध में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति द्वारा शुरू किए गए सभी आदेश और कदम अदालत के आदेश के अधीन होंगे। न्यायाधीश बंदियाल ने साथ ही इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई एक दिन के लिए स्थगित कर दी।

प्रधान न्यायाधीश बंदियाल ने इस पूरी स्थिति पर संज्ञान लिया और तीन सदस्ईय पीठ ने सप्ताहांत के बावजूद प्रारंभिक सुनवाई की और राष्ट्रपति अल्वी और नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष सहित सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। अदालत ने सभी पक्षों को कोई भी असंवैधानिक कदम उठाने से बचने का आदेश दिया और मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं जानेमाने संवैधानिक अधिवक्ता सलमान अकरम राजा ने कहा, उपाध्यक्ष द्वारा अपनाई गई पूरी प्रक्रिया और नेशनल असेंबली को भंग करने के लिए प्रधानमंत्री की सलाह असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि पूरे विवाद पर उच्चतम न्यायालय फैसला करेगा।

नेपाल से भारत का रिश्ता सदियों पुराना: मुख्यमंत्री

वाराणसी में नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच हुई कई बिन्दुओं पर चर्चा

नेपाल के साथ भारत का रिश्ता सदियों से घरेलू रहा है। मां जानकी और अयोध्या का परस्पर संबंध तो बाबा विश्वनाथ तथा पशुपतिनाथ की समानता एक दूसरे को सदैव जोड़ कर रखी हुई है। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नेपाल के डेलीगेट्स के बीच बनारस के होटल ताज गंगेज में लगभग 45 मिनट तक चली बैठक के दौरान ये बातें योगी ने कहीं।

दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई। रामायण सर्किट व बौद्ध सर्किट को आकार देने पर भी दोनों के बीच देर तक मंथन हुआ। योगी ने कहा कि दोनों देशों के बीच अब विकास की डोर भी मजबूती के साथ जोड़नी हैं। नेपाल के बहुतायत लोग भारत आते हैं तो यहां के लोग भी नेपाल जाते हैं।

इसकी मुख्य वजह धार्मिक प्रगाढ़ता है। अब विकास के नजरिए से भी इसे आकार देना होगा। व्यापार, रोजगार के क्षेत्र में बहुत काम की जरूरत है। दोनों देशों के संबंध इससे मजबूत होंगे। आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने से दोनों देशों की बुनियाद (शेष पेज 4)

तृतीय चन्द्रघंटा

पिण्डजप्रवरारूढ़ा
चण्डकोपास्त्रकेर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं
चंद्रघण्टेति विश्रुता॥

शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं।

इंटरमीडिएट के प्रश्न पत्र लीक का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट के अंग्रेजी प्रश्न पत्र लीक होने में बड़ा खुलासा करते हुए बलिया पुलिस ने इस गिरोह के मास्टर माइंड निर्भय नारायन सिंह सहित 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अब तक 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रश्न पत्र लीक मामले में इस घटना के सूत्रधार किड़िहरापुर स्थित महाराजी देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सिकंदरपुर पुलिस ने भी प्रश्नपत्र लीक मामले में ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को एक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक मुनीन्द्र गुप्ता के साथ ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 30 मार्च को यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट के अंग्रेजी का पर्चा लीक हो गया था। इस मामले में यूपी पुलिस ने ताबड़-तोड़ तीन दर्जन से अधिक लोगों को अलग-अलग क्षेत्रों से गिरफ्तार किया था। इस (शेष पेज 4)

राज्यों की लोकलुभावन योजनाओं पर नौकरशाहों ने जताई चिंता

भाषा। नई दिल्ली

- प्रधानमंत्री संग बैठक में कहा, इन योजनाओं से श्रीलंका जैसा हो सकता है हाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वरिष्ठ नौकरशाहों के साथ बैठक में, कुछ अधिकारियों ने कई राज्यों द्वारा घोषित लोकलुभावन योजनाओं पर चिंता जताई और दावा किया कि वे आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं हैं और वे उन्हें श्रीलंका के रास्ते पर ले जा सकती हैं। यह बात सूत्रों ने रविवार को कही। मोदी ने शनिवार को 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने शिविर कार्यालय में सभी विभागों के सचिवों के साथ चार घंटे की लंबी बैठक की।

बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा और कैबिनेट सचिव राजीव गौबा के अलावा केंद्र सरकार के अन्य शीर्ष नौकरशाह भी शामिल हुए। सूत्रों ने कहा कि बैठक के दौरान, मोदी ने नौकरशाहों से स्पष्ट रूप से कहा कि वे कमियों के प्रबंधन की मानसिकता से बाहर निकलकर अधिशेष के प्रबंधन की नई चुनौती का सामना करें। सूत्रों ने कहा कि मोदी ने प्रमुख विकास परियोजनाओं को नहीं लेने के बहाने के तौर पर गरीबी का हवाला देने की पुरानी कहानी को छोड़ने और उनसे एक बड़ा दृष्टिकोण अपनाने के लिए कहा। कोविड-19 महामारी के दौरान सचिवों ने जिस तरह से साथ मिलकर एक टीम की तरह काम किया, उसका उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें भारत सरकार के सचिवों के रूप में कार्य करना चाहिए, न कि केवल अपने संबंधित विभागों के सचिवों के रूप में और उन्हें एक टीम के रूप में काम करना चाहिए।

उन्होंने सचिवों से प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देने और सरकार की नीतियों में खामियों पर सुझाव देने के लिए भी कहा, जिनमें वे भी शामिल हैं जो उनके संबंधित मंत्रालयों से संबंधित नहीं हैं। सूत्रों ने कहा कि 24 से अधिक सचिवों ने अपने विचार व्यक्त किए और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी प्रतिक्रिया साझा की, जिन्होंने उन सब को ध्यान से सुना। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री की सचिवों के साथ यह नौवीं बैठक थी। सूत्रों ने कहा कि दो सचिवों ने हाल के विधानसभा चुनावों में एक राज्य में घोषित एक लोकलुभावन योजना का उल्लेख किया जो आर्थिक रूप से खराब स्थिति में है।

उन्होंने साथ ही अन्य राज्यों में इसी तरह की योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि वे आर्थिक रूप से टिकाऊ नहीं हैं और राज्यों को श्रीलंका के रास्ते पर ले जा सकती हैं। श्रीलंका वर्तमान में इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। लोगों को ईंधन, रसोई गैस के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, आवश्यक चीजों की आपूर्ति कम है। साथ ही लोग लंबे समय तक बिजली कटौती के कारण हफ्तों से परेशान हैं। ऐसी बैठकों (शेष पेज 4)

सपा विधायक ने कहा: हमारी बंदूकों से धुआं नहीं, गोलियां निकलेंगी

भाषा। बरेली

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक शहजिल इस्लाम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा है कि अगर उनके (योगी के) मुंह से आवाज निकलेगी तो हमारी (सपा की) भी बंदूकों से धुआं नहीं, बल्कि गोलियां निकलेंगी। हालांकि बाद में उन्होंने सफाई देते हुए एक समाचार चैनल पर अपने बयान को संपादित करके जारी करने का आरोप लगाया है।

बरेली के भोजीपुरा से सपा विधायक द्वारा की गई टिप्पणी का वीडियो रविवार को वायरल हो गया। भोजीपुरा में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए शहजिल इस्लाम ने शुक्रवार को कहा था, पहले (2017-2022 तक) हमारे कम विधायक थे तो सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत भला बुरा कहा, बस मुंह से गाली नहीं दी, बाकी सारे क्रिया कर्म कर दिए, लेकिन अब हम लोगों की अच्छी संख्या है और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष हैं तो अब अगर योगी आदित्यनाथ अपशब्द कहेंगे तो हम लोग भी चुप बैठने वाले नहीं हैं। हम लोग करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐलान कर दिया है कि हम समाजवादी लोग सड़कों पर भी लड़ाई लड़ेंगे और सदन के अंदर भी सरकार से लड़ेंगे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि परेशान और निराश होने की जरूरत नहीं है। इस्लाम ने योगी की ओर इशारा करते हुए कहा, वे दिन चले गए जब उनकी तानाशाही चलती थी अब एक मजबूत विपक्ष सदन में मौजूद है। बाद में पीटीआई-भाषा से बात करते हुए, इस्लाम ने कहा, एक समाचार चैनल ने मेरे वीडियो को संपादित किया और फिर वायरल कर दिया। कार्यक्रम में मैंने कहा था कि एक मजबूत विपक्ष होने के नाते हर बात का जवाब मजबूती से देंगे, (उसी तरीके से) जिस तरीके (शेष पेज 4)

लखनऊ में खुलेगा यूपी का सबसे बड़ा निजी विवि: राजनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ में अपने दौरे के दूसरे दिन कहा कि चंडीगढ़ की तरह लखनऊ में यूपी का सबसे बड़ा निजी विवि खोला जाएगा। यह विवि डेढ़ सौ एकड़ से अधिक भूमि पर बनाया जाएगा। भूमि के चिन्हांकन पर काम हो रहा है। लखनऊ में पत्रकारों से एक बातचीत में उन्होंने कहा कि यह विवि यूपी का सबसे बड़ा विवि होगा और इसके लिए लखनऊ के आस-पास भूमि को लेकर सर्वे किया जा रहा है। जैसे ही भूमि का चिन्हांकन हो जाएगा विवि के निर्माण से जुड़ी अन्य प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने चंडीगढ़ के एक समूह ने इस विवि को खोलने में अपनी रुचि दिखाई है। रक्षामंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार मेक इन इंडिया के तहत सैन्य उपकरणों का स्वदेशी करण कर रही है जिसके क्रम में सात अप्रैल को 100 से भी अधिक सैन्य उपकरणों के स्वदेशीकरण किए जाने की घोषणा (शेष पेज 4)

बाजार

सेंसेक्स	59,276	
निफ्टी	17,670	
सोना	51,812	/10g
चांदी	67,047	/kg

क्विक न्यूज

यूरिया घोटाले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट खारिज

नई दिल्ली। सीबीआई को उस समय किरकिरी का सामना करना पड़ा, जब एक विशेष अदालत ने 1995 के यूरिया घोटाले से संबंधित एक मामले में सीबीआई द्वारा 22 साल की देरी से दायर क्लोजर रिपोर्ट को खारिज कर दिया। अदालत ने जांच एजेंसी के निदेशक से यह सुनिश्चित करने को कहा कि ऐसा घोर अन्याय दोबारा न हो। विशेष न्यायाधीश सुरिंदर एस राठी ने हाल ही में पारित आदेश में कहा कि मामले में सीबीआई द्वारा आखिरी बार तफ्तीश 1999 में की गई थी और यह स्पष्ट है कि जांच एजेंसी ने अब तक रिपोर्ट दबाए रखी। उन्होंने सीबीआई की प्रतिष्ठित भ्रष्टाचार निरोधक इकाई। के संयुक्त निदेशक को मामले की जांच करने और अपनी रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया।

मनीष गुप्ता हत्याकांड के आरोपी इंस्पेक्टर के अवैध मकान पर चला बुलडोजर

- चिनहट में बिना मानचित्र के बने तीन मंजिला मकान को किया गया ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कानपुर के प्रॉपर्टी डीलर मनीष गुप्ता हत्याकांड के मुख्य आरोपी इंस्पेक्टर जगत नारायण सिंह के चिनहट में अवैध रूप से बने मकान पर रविवार को एलडीए का बुलडोजर गरजा। मुख्य आरोपी इंस्पेक्टर के बिना नक्शा पास कराए बनाए गये तीन मंजिला भवन को रविवार को गिरा दिया गया है।

आरोप है कि यह मकान अवैध तरीके से बनाया गया है। जगत नारायण पर सितंबर 2021 में गोरखपुर के रामगढ़ ताल थाने में तैनाती के दौरान प्रॉपर्टी डीलर मनीष गुप्ता की पीटकर हत्या का मुकदमा दर्ज है। वर्तमान में वह जेल में बंद है। एलडीए के अधिकारियों के मुताबिक अपने रसूख का प्रयोग कर इंस्पेक्टर ने बिना नक्शा पास कराए ही मकान का निर्माण कराया था। लखनऊ विकास प्राधिकरण के जोन एक के प्रभारी अधिकारी अमित सिंह राठौर के मुताबिक (शेष पेज 4)

गंगा के आसपास पर्यटन नेटवर्क विकसित करने की योजना

भाषा। नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

सरकार हिंदुओं के बीच पवित्र मानी जाने वाली गंगा नदी के किनारे न केवल ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व के स्थलों को बढ़ावा देने बल्कि इसके आसपास के क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था के विकास के लिए एक पर्यटन नेटवर्क तैयार करने की योजना बना रही है। इस परियोजना पर काम कर रहे मंत्रालयों के अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि 2,520 किलोमीटर लंबी गंगा वाराणसी, हरिद्वार, प्रयागराज, कोलकाता, पटना, कानपुर और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों से होकर गुजरती है।

सरकार ने 2014 से अपने नमामि गंगे कार्यक्रम के माध्यम से नदी को साफ करने के लिए काफी धन खर्च किया है। नमामि गंगे को महत्वाकांक्षी योजना घोषित किया गया है और इसका परिव्यय बजट 20 हजार करोड़ रुपए है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, गंगा से जुड़े पर्यटन की बात की जाए तो इसके आसपास बहुत सारे ऐतिहासिक स्थान मौजूद हैं। चाहे वह रामायण हो या महाभारत, इसमें से बहुत सी घटनाएं गंगा से जुड़ी हैं। काशी और प्रयागराज ऐसे शहर हैं, जो पौराणिक व धार्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण हैं। अधिकारी ने कहा, इसके अलावा साड़ियां और विशेष व्यंजन इन क्षेत्रों के अद्वितीय उत्पाद हैं। हम इन सभी को एकीकृत कर आजादी का महोत्सव के तहत एक पर्यटन उत्सव आयोजित कर सकते हैं। हम ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए, हम इस बारे में सारी जानकारी प्रदान करेंगे, और पर्यटन विभाग इसपर काम कर रहा है। एनएमसीजी ने इस तरह के उत्सव का प्रस्ताव रखा (शेष पेज 4)

ईमानदारी से काम करने पर जनता भर देती है झोली: राजनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत ही ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं: रक्षा मंत्री

लखनऊ के सांसद और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को डीएवी कालेज में होली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उप्र के मुख्यमंत्री बहुत ही इमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। जब से हमारी केंद्र में सरकार आई है भारत का किस हद तक पूरी दुनिया में नाम बड़ा हुआ है। पहले विश्व में भारत के प्रति धारणा कमजोर थी पर अब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ बोलता है तो सारी दुनिया कान खोल कर भारत की बातों को सुनती है और गंभीरता से विचार करती है। रक्षामंत्री ने कहा कि पहले भारत के कई मामलों में दूसरों पर निर्भर रहता था पर अब आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। प्रधानमंत्री की कल्पना है कि भारत की धरती पर ही सारे सामान बनाने हैं और विदेशो को भारत में बने उत्पाद निर्यात करना है। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार 400 बिलियन डालर का निर्यात दुनिया के देशों में किया गया।

हमारे प्रधानमंत्री कहना है कि कोई टेक्नोलॉजी अगर हमारे पास नहीं है तो हम दुनिया के दूसरे देशों से कहेंगे अपनी तकनीक भारत में लाकर भारत की तकनीक से सामान को तैयार करो और भारत की धरती से उसको निर्यात करो। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया, पहले हम बहुत सारे सामान दुनिया के दूसरे देशों से मांगते थे अब भारत की धरती पर तैयार करेंगे। भारत आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। जनसामान्य में भाजपा की साख निरंतर बढ़ती जा रही है। राज्यसभा में 88 के बाद किसी भी राजनीतिक पार्टी को 100 सीटें राज्यसभा में नहीं थी यह अवसर भाजपा को प्राप्त हुआ है। संसद में हमारा बहुमत है और अब राज्यसभा में भी हमारा बहुमत हो गया है। कोरोना जैसी आपदा में प्रधानमंत्री ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, दुनिया के अधिकांश देश अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों ने हमारे कोरोना प्रबंधन की सराहना की। कोरोना का टीका भी हम भारत में बनाने लगे और दूसरे देशों को देने लगे। रूस और यूक्रेन में भारत की नीति की सराहना विपक्षी के साथ बहुत देश कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी तारीफकर रहे हैं। भाजपा के लिए आम जन मानस का समर्थन बढ़ता जा रहा है यह हमारे प्रधानमंत्री के द्वारा आम जनमानस के लिए कार्यों के कारण हो पाया है। उन्होंने कहा कि हम जब भी कभी पर्व मनाते हैं एक नई ऊर्जा का संचार होता है। भारत में जो पर्व त्यौहार मनाए जाते हैं वह आपसी भाईचारा पैदा करने के लिए मनाया जाता है। हर पर्व के पीछे बहुत बड़ा उद्देश्य होता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है 5 वर्ष के अंदर लोकतंत्र के लिए एक बहुत बड़ा पर्व लोग मनाते हैं। होली के 1 सप्ताह पहले लोकतंत्र का पर्व उत्तर प्रदेश की जनता ने मनाया है।

उप्र की जनता ने लोकतंत्र के अवसर पर उप्र और बीजेपी को केसरिया रंग में रंग दिया। इस होली के पर्व पर लग रहा था कि हर पिचकारी से निकलने वाला रंग केसरिया था। इसका श्रेय उत्तर प्रदेश की जनता को जाता है। आप जैसे कर्मठ कार्यकर्ताओं ने जनता तक मोदी और योगी के कार्य पहुंचाने का कार्य किया है। रक्षामंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। उत्तर प्रदेश के राजनीतिक इतिहास को देखें तो उत्तर प्रदेश में कोई भी राजनीतिक पार्टी लगातार दो बार सरकार बनाने में कामयाब नहीं हुई है पहली बार यह कामयाबी उप्र की जनता ने बीजेपी को दी है।

पांच राज्यों में चुनाव हुए थे जिसमें चार राज्यों में भाजपा की सरकार बनी। कोई भी ईमानदारी से काम करें तो इस देश की जनता उसकी झोली भर देती है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा हम सब कार्यकर्ता को रक्षामंत्री राजनाथ ने आगे बढ़ाने के लिए लखनऊ के लिए सैकड़ों कार्य किए है। देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में जितने कार्य नही हुए होंगे उससे अधिक कार्य लखनऊ में हुए है। पहले पूरे शहर में एक वाटर वर्क्स होता था अब दूसरे वाटर वर्क की आधारशिला भी रक्षा मंत्री के आशीर्वाद से होने वाली है। पहले एक सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भरवारा में होता था रक्षामंत्री ने चिंता की तो 1090 पर करोड़ों की लागत से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। लखनऊ की परिकल्पना रक्षामंत्री द्वारा ऐसी की है कि आने वाले कुछ दिनों में आप देखेंगे लखनऊ भारत ही नहीं पूरी दुनिया का नंबर एक शहर होने वाला है।

स्कूल चलो अभियान आज से सीएम करेंगे श्रावस्ती से शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

तकरीबन दो साल बाद राज्य सरकार स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ सोमवार से करने जा रही है। यह अभियान 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में चलाया जायेगा। अभियान का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद श्रावस्ती से करेंगे।

प्रदेश में शारदा कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन कर विद्यालयों में नामांकन किया जा रहा है, जिसमें अध्यापक, ग्राम प्रधान एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों का सहयोग लिया जा रहा है। आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 1.33 लाख स्कूलों को बुनियादी अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त किया जा रहा है। प्रदेश में कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत राजकीय, परिषदीय, सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खाते में नि:शुल्क यूनिफार्म, स्वेटर, जूता.मौजा एवं स्कूल बैग की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरित किये जाने की व्यवस्था लागू है। सभी राजकीय, परिषदीय, सहायतित विद्यालयों एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक सभी बालक-बालिकाओं को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं कार्यपुस्तिका वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में प्री-प्राइमरी पर समुदाय जागरूकता हेतु हमारा आँगन-हमारे बच्चे, विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में 6 से 14 आयु वर्ग के समस्त दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापरक समावेशी शिक्षा प्रदान की जा रही है। दृष्टि दिव्यांग बच्चों हेतु ब्रेल पाठ्यपुस्तकें तथा अल्प दृष्टि दिव्यांग बच्चों हेतु इलाज पाठ्यपुस्तकों की व्यवस्था की गयी है तथा गम्भीर रूप से दिव्यांग बालिकाओं हेतु स्टाइपेन्ड दिया जा रहा है। कक्षा 1 से 3 में अध्ययनरत समस्त दिव्यांग बच्चों को हिन्दी भाषा एवं गणित विषय की सुगम्य वर्कशीट्स का वितरण किया गया है।

बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में गांव-गांव पहुंचा पीने का पानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 59202 से अधिक घरों को दिये पानी के कनेक्शन और 236808 से ज्यादा लोगों को मिलना शुरू हुआ लाभ

बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में इस गर्मी स्वच्छ पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में मिलने लगा है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने युद्ध स्तर पर हर घर नल योजना का लाभ सैकड़ों गांव तक पहुंचाया है। नतीजतन अब गांव-गांव में घर-घर तक टैप से पीने के पानी मिल रहा है।

सरकार के प्रयासों से पानी की किल्लत से जूझने वाले बुंदेलखंड के 7 और विंध्य के 2 जिलों में लाखों लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। अब तक 59202 से अधिक घरों तक पानी के कनेक्शन दे दिये गये हैं और 236808 से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिला है। बुंदेलखंड और विंध्य में कई पुरानी योजनाओं को भी नए सिरे से शुरू किया गया है। रेट्रोफिटिंग की इस योजना से 102445 से अधिक घरों तक पानी सप्लाई दी जा रही है। सरकार ने बड़ी तेजी से काम करते हुए 60,000 से अधिक गावों में योजना के तहत जल आपूर्ति संबंधी कार्य पूरे कराए हैं जिसके चलते पानी से वंचित रहने वाले इलाकों की सूरत आज बदल चुकी है।

कभी पानी के त्राहिमाम करने वाले बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की हर घर नल से जल योजना नई कहानी बन गई है। लोग अब वो दिन भूल गये हैं जब बूंद-बूंद पानी के लिए उनको कई मील दूर जाना पड़ता था। सरकार के प्रयासों से विभाग ने झांसी में 1037 से अधिक घरों में पानी के कनेक्शन पहुंचा दिये हैं। ललितपुर में 5414, जालौन में 5203, हमीरपुर में 5779, बांदा में 9658, चित्रकूट में 2902 और महोबा में 11279 से अधिक घरों तक पानी के कनेक्शन दे दिये गये हैं। मिर्जापुर में 17930 और सोनभद्र में 321403 से अधिक परिवारों तक फंक्शनल हाउस होल्ड कनेक्शन का लक्ष्य को भी तेजी से पूरा करने में विभाग के अधिकारी जुटे हैं।

बुंदेलखंड ओर विंध्याचल के 9 जिलों में पुरानी योजनाओं को नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने बड़ी तेजी से पूरा किया है। विंध्य के मिर्जापुर और सोनभद्र की स्थिति बदल गई है। मिर्जापुर में 62 में से 59 रेट्रोफिटिंग योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 24150 से अधिक परिवारों को शुद्ध पानी मिल रहा है। सोनभद्र में 10974 से अधिक घरों तक पानी के कनेक्शन हो चुके हैं। जालौन में 9156, झांसी में 20969, ललितपुर में 1450 महोबा में 11966 से अधिक परिवारों को लाभ मिलना शुरू हो चुका है। हमीरपुर में 10554 और चित्रकूट में 835 से अधिक परिवारों तक पानी के कनेक्शन पहुंचा दिये गये हैं। बांदा में 12391 से अधिक घरों तक पानी कनेक्शन दिये गये हैं।

बुंदेलखंड और विंध्य के आर्सेनिक से प्रभावित इलाकों में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए 26900 से ज्यादा घरों में पेयजल आपूर्ति शुरू कराई है। योजना से 107600 से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। जालौन में 2 ऑनगोइंग योजनाओं से 1189 से अधिक घरों तक पानी कनेक्शन दिये गये तो झांसी में 2400, ललितपुर में 5184, महोबा में 5062 से अधिक घरों तक पानी कनेक्शन पहुंचा दिये गये हैं। हमीरपुर में 1686, चित्रकूट में 1219, बांदा में सबसे अधिक 4596 परिवारों तक पानी कनेक्शन दिये जा चुके हैं। मिर्जापुर में 617 और सोनभद्र में ऑनगोइंग स्कीम से 10000 से अधिक घरों तक पानी कनेक्शन पहुंचाए गए हैं।

आर्सेनिक व संचारी रोगों से प्रभावित गांवों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें: स्वतंत्र देव

● जलशक्ति मंत्री ने नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के साथ प्रदेश भर के ग्रामीणों के मोबाइल पर अब गूंजेगा संदेश 'बधाई हो आपके घर पहुंचेगा शुद्ध पानी'। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अब ग्रामीणों को उनके मोबइल पर यह जानकारी देगा। इसके निर्देश प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को अफसरों को दिये। जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बरसात से पहले आर्सेनिक और संचारी रोगों से प्रभावित गांव को प्राथमिकता के आधार पर लेकर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही अधिकारी योजना वाले जनपदों में रात्रि विश्राम करें। इसकी लिस्ट जल्द तैयार करने के उन्होंने निर्देश दिये। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को जल निगम सभागार में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हमें अथक परिश्रम से विभाग की छवि को बदलना है। अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सब मेरे परिवार का हिस्सा हैं। मेरे दरवाजे सभी के लिए 24 घंटे खुले हैं। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों ओर कर्मचारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमको हर घर नल योजना के जरिये गरीबों के घर तक स्वच्छ पेजयल पहुंचाने का सौभाग्य दिया है। हमें इस अवसर से चूकना नहीं चाहिये। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर वख्त परिश्रम करने को तैयार हूं। विभागीय बैठक में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि योजनाओं की रफ्तार और गुणवत्ता में अगर किसी तरह का रोड़ा आ रहा है तो अफसर मुझे बताएं। मैं तत्काल उसका समाधान करूंगा। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, अधिशाषी निदेशक ग्रामीण जलापूर्ति अखंड प्रताप सिंह सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कांग्रेस ने सदस्यता अभियान 15 अप्रैल तक बढ़ाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ नए कलेवर और तेवर के साथ पुन: सदस्यता अभियान में जुट गई है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में सदस्यता अभियान की तिथि को 15 अप्रैल तक आगे बढ़ा दिया गया है। इस परिपेक्ष में आज उत्तर प्रदेश मीडिया हाल में प्रदेश के जिला शहर अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों के साथ संगठन के समस्त राष्ट्रीय सचिव एवं सहायक चुनाव अधिकारी हर्ष चौधरी ने बैठक करके आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी प्रदेश में व्याप्त समस्याओं और मुद्दों को लेकर अपने मजबूत संगठन ढांचे को लेकर काफी गंभीर है। कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में व्याप्त बेरोजगारी, महंगाई समेत जनता को परेशान करने वाले मुद्दों को लेकर चुप बैठने वाली नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी अपने कील कांटों को दुरुस्त कर पूरे उत्साह के साथ जनता के बीच जल्दी सड़कों पर उतरेगी। कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन और जनसंघर्ष के लिए बूथ स्तर पर और न्याय पंचायत स्तर पर अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर सदस्य अभियान चला रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित इस आवश्यक बैठक को राष्ट्रीय सचिव जुबेर खान, धीरज गुर्जर, मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय सचिव बाजीराव, सत्यनारायण पटेल, रोहित चौधरी, मीडिया के वाइस चेयरमैन पंकज श्रीवास्तव, संगठन महासचिव दिनेश सिंह आदि ने संबोधित किया।

टीईटी परीक्षा लीक मामले में एक और वांछित गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एसटीएफ ने टीईटी परीक्षा लीक मामले में थाना कोतवाली शामली में दर्ज मुकदमें में वांछित अजय उर्फ बबलू को शामली से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार 28 नवंबर 2021 को 75 जनपदो में कुल 273 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 होनी थी। इस परीक्षा में पर्चा लीक मामले में कई लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मामले में थाना कोतवाली शामली में दर्ज मुकदमें धर्मेन्द्र, पवॉर उर्फ बन्टी, मनीष मलिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था जबकि 29 नवंबर को राहुल चौधरी को बड़ौत बागपत, 30 नवंबर को गौरव कुमार टप्पल अलीगढ़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अभियुक्त अजय वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे थे। अभिसूचना संकलन के दौरान एसटीएफ टीम मेरठ को जानकारी मिली कि अजय टिकैत तिराहा शामली के पास मौजूद है जो कहीं जाने की फिराक में है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने आईसीआईसीआई बैंक के पास टिकैत तिराहे की ओर थाना क्षेत्र कोतवाली शामली के पास से आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त अजय ने संक्षिप्त पूछताछ पर बताया कि 28 नवंबर 2021 को होने वाली यूपी टीईटी की परीक्षा की प्रथम पाली का पेपर मोनू निवासी झाल द्वारा किसी से लाखों रूपये में खरीदा था तथा उसने मुझे कहा था कि जो अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने वाले हैं ऐसे अभ्यर्थियों से सम्पर्क कर यूपी टीईटी की परीक्षा पेपर पढ़वाने के लिए 50-50 हजार रूपये में बात तय कर लो। इस पर मैने 50-50 हजार रूपये लेकर 14-15 छात्रों को मोनू के पास पेपर पढ़ने के लिए भेजा था। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना कोतवाली शामली पर दाखिल किया गया।

सपा प्रतिनिधिमण्डल कल जाएगा चंदौली

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमण्डल 5 अप्रैल कोजनपद चंदौली जाएगा। प्रतिनिधिमण्डल चंदौली जनपद के चकिया थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर गांव में आगजनी की घटना की जांच और पीड़ित परिवारों से मिलकर सांत्वना देगा। समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल में प्रभुनारायण सिंह यादव विधायक, राम किश्न पूर्व सांसद, सत्य नारायण राजभर जिलाध्यक्ष चंदौली, सुधाकर मौर्या राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, जितेन्द्र कुमार एडवोकेट प्रत्याशी विधानसभा चकिया तथा गार्गी पटेल जिलाध्यक्ष महिलासभा चंदौली शामिल होंगी। स्मरणीय है कि समाजवादी पार्टी द्वारा यह मामला उठाने पर ही सरकार चेती अन्यथा भाजपा को जनता की पीड़ा से कोई परेशानी नहीं होती है। भाजपाइयों की भोजन के बाद विश्राम की आदत है।

आरएसएस के एजेण्डे को ही पूरा करने का काम करती है भाजपा :अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की दूसरी पारी में भी उत्तर प्रदेश को अपराध प्रदेश बनाने की प्रक्रिया चालू है। भाजपा का मातृ संगठन आरएसएस है और वही अपना नियंत्रण रखता है। इसका एजेण्डा ही है समाज में तनाव पैदा हो और जनता सुखचैन की जिंदगी बसर न कर सके। भाजपा आरएसएस के एजेण्डे को ही पूरा करने का काम करती है। वह उत्तर प्रदेश में अराजकता और अव्यवस्था को इसीलिए बढ़ावा देती है ताकि लोग असुरक्षा में तनावपूर्ण जिंदगी जीने को बाध्य हों। अखिलेश ने कहा कि गाजियाबाद, बुलन्दशहर, आगरा में दिन दहाड़े लूट की घटनाएं हो रही है। झूठे भाषणों से भाजपा अपनी नाकामियां ढ़कने का काम कर रहे हैं लेकिन सच को कब तक छुपाएंगे, जनता जानती है कि सत्ता संरक्षित अपराधी ही जब प्रदेश में खुलेआम वारदातें कर रहे हैं तो उन पर लगाम कौन लगाएगा। भाजपा के राज में बेकारी, बदहाली और बेरोजगारी से तो आर्थिक असुरक्षा है ही अब तो जो कुछ पैसा लोगों के बैंक में बचा भी है वो या तो बैंक के बाहर या अंदर लूट लिया जा रहा है। लॉकर तक से चोरी हो रही है। अब जनता बैंक लॉकर में रखे जरूरी कागजात और जेवर की सुरक्षा को लेकर भी बेहद चिंतित है। गाजियाबाद में पुलिस की नाक के नीचे से हुई पंजाब नेशनल बैंक में लूट की वारदात सांठगांठ की घंटी बजा रही है। बैंक से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित कोतवाली फिर भी 20 मिनट देरी से पहुंची पुलिस। बैंक में 15 मिनट रहे लुटेरे और 2 पुलिस चौकियों के बीच से आराम से लुटेरे लूट के कई लाख रुपए लेकर फरार हो गए। अछनेरी मंडी में ग्यारह महीनों में दो बैंकों में लूट की घटनाएं हुई। 72 घंटे में लूट और 24 घंटे में चोरीए जाहिर है योगीराज में अपराधी पूरी गर्मी दिखा रहे हैं। तीन माह में बैंकों में 30 लूट की घटनाएं हुई। गाजियाबाद पूरी तरह अपराधियों के हवाले हो गया है। बुलन्दशहर के उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक में बीस लाख की डकैती पड़ गई। आगरा में व्यापारी से दिनदहाड़े लाखों की लूट हुई। एक रात में श्रीनगर महोबा के गरीबों के दस घरों का माल लेकर चोर फरार हो गए। राजधानी लखनऊ में भी हत्या, लूट की वारदातें थम नहीं रही है।

सपा प्रमुख ने रमजान पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुस्लिम भाईयों को रमजान पर्व की बधाई देते हुए कहा है कि रमजानुल मुबारक माह में दूसरे लोगों से हमदर्दी और सब्र की सीख मिलती है। इस माह में अल्लाह अपनी रहमतों और बरकतों की बारिश करता है। अखिलेश यादव ने कहा है कि रमजान का मकसद बुराईयों से बचना और नेकियों पर चलना भी है। इसलिए रमजान को नेकियों का मौसम.ए.बहार भी कहा जाता है। पैगम्बर मोहम्मद साहब की शिक्षा और उनके सन्देश को याद करने का यह अवसर है। उनके जीवन से समानता व भाईचारे की शिक्षा लेना और उनके बताए मार्ग पर चलना हमारी जिम्मेदारी बनती है।

तीन हफ्ते में होगी तीन लाख टीबी के सैम्पल की जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

प्रदेश को वर्ष 2025 से पहले क्षय मुक्त बनाने के दृढ़ संकल्प को पूरा करने में स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से जुट गया है। इसके तहत प्रदेश के करीब 14000 आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए तीन हफ्ते का विशेष अभियान चलाकर तीन लाख टीबी के सैम्पल की जांच का लक्ष्य स्वास्थ्य विभाग ने तय किया है। इस काम में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की मदद में ग्राम प्रधान, आशा, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी, एएनएम और क्षेत्र के टीबी चैम्पियन को भी लगाया गया है।

प्रदेश के हर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को क्षय रोगियों के चिन्हीकरण, जाँच, उपचार, एडहेरेंस, निक्षय पोषण योजना के तहत डीबीटी, काउंसिलिंग और मनोसामाजिक सहयोग प्रदान करने का बड़ा जिम्मा सौंपा गया है । इसके लिए विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च से 13 अप्रैल तक 21 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के बारे में अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद प्रदेश ने सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जरूरी निर्देश जारी कर दिया है। इसके तहत आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के संभावित मरीजों की सूची एएनएम को देंगी और एएनएम सैम्पल लेकर नजदीकी जाँच केंद्र को भेजेंगी। अगर कोई व्यक्ति केंद्र पर जाकर सैम्पल देना चाहता है तो उसमें भी मदद करेंगी। सीएचओ दैनिक आधार पर इन मरीजों की सूचना को संकलित करेंगे और सैम्पल की रिपोर्ट को अपडेट करेंगे। टीबी की पुष्टि जिन मरीजों में होगी उनको उपचार के लिए सीएचओ प्रेरित करेंगे और मरीज की सूचना को सेंटर पर सुरक्षित रखेंगे। हर जिले को आबादी के अनुपात में सैम्पल कलेक्शन का लक्ष्य तय किया गया है। सीएमओ स्तर से जनपद को आवंटित लक्ष्य को जिले के सभी चिकित्सालयों जैसे जिला,संयुक्त चिकित्सालय, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान भारत.हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के मध्य आवंटित किया जाए ।

ऐसे होगा लक्ष्य पूरा

माइक्रोस्कोपी जाँच में धनात्मक पाए गए मरीजों का सैम्पल सेन्सटीविटी जाँच के लिए सीएचओ नजदीकी केंद्र पर भेजेंगे। इसके साथ ही धनात्मक पाए गए मरीजों को सीएचओ फर्स्ट लाइन उपचार की दवा भी मुहैया कराएँगे। यह सूचनाएँ दैनिक आधार पर ब्लाक से लेकर राज्यस्तर को मुहैया करायी जायेंगी। सीएचओ अपने क्षेत्र के तीन उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का चयन करेंगे, जिनमें वह क्षेत्र शामिल होंगे जहाँ पिछले दो साल में सर्वाधिक क्षय रोगी या कोविड संक्रमित चिन्हित हुए हों या जो क्षेत्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से दूरस्थ हैं। ऐसे क्षेत्रों में कैम्प भी लगाये जायेंगे जिसकी सूचना आशा कार्यकर्ता घर.घर जाकर तीन दिन पहले देंगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग कैम्प में पहुँच सकें। आशा और एएनएम उन लोगों को कैम्प तक लाने में भी सहयोग करेंगी जिन्हें दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी आ रही हो, बुखार बना रहता हो, वजन में कमी आ रही हो, रात में पसीना आता हो। ऐसे चिन्हित लोगों का कैम्प स्थल पर दो सैम्पल एक घंटे के अंतराल पर लिए जायेंगे। सैम्पल की रिपोर्ट के बारे में 24 घंटे में सीएचओ और आशा को अवगत करा दिया जायेगा। जाँच के बाद चिन्हित क्षय रोगियों को समीप के सीएचसी,पीएचसी के चिकित्सक द्वारा परीक्षण के बाद तय रेजिमेन के अनुसार उपचार शुरू किया जायेगा। पहले सात दिन की दवाएं सीएचसी,पीएचसी से देते हुए शेष औषधियां सम्बन्धित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को सौंप दी जाएगी । सीएचओ क्षेत्र की आशा को हर माह की दवाएं सौंपेंगे और ट्रीटमेंट, एडहेरेंस और एडवर्स इवेंट की मानिटरिंग की जाएगी।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मै, राकेश कुमार पुरी पुत्र स्व. रोशन लाल पुरी निवासी सी– 455 इंदिरा नगर लखनऊ –16, मैंने अपना नाम राकेश कुमार पुरी से परिवर्तित कर राकेश पुरी कर लिया है। भविष्य में मुझे राकेश पुरी के नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

शुभम्

शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज–4, गुड़गांव–122015 (हरियाणा)
फोन : 0124–4212530/31/32, ई–मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) के तहत सूचना

आपको सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय, डी–305, ग्राउण्ड फ्लोर, सर्वोदय एन्क्लेव, नई दिल्ली–110017 (इसमें आगे 'एसएचडीएफसीएल' कही गई है) द्वारा आपका ऋण खाता एनपीए घोषित किया गया है तथा आप अपने ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एसएचडीएफसीएल को करने हेतु जिम्मेदार हैं। आप उपरोक्त राशि पर संविदा दर पर भावी ब्याज तथा अनुषंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि का भी भुगतान करने हेतु जिम्मेदार हैं। अतएव, हम एतद्द्वारा आपसे अपनी पूरी देयताओं का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर एसएचडीएफसीएल को करने की मांग करते हैं, जिसमें असफल रहने पर, एसएचडीएफसीएल को अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार होगा। कर्जदारों तथा प्रत्याभूत आस्तियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या कर्जदार(रों) का नाम	आवेदक का पता	मांग सूचना राशि एवं तिथि	सुरक्षित सम्पत्ति
1.	0ALB1906000005020571 शैलेश कुमार वर्मा, संजू देवी वर्मा	122, 93, मलका राज बैरहाना शिव पार्क, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश – 211003	रू. 3,20,375/– एवं 25.03.2022	मकान नंबर 122/93, मलकाराज परगना और तहसील –सदर, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश – 211003
2.	0LKW1809000005014808 राजेन्द्र कुमार, ममता, पदम सिंह	11/323, विकास नगर, लखनऊ, निकट टाटा मोटर्स, लखनऊ उत्तर प्रदेश – 226002	रू. 8,34,681/– एवं 25.03.2022	मकान नंबर केएलपी/652/42, कन्हाई लाल का पुरवा वार्ड शंकर पुरवा, तहसील और जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश – 226001
3.	0LKW1801000005010217 संतोष कुमार गुप्ता, गुड़िया	शक्ति रेजीडेंसी फ्लैट नंबर 505, चक मल्हारी विन्हट लखनऊ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे, लखनऊ उत्तर प्रदेश – 226001	रू. 21,91,188/– एवं 25.03.2022	मकान नंबर ए–9, खसरा/गाटा नंबर 19 का पार्ट/मिनजुमला, क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट, ग्राम बाघामऊ, तहसील और जिला मुरादाबाद लखनऊ उत्तर प्रदेश – 226001
4.	0LKW1704000005005304 मोहम्मद राशिद, मुमताज जहां	फरीदीपुर दुबग्गा लखनऊ फरीदीपुर पुलिस चौकी, लखनऊ उत्तर प्रदेश – 226003	रू. 2,92,378/– एवं 25.03.2022	प्लॉट नंबर 29–बी मिन्ज पर मकान, खसरा नंबर 235, भूहर, लखनऊ उत्तर प्रदेश – 226001

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 03–04–2022

प्राधिकृत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्

लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन जालसाज गिरफ्तार

● प्रीमियम जमा कराने के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोप, आरोपियों के पास से बरामद हुआ 2.75 लाख मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी के ग्राहकों का डेटा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एसटीएफ ने फर्जी काल सेन्टर का भण्डाफोड़ करते हुए मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी के नाम पर धोखाधड़ी करके लगभग 200 लोगों से प्रीमियम जमा कराने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना सहित तीन जालसाज को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग 2.75 लाख मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी के ग्राहकों का डेटा बरामद हुआ है। गिरोह के सरगना अंकित सिंह व प्रिया सिंह पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी लखनऊ द्वारा 10000-10000 रूपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त अंकित सिंह निवासी रायबरेली, प्रिया सिंह डलमऊ रायबरेली और अनुज गौड़ कैसरगंज बहराइच को अवधपुरम सोसाइटी कुर्सी रोड लखनऊ से गिरफ्तार किया है। इनके पास से चेकबुक, पास बुक, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, फिंगर स्कैनर मशीन बरामद हुई है। एसटीएफ को विभिन्न इंश्योरेस कम्पनियों के ग्राहकों को फोन करके प्रलोभन देकर उनसे ठगी किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी। एसटीएफ की साइबर टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। ज्ञात हुआ कि मैक्स लाइफ इन्श्योरेंस कम्पनी के ग्राहकों से ठगी करने वाले गिरोह के विरूद्ध थाना विभूतिखण्ड पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में एक मामला पंजीकृत है।

उपरोक्त मुकदमें के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं इस तरह से ठगी करने वाले गिराहों के बारे में अभिसूचना संकलन के कार्यवाही की जा रही थी तभी विशेष स्रोतों से जानकारी हुई कि मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी के नाम पर धोखाधड़ी करके लगभग 200 लोगों से प्रीमियम जमा कराने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना अंकित सिंह व प्रिया सिंह लखनऊ में मैजूद हैं। इनके गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त पूर्वी लखनऊ द्वारा 10000-10000 का पुरस्कार घोषित किया गया है। यह लोग फर्जी नाम पते पर एक्टीवेटेड सिम कार्ड की भारी मात्रा में खरीददारी करने के लिए एजेन्ट से मिलने वाले है। इस सूचना पर एसटीएफ की एक टीम द्वारा विभूतिखण्ड पुलिस को साथ लेकर उक्त गिरोह के सरगना सहित 3 व्यक्तियों को अवधपुरम सोसाइटी कुर्सी रोड लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया। उपरोक्त गिरोह के सरगना प्रिया सिंह व अंकित सिंह ने पूछताछ में बताया कि 2017 में हम दोनों लखनऊ के एक फेक काल सेन्टर में काम करते थे। जिसमें में कालिंग व अंकित फर्जी बैंक एकाउन्ट खोलने व एटीएम से रूपये निकालने का काम करता था। एक व्यक्ति से ठगी के मामले में थाना कृष्णा नगर लखनऊ के एक मुकदमें में अंकित व कालसेन्टर संचालक जेल गये थे। अंकित की 3 माह बाद जमानत हो गयी। इसके बाद हम दोनों ने वर्ष 2019 में घर से ही ठगी करना शुरू कर दिया। हम लोग पहले वाले फर्जी काल सेन्टर से डेटा चुराकर लाए थे। इसके बाद वर्ष 2020 से मालवीय नगर नियर अपेक्स सर्किल ओके प्लस बिल्डिग में फर्जी काल सेन्टर चला रहे है।

हम लोग मैक्स लाइफ इन्श्योरेन्श कम्पनी के ग्राहकों को काल कर बताते है कि हम मैक्स लाइफ इन्श्योरेन्स कम्पनी से बोल रहे है। एक स्कीम के तहत कम्पनी ने कुछ लकी कस्टमर के प्रीमियम के आनलाइन भुगतान पर 10 प्रतिशत का प्रीमियम घटाकर जमा करने में आपका नाम लकी कस्टमर में आया है और उनको फर्जी नाम पते पर खोले गए बैंक खाते देकर जाल साजी कर धोखे से रूपये ट्रांसफर करा लेते है। अब तक हम लोगों द्वारा लगभग 120 फर्जी बैंक खाते दीपक, दीपक रजक, अजय चौधरी, सूरज मीना आदि के नाम से खोलकर लगभग 200 लोगों से लगभग 1 करोड़ रूपये जमा करवाये है। फर्जी नाम पते पर खोले गये खाते अंकित ही मैनेज करता है। फर्जी आईडी पर अब तक लगभग 200 सिम अंकित ने खरीदा है। हम लोगों ने इस काम में लगभग 100 मोबाइल फोन प्रयोग किये है। जिस मोबाइल नम्बर से काल की जाती है पेमेन्ट हो जाने के बाद उस सिम और फोन तोड़कर फेंक दिया जाता है। फर्जी नाम-पते पर सिम कार्ड देने में अनुज गौड़ मदद करता है जो वोडाफोन आईडिया कम्पनी में सिम कार्ड प्रमोटर के पद पर कार्यरत है और मुन्शी पुलिया के सामने कैनोपी लगाकर सिम बेचता है। कभी कभी देहात क्षेत्र में भी सिम एक्टीवेट करने जाता है जो लोग कम पढ़े लिखे होते है उनके नाम पर एक ही आईडी पर कई सिम एक्टिव कर देता है और उनको एक दे कर बाकी ब्लैक में हम लोगों को 400 से 500 रूपए में दे देता है।

इस गिरोह का जाल जयपुर व लखनऊ में फैला हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्तो की अन्य आपराधिक गतिविधियो के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। प्राप्त डेटा का फारेन्सिक आडिट कराया जायेगा। डेटा ब्रीच कहाँ से हुआ है। इसकी जानकारी की जा रही है। कम्पनियों का डेटा हैंकिंग या किसी कर्मचारी के माध्यम से प्राप्त हुआ है। इस सम्बन्ध मे भी जॉच की जा रही है। फर्जी बैंक एकाउन्ट किस प्रकार से खाले गये बैंक कर्मियों की मिलीभगत के सम्बन्ध मे भी जॉच की जा रही है। इसके अतिरिक्त इन्श्योरेन्स कम्पनी के इन्फारमेशन सिक्योरिटी पॉलिसी, आडिट की विधिवत जॉच की जायेगी ताकि डाटा ब्रीच कहाँ से हुआ है इसकी जानकारी प्राप्त हो सके।

लॉ फैकल्टी व्हाट्सअप ग्रुप के जरिए दूर करेगी छात्रों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के सीमा विस्तार के बाद जुड़े चार जिलों को देखते हुए विधि पाठ्यक्रम संचालित स्कूलों और उनके छात्रों की समस्सएं व्हाट्सअप ग्रुप के जरिए दूर होगी। इस ग्रुप से फायदा यह होगा कि कालेजों के साथ ही छात्रों को भी अनावश्यक भागदौड़ से निजात मिलेगी। ग्रुप में जुड़ने लिए कालेजों को विवि से एप्रूव्ड एक शिक्षक सहित दो छात्रों के नाम भेजने होंगे। जिससे उनका नाम जोड़ा जा सके। छात्रों के नाम के आगे उनके सेमेस्टर का जिक्र करना अनिवार्य है। विधि से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण को लेकर विवि के विधि संकाय स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में संकाय के दो शिक्षकों के अलावा पांच छात्र और प्रशासनिक विभाग के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। जबकि ग्रुप का मार्गदर्शन विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो चंद्र प्रकाश सिंह करेंगे। व्हाट्सअप ग्रुप को लेकर विधि संकाय के डीन प्रो सीपी सिंह का कहना है कि ग्रुप के जरिए कालेज और छात्र से संबंधित समस्या का निस्तारण सरलता से समयबद्ध अवधि में कराया जा सकता है। बहुत से कालेज लखनऊ विश्वविद्यालय से इतनी दूर है कि छात्र को वहां से विश्वविद्यालय तक पहुंचने के लिए अधिक दूरी तो तय करनी ही पड़ेगी साथ में छात्र पर आर्थिक बोझ भी पड़ेगा। यह भी जरूरी नहीं है कि छात्र का काम एक ही बार में हो जाए इसलिए छात्रों की समस्याओं के निराकरण हेतु इस ग्रुप का गठन किया जा रहा है।

घसियारी मण्डी स्थित काली मन्दिर में नवरात्र पर पूजन-अर्चन करते भक्तगण।

यूजी विद रिसर्च पूरा करने वाले छात्रों को एक वर्ष में मिलेगी पीजी की डिग्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अब नई शिक्षा नीति के अनुरूप एक वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम बनाने की क़वायद शुरू कर दी है । कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने इसका प्रारूप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन, डीन कला संकाय. प्रो प्रेम लता सुमन, डीन अकादमिक प्रो राकेश चंद्रा, डीन शोध प्रो राजीव पांडे, प्रो पीयूष भार्गव तथा प्रो रचना मज्जू शामिल है।

लखनऊ विश्वविद्यालय देश का पहला विश्वविद्यालय है जिसने नई शिक्षा नीति 2020 को अपने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मे सत्र 2020-21 से ही समावेशित कर लिया। फ़्लेक्सिबल एंट्री एवं एग्जिट के प्रस्ताव के अनुरूप पिछले दीक्षांत समारोह में पीजी पाठ्यक्रम से एक वर्ष पश्चात एग्जिट करने वाले छात्र को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा देकर लखनऊ विश्वविद्यालय का पहले ही धरातल पर क्रियान्वयन कर चुका है। परास्नातक पाठ्यक्रम में छात्र मूल्य वर्धक पाठ्यक्रम के साथ साथ इंटर्निशिप तथा मास्टर थीसिस भी कर रहे हैं और उनको ऑनलाइन पाठ्यक्रम लेने तथा अपने या अन्य विभागों के इलेक्टिव पेपर लेने का भी मौक़ा दिया गया है। वे इसके साथ ही एक वर्ष की पढ़ाई पूरी करके पीजी डिप्लोमा प्राप्त करके निकल सकते हैं जो कि नई शिक्षा नीति 2020 की महत्वपूर्ण संस्तुतियों में से एक है। स्नातक स्तर पर भी नयी शिक्षा नीति के अनुरूप चार वर्षीय पाठ्यक्रम तैयार कर सत्र 2021-22 से ही लागू किया जा चुका है। यह पाठ्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है जिसमे पढ़ाई के साथ ही साथ कौशल विकास पर भी ज़ोर दिया गया है। इसके तहत छात्र इंटर्नशिप तथा रिसर्च प्रोजेक्ट का भी लाभ उठा सकेंगे। पाठ्यक्रम में फ़्लेक्सिबल एंट्री एग्जिट का मौक़ा भी दिया गया है जिससे सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पूरा ना कर पाने वाले छात्रों को भी सर्टिफ़िकेट, डिप्लोमा आदि मिल सकेगा। जो छात्र चार वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर तीन वर्ष उपरांत निकलना चाहेंगे उन्हे यूजी डिग्री मिलेगी तथा चार वर्ष का कोर्स पूरा करने पर यूजी विद रिसर्च के साथ की डिग्री दी जाएगी। यूजी विद रिसर्च पूरा करने वाले छात्र केवल एक साल में ही परास्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकते हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

लखनऊ। राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। वहीं पारा इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत हो गयी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। राममनोहर लोहिया अस्पताल से सुशांत गोल्फ सिटी थाने पर एक मेमो आया कि छोटा भरवारा गोमतीनगर निवासी कौशल कुमार गौतम 35 को मृत अवस्था में लाया गया था। जिनका सिंगनेचर बिल्डिंग के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी थी। पुलिस ने बताया कि मृतक के एक पुत्र और एक पुत्री है और वह राज मिस्त्री का काम करता है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। लालपुर पारा निवासी पूजा गौतम ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिया कि उनके पति अविनाश कुमार उर्फ सुरेश कुमार 46 इलाके में स्थित रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक बिजली मिस्त्री था।

12 से 14 साल के बच्चों के शत प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर प्रारूप तैयार

लखनऊ। 12 से 14 वर्ष के बच्चों के शतप्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने प्रारूप तैयार कर लिया है। इस मसले पर सोमवार को एक बैठक के जरिए मूर्त रूप देने की कोशिश की जाएगी। इस बैठक में स्कूलों की सूची तैयार कर टीकाकरण अभियान की तारीख तय होगी। जिससे जल्द स्कूलों में टीकाकरण शुरू किया जा सके। राजधानी के एक लाख 94 हजार 424 बच्चों को वैक्सीन लगनी है। 16 मार्च से अब तक सिर्फ 14 हजार बच्चों का टीकाकरण हुआ है। बच्चों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्कूलों में शिविर लगाकर वैक्सीन लगाई जाएगी। अभी शहर व ग्रामीण इलाकों के सिर्फ 32 केन्द्रों पर 12 से 14 साल के बच्चों को वैक्सीन लगाई जा रही है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एमके सिंह का कहना है कि 15 से 18 साल के बच्चों की तर्ज पर अब 12 से 14 साल के बच्चों को स्कूलों में वैक्सीन लगाई जाएगी।

जमीन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

लखनऊ। जमीन दिलाने के नाम पर भोले भाले लोगों से लाखों रुपए ऐंठकर फरार हो जाने के आरोप में विभूतिखंड पुलिस ने गैंगेस्टर की कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया है। जनरलगंज थाना ठाकुरगंज निवासी रवि शुक्ला ने एक कम्पनी खोलकर भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाया और फिर जमीन देने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपए वसूल करने के बाद एक दिन अचानक कम्पनी बंद कर दी और फिर फरार हो गया। गैंगेस्टर समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने अपने सभी नम्बरों को बंद कर लिया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड ने पुलिस की एक टीम गठित कर सर्विलांस के माध्यम से आरोपी को दबोच लिया।

बाइक सवारों ने बुजुर्ग महिला से छीनी चेन

लखनऊ। गोमतीनगर में बाइक सवार बदमाश ने बुजुर्ग महिला की चेन लूट ली। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसी फुटेज खंगाल रही है। विराटखण्ड 4 में शकुला देवी गुरुवार को बहू लालसा कुशवाहा के साथ पोते को स्कूल छोड़कर घर लौट रहीं थी। वह घर के पास पहुंची तो पीछे से तेज रफ्तार से आए बाइक सवार बदमाश ने शकुला देवी के गले पर झपट्टा मारकर चेन लूट ली। अचानक हुए झपट्टे से सास और बहू दोनों सहम गई। चीख पुकार सुनकर जब तक आसपास के लोग एकजुट होते लुटेरा बाइक से फर्राटा भरते हुए भाग निकला। इंस्पेक्टर गोमतीनगर केके तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

प्रतापगढ़ घटना को लेकर तहसील कर्मचारियों में आक्रोश, एसडीएम की गिरफ्तारी की मांग

● कर्मचारी संघ ने की सोमवार को कलेक्ट्रेट में तालाबंदी कर शोक सभा करने की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रतापगढ़ में वरिष्ठ नाजिर को एसडीएम द्वारा पीटकर हत्या करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट में तालाबंदी कर शोक सभा करने की घोषणा की है। संघ के अध्यक्ष द्वारा सीएम से आरोपी एसडीएम को गिरफ्तार करने और एक करोड़ रुपए बतौर मुआवजा की मांग की है। इसके साथ ही मृतक के परिजन को नौकरी देने की मांग की है। इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने की तैयारी है।

रविवार को उप्र मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने प्रतापगढ़ में वरिष्ठ नाजिर कर्मचारी सुनील कुमार शर्मा को किन्हीं कारणों से एसडीएम ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह यादव की पीटाई से मृत्यु होने को गंभीर बताया है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ सहायक नाजिर की पिटाई से राज्य के तहसीलों के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। नाराज कर्मचारी संघ ने इ सकी तीखी निंदा करते हुए इसकी कड़ी भर्तसना की। सोमवार को उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा कलेक्ट्रेट में तालाबंदी कर शोक सभा करने की घोषणा की है। संघ के अध्यक्ष ने सीएम से आरोपी एसडीएम को बर्खास्त कर गिरफ्तार करने की माग की है। साथ ही एक करोड़ रुपए बतौर मुआवजा और मृतक के परिजन को नौकरी देने की मांग की है। इस संबंध में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश को ज्ञापन देकर आरोपी को एक सप्ताह के अंदर गिरफ्तार करने की मांग की है।

शातिर अपराधी गिरफ्तार, नकदी-जेवर व चोरी की लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मड़ियांव व क्राइम ब्रांच टीम ने एक मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि वारदात के दौरान जेवरात व नकदी के अलावा चोर लाइसेंसी रिवालवर भी चोरी कर ले गये थे। फिलहाल पुलिस ने कब्जे से चोरी के जेवरात नकदी व रिवाल्वर बरामद कर ली है और प्रकाश में आये एक और साथी की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि शातिर पर राजधानी के विभिन्न थानो में करीब 22 अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

पुलिस उपायुक्त अपराध प्राची सिंह ने बताया कि इंद्रपुरी कालोनी मड़ियांव निवासी संगीताबाला आईआईएम संस्थान में कार्यरत हैं। 28 मार्च को जब यह डयूटी पर गयी थीं तो अज्ञात चोर द्वारा इनके मकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी लाखों के जेवरात व लाइसेंसी रिवाल्वर चोरी हो गयी थी। सूचना पर पहुंची मड़ियांव व क्राइम ब्रांच टीम को जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध दिखा जिसकी गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच प्रभारी तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में दारोगा रणविजय सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, वीर सिंह, विजय यादव कांस्टेबल अतुल पांडेय व मड़ियांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में दारोगा सन्तोष सिंह की टीम को लगाया गया। इस दौरान प्रकाश में आये अपराधी की लोकेशन गोंडा ट्रेस हुई जिसके बाद गिरफ्तारी के प्रयास में लगी टीमों ने उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम गोंडा निवासी रामू कश्यप बताया और चोरी करने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने उसके कब्जे से सोने चांदी के जेवरात, 28 हजार की नकदी व लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद कर ली है। पुलिस का कहना है कि पकडा गया शातिर किस्म का अपराधी है जिस पर लखनऊ के विभिन्न थानों में करीब दो दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।

गेस्ट हाउस संचालक ने दर्ज कराया छह लाख की धोखाधड़ी का मुकदमा

लखनऊ। गोमतीनगर कोतवाली में गेस्ट हाउस संचालक ने केयरटेकर और उसकी मां के खिलाफ छह लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी केयरटेकर ने मां के साथ मिल कर ठगी को अंजाम दिया था। विज्ञानपुरी निवासी सुधांशु चौहान का विश्वासखंड.तीन में मकान है। जिसे वह गेस्ट हाउस के तौर पर चलाते हैं। सुधांशु के मुताबिक बड़ी जुगौली निवासी रोहित सिंह को उन्होंने केयरटेकर बनाया था। आरोप है कि रोहित ने मां गीता सिंह के साथ मिल कर अकाउंट में घपला करना शुरू कर दिया था। उसने गेस्ट हाउस में रुकने वाले कई लोगों की इंट्री नहीं की थी। वह गेस्ट से मिलने वाले रुपये खुद ही रख लेता था। इस तरह से करीब साढ़े तीन लाख रुपये का हेरफेर किया गया था। वहीं, आरोपी ने बिजली बिल के लिए दिए गए ढाई लाखे भी जमा नहीं किए थे। सुधांशु के मुताबिक आरोपियों ने एक एसी भी चोरी कर लिया था। केयरटेकर की सच्चाई सामने आने पर उन्होंने हर्जाने का भुगतान करने के लिए कहा था। जिस पर रोहित ने चेक दिए थे। जो बाउंस हो गए थे। इंस्पेक्टर गोमतीनगर केके तिवारी के अनुसार पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

एलडीए ने की कार्रवाई

सआदतगंज में मानकों के विपरीत बनी इमारत पर चला बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सआदतगंज में अवैध बिल्डिंग पर एलडीए द्वारा ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गयी। अवैध निर्माण कर्ताओं द्वारा 75 वर्ग मीटर पर मानकों के विपरीत निर्माण कराय गया था। बिना सेटबैक छोड़े भवन को खड़ा करने को विहित प्राधिकारी ने अवैध बताया। पास मानचित्र पेश न करने पर विहित प्राधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश दिए। ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गयी। रविवार को पुराने लखनऊ में एलडीए ने अवैध निर्माण करने पर बिल्डिंग को सील कर दिया। जोनल अधिकारी विहित प्राधिकारी कमल जीत सिंह ने बताया कि वसीम अहमद और मोहसिन अहमद पुत्रगण शमीम अहमद द्वारा भूखण्ड संख्या 429/556 गुलाब नगर मुअज्जम नगर, कैंपवेल रोड, सआदतगंज पर अवैध रूप से 75 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना सेटबैक छोड़े भवन का निर्माण किये जाने पर सील करा दिया गया था। अवैध निर्माण के खिलाफ कोर्ट में वाद दायर किया गया। वाद में पक्ष द्वारा निर्माण के संबंध में कोई अनुमति एवं स्वामित्व प्रमाण पत्र एवं प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र न प्रस्तुत किये जाने पर अवैध रूप से किये जा रहे निर्माण को विहित कोर्ट द्वारा ध्वस्त किये जाने का आदेश पारित किया गया था। रुखसाना द्वारा भूखण्ड संख्या 429/938 गुलाब नगर मुअज्जम नगर कैम्पवेल रोड सआदतगंज पर अवैध निर्माण कराया गया। प्राधिकरण से बगैर नक्शा पास कराये किये गये निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय में वाद दायर किया गया था। वाद में पक्ष द्वारा निर्माण के सम्बन्ध में कोई स्वीकृत मानचित्र, साक्ष्य न प्रस्तुत किये जाने पर अवैध रूप से निर्मित निर्माण को विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्त किये जाने के आदेश दिये गये थे। ध्वस्तीकरण आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, विशेष कार्याधिकारी अमित राठौर व अरूण कुमार सिंह की उपस्थिति में प्रवर्तन टीम ने कार्रवाई की। जोन 7 के प्रभारी कमल जीत सिंह के नेतृत्व में सहायक अभियंता राजेश तोमर व संजय जिंदल एवं अवर अभियंता संजय गुप्ता, भानु प्रकाश वर्मा, उदयवीर सिंह, अंशु गर्ग, मोहन यादव रवीन्द्र श्रीवास्तव, ब्रिजेन्द्र सिंह व जितेन्द्र कुमार द्वारा क्षेत्र की पुलिस बल व प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से किया गया। दोनों भवनों से प्राप्त हुए सामानों की सूची बनाकर सारे सामान को एसीएम बजारखाला को सुपुर्द कर दिया गया।

आधी रात एसडीएम ने पकड़ा बड़े पैमाने पर हो रहा अवैध खनन

● सात डम्पर समेत जेसीबी व पुकलैण्ड और पिकप डाला बरामद

संवाददाता। मोहनलालगंज

खनन माफिया बेखौफ होकर आधी रात पुकलैण्ड मशीनों से धरती की कोख खोदकर मिट्टी बेंच रहे हैं। लेकिन पुलिस को इन पर लगाम कसने की फुरसत नहीं है। मोहनलालगंज में शनिवार की आधी रात एसडीएम शुभी सिंह की टीम ने छापा डालकर बड़े पैमाने पर अवैध खनन पकड़ा तो लापरवाहों की कलई खुल गई। इस दौरान पकड़े गए सात डम्पर समेत पुकलैण्ड और जेसीबी मशीन को गोशाईगंज पुलिस के हवाले किया गया।

मोहनलालगंज में शनिवार की रात अवैध खनन की जांच करने निकली एसडीएम शुभी सिंह की टीम को निगोहां इलाके से कुछ इनपुट मिले। हालांकि इससे पहले कि टीम उन तक पहुंच पाती खनन माफिया भाग निकलने में कामयाब हो गए। खनन माफिया की टोह ले रही टीम गोशाईगंज इलाके में पहुंची तो मंगहुआ और बेली गांव की सीमा के मध्य कुछ मिट्टी लदे डम्पर टीम के हाथ लग गए। टीम को देखते ही डम्पर ड्राइवर सकापका कर भागने लग गए। हालांकि टीम की पकड़ में आए डम्पर ड्राइवर किसी तरह की परमीशन नहीं दिखा पाए।

टीम खनन साइट पर पहुंची तो जेसीबी और पुकलैण्ड मशीन गरजती मिली। एसडीएम ने फौरन गोशाईगंज पुलिस को सूचना देकर पकड़े गए डम्पर सात डम्पर समेत जेसीबी व पुकलैण्ड और एक पिकप डाला पुलिस टीम के सुपुर्द कर दिए। खान अधिकारी दिनेश कुमार ने छापेमारी में पकड़े गए अवैध खनन को लेकर गोशाईगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एसडीएम ने बताया गोशाईगंज में सप्ताह भर में लगातार दूसरी अवैध खनन पकड़ा गया है। दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। निगोहां इलाके से भी कुछ इनपुट मिले हैं जिन पर नजर रखी जा रही है। सही वक्त पर छापा डालकर बिना अनुमति खनन कर रहे लोगों को रंगे हाथ पकड़ कर केस दर्ज कराया जाएगा।

सीएम का जनता दरबार आज से फिर शुरू होगा

● विधानसभा चुनाव के चलते कुछ महीनों से लग गया था विराम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

फाइल फोटो

पांच कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर कल सोमवार से जनता दरबार फिर शुरू होगा, जिसमे लोगों की दिक्कतों की जनसुनवाई कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। सीएम आवास पर होने वाले जनता दरबार की परंपरा को बसपा और सपा सरकार की सरकारों में खत्म कर दिया गया था। साल 2017 में यूपी की बागडोर संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ ने जनता दरबार की व्यवस्था को शुरू कराया था। विधानसभा चुनाव के चलते कुछ महीनों से सीएम आवास पर जनता दरबार का आयोजन नहीं हो रहा था। चुनाव में भारी कामयाबी और फिर सीएम की कुर्सी पर ताजपोशी के बाद योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास पर कल से जनता दरबार को फिर से शुरू करने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री आवास पर लगने वाले जनता दरबार में वैसे तो योगी आदित्यनाथ प्रतिदिन नौ बजे से लोगों से मिलकर उनकी बातों को सुनते हैं, लेकिन अगर वो मौजूद नहीं हैं तो किसी मंत्री को इस काम में लगाया जाता है। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर चार अप्रैल को होने वाले पहले जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनने के लिए राज्यमंत्री अजीत पाल मौजूद रहेंगे। इसके बाद मंगलवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख सीएम के सरकारी आवास पर जनता की समस्या सुनने के लिए मौजूद रहेंगे।

प्रदेश के सभी जिलों में जिला तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को जनता की हर प्रकार की समस्या को सुनने के लिए समय दिया गया है। अगर वहां पर पुलिस तथा प्रशासन के अफसर उनकी समस्या नहीं सुन रहे हैं तो फिर वह लोग सोमवार से लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर शुरू हो रही जनसुनवाई में पहुंच सकते हैं।

योगी आदित्यनाथ सरकार इसके साथ ही जिलों में कामकाज को रफ्तार देने के लिए नोडल मंत्री तथा अफसरों को भी जिम्मेदारी देगी। प्रदेश में बनी नई सरकार में दो उप मुख्यमंत्रियों सहित 52 मंत्रियों ने काम संभाल लिया है। अब योगी आदित्यनाथ सरकार वरिष्ठ अफसरों को जिलों का नोडल अफसर बनाने जा रही है। इसके साथ ही मंत्रियों को भी जिलों की जिम्मेदारी मिलेगी। कई मंत्रियों को दो-दो जिलों का नोडल मंत्री बनाया जा सकता है।

लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी ने एएमसी की वर्षगांठ पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एएमसी की 258 वीं वर्षगांठ के अवसर पर एएमसी सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ के सेनानायक, प्रभारी अधिकारी एएमसी अभिलेख और एएमसी के कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी तथा मध्य कमान के मेजर जनरल (मेडिकल) मेजर जनरल अरिंदम चटर्जी ने 3 अप्रैल को एएमसी सेंटर और कॉलेज के युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण कर सेना चिकित्सा कोर के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने अपनी ड्यूटी में सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल मुखर्जी ने लखनऊ के एएमसी सेंटर एवं कॉलेज की एडम ब्रांच में नायक दीपक, वीर चक्र और गलवान हीरो परेड ग्राउंड का भी उद्घाटन किया। समारोह के दौरान जनरल ऑफिसर द्वारा एएमसी न्यूज लेटर का भी विमोचन किया गया। समारोह में लखनऊ स्टेशन से सेना चिकित्सा कोर के अधिकारी , मिलिट्री नर्सिंग अधिकारी, जूनियर कमीशंड अधिकारी, जवान बड़ी संख्या में मौजूद थे।

बुद्धेश्वरन मंदिर में लगेगी भगवान परशुराम की आठ फुट ऊंची प्रतिमा

● मूर्ति स्थापना को लेकर महापौर ने किया शिला पूजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बुद्धेश्वरन मंदिर में महापौर संयुक्ता भाटिया ने प्रस्तावित भगवान परशुराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की। महापौर के साथ स्ट्रक्चर निर्माण का शुभारम्भ विप्रजनों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर किया। महापौर ने बताया कि इस प्रतिष्ठित मंदिर में भगवान परशुराम की 8 फीट लंबी एवं 2.5 फीट चौड़ी संगमरमर की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी, जिसका निर्माण कार्य आज से प्रारंभ हो चुका है।

रविवार को बुद्धेश्वर मंदिर में पूजन के दौरान महापौर ने भगवान परशुराम का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान परशुराम का तेज और शौर्य ही था कि उन्होंने कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन का वध करके अराजकता को समाप्त किया और नैतिकता और न्याय का साथ दिया। भगवान विष्णु ने भगवान परशुराम के रूप में जन्म लिया। उनका मुख्य उद्देश्य धर्म की स्थापना और अधर्म को मिटाना था। भगवान परशुराम ने सभी के कल्याण के लिए कार्य किया था।

महापौर ने आगे कहा कि प्रतिशोध की भावना से उन्होंने कभी कोई कार्य नहीं किया। भगवान परशुराम जहाँ आज्ञाकारी पुत्र थे वही प्रतिशोध से भी परे थे। एक बार गन्धर्वराज चित्ररथ को अप्सराओं के साथ विहार करता देख हवन के लिए गंगा तट पर जल लेने गई रेणुका आसक्त हो गयी और कुछ देर तक वहीं रुक गयीं। हवन काल व्यतीत हो जाने से क्रुद्ध मुनि जमदग्नि ने अपनी पत्नी के आर्य मर्यादा विरोधी आचरण एवं मानसिक व्यभिचार करने के दण्डस्वरूप सभी पुत्रों को माता रेणुका का वध करने की आज्ञा दी। अन्य भाइयों द्वारा ऐसा दुस्साहस न कर पाने पर पिता के तपोबल से प्रभावित भगवान परशुराम जी ने उनकी आज्ञानुसार अपनी माता का शिरोच्छेद एवं उन्हें बचाने के लिए आगे आये अपने समस्त भाइयों का भी वध कर डाला। उनके इस कार्य से प्रसन्न पिता जमदग्नि ने जब उनसे वर माँगने का आग्रह किया तो भगवान परशुराम जी ने सभी को पुनर्जीवित होने एवं उनके द्वारा वध किए जाने सम्बन्धी स्मृति नष्ट हो जाने का ही वर माँगा। इस मौके पर अजय तिवारी, कोमल दीक्षित, एमपी दीक्षित, प्रदीप तिवारी, प्रेम तिवारी, विजय त्रिपाठी, एसपी पाण्डेय, केसी बाजपेयी, राम शंकर राजपूत सहित अन्य जन मौजूद रहे।

शोरूम के उद्घाटन व मां दुर्गा के विशाल भण्डारे में शामिल हुए उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

लखनऊ। स्राइडर इलेक्ट्रिक इण्डिया प्रा. लि. एवं स्मार्ट लाइट, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में एक्सपीरियन्स जोन एवं शोरूम का भव्य उद्घाटन आज लखनऊ के गोमती नगर, विभूति खण्ड में बड़े ही उत्साह व उमंग से सराबोर वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माँ दुर्गा का विशाल भण्डारा भी सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक, उप-मुख्यमंत्री स्मार्ट लाइट शोरूम व माँ दुर्गा के विशाल भण्डारे में शामिल हुए। इससे पहले, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुकुल सिंह्ल, अध्यक्ष राजस्व परिषद ने फीता काटकर एक्सपीरियन्स जोन एवं शोरूम का शुभारम्भ किया। समारोह की अध्यक्षता लखनऊ के जाने-माने शिक्षाविद् व सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने की। इस अवसर पर साहित्यकार पं. हरि ओम शर्मा 'हरि', उमेश चन्द्र तिवारी, आईएएस, पीएन पाराशर, स्राइडर के नेशनल मार्केटिंग हेड दीपक वाराणसी, स्राइडर के उ.प्र. व राजस्थान के आरएसएम पवन चौहान, स्राइडर इलेक्ट्रिक इण्डिया प्रा. लि. के अन्य पदाधिकारी समेत अनेक गणमान्य अतिथि, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थिति थे।

खुद को पुलिस कर्मी बताकर उतरवाए महिला के जेवरात

लखनऊ। एलडीए कालोनी सेक्टर.डी निवासी मरियम मैसी के मुताबिक वह 26 मार्च को सुबह टहलने निकली थी। पराग मोड़ के पास बाइक सवार दो युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उन्हें रोक लिया। टप्पेबाजों की बातों में आकर मरियम चेन झुमकी और अंगूठी उतारकर अपने पास रखने लगी। इसी बीच टप्पेबाज जेवर लेकर कागज में लपेटने लगा। बातों ही बातों में टप्पेबाजों ने कागज की पुड़िया बदल दी। मरियम ने घर पहुंचकर पुड़िया खोली तो उसमें पत्थर के टुकड़े निकले। इंस्पेक्टर कृष्णानगर के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

जमीन बेचने का झांसा देकर जालसाज ने हड़पे साढ़े तीन लाख

लखनऊ। नौबस्ताकला निवासी विवेक सिंह जमीन खरीदना चाहते थे। इसके लिए विशालखंड.दो निवासी देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव से बात हुई थी। जमीन पसंद आने पर सौदा साढ़े सात लाख में तय हुआ था। विवेक ने यह रुपये देवेंद्र को दिए थे। लेकिन उसने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की थी। पूछताछ करने पर वह टाल मटोल करता रहा। जिसके कारण विवेक ने रुपये लौटाने के लिए कहा था। मगर देवेंद्र ने रुपये भी वापस नहीं किए थे। इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम त्रिपाठी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

बावर्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले तीन गिरफ्तार

लखनऊ। वजीरगंज पुलिस ने बावर्ची के साथ दुष्कर्म करने के तीन आरोपितों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर राजकिशोर पाण्डेय के मुताबिक बावर्ची 29 मार्च को गांधी भवन में आयोजित कार्यक्रम में खाना बनाने गया था। यहां पारा के रहने वाले मनोज, पुत्तू और शोएब भी आये हुये थे। इन लोगों ने रात में उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। दूसरे दिन किसी तरह वह घर पहुंचा। उसकी तबियत बिगड़ने लगी तो घर वाले उसे डॉक्टर के पास ले गये। पीड़ित ने डॉक्टर को पूरी बात बतायी। इसके बाद ही पीड़ित की बहन ने आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी।

आदर्श व्यापारी एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन समारोह

लखनऊ। आदर्श व्यापारी एसोसिएशन की लखनऊ मंडल की इकाई द्वारा रविवार को फैज्जुलागंज में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 101 व्यक्तियों को शाने अवध सम्मान से सम्मानित किया गया । मुख्य आकर्षण फूलों की होली एवं राधा कृष्ण की झांकी रहा, कार्यक्रम को एसीपी अलीगंज सैयद अब्बास, विधायक हाटा मोहन वर्मा, रविदास मल्होत्रा विधायक, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद राजवंशी, पश्चिम प्रदेश प्रभारी एएस वर्मा पद्मेश,महासचिव मोहन वर्मा आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

आरपीआई पदाधिकारियों ने की भविष्य की रणनीति पर चर्चा

● कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता का धूमधाम के साथ जन्मदिन मनाया। इस दौरान उत्तर प्रदेश में पार्टी की भविष्य की रणनीति के बारे में विस्तृत चर्चा हुई एवं तमाम बिंदुओं पर आयोजित बैठक में सहमति बनी।

कार्यक्रम के दौरान आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि 2022 चुनाव में आरपीआई के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश की तमाम विधानसभा सीटों पर भाजपा का प्रचार किया। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से आरपीआई को 2022 में सरकार बनने के बाद भागीदारी देने की बात कही गयी थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ रामदास आठवले ने इस संदर्भ में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी और मांग पत्र दिया था। जिस पर सहमति के बाद आरपीआई ने चुनाव में अपना एक भी प्रत्याशी नहीं उतारा और भाजपा को समर्थन दिया। जिससे दलित, वंचित समाज का भरपूर समर्थन भाजपा को मिला और प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर सत्ता में वापसी कर सकी।

पवन भाई गुप्ता ने कहा कि जल्द ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले के साथ आरपीआई के पदाधिकारियों की गृहमंत्री अमित शाह के साथ मीटिंग होनी है जिसमें आरपीआई को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में भागीदारी का रोडमैप तय होगा। आरपीआई 2024 लोकसभा चुनाव एवं दिसंबर में होने वाले नगर निगम चुनाव के मद्देनजर फिर से पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाकर, हर जिले, कस्बों, गांवों, विधानसभा में बैठकें करेगी और संगठन को नई धार देने का काम किया जाएगा। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से आये आरपीआई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने 5 किलो का केक काटकर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता का जन्मदिन मनाया।

आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश संयोजक रुचि शुक्ला और लखनऊ महानगर अध्यक्ष युवा वीसी हितेंद्रन ने स्कूली बच्चों को लंच पैकेट बांटें।

सीएमएस छात्र को 44,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के छात्र दक्ष सचान को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना द्वारा 44,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। दक्ष को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। इसके अलावा, अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ यूटाह, इंग्लैण्ड की यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लासगो एवं यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल एवं आस्ट्रेलिया की यूनिविर्सिटी ऑफ मेलबर्न ने भी इस प्रतिभाशाली छात्र को उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया है। दक्ष ने अपनी इस सफलता का श्रेय सीएमएस के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने सीएमएस छात्र की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस प्रदेश में एकमात्र सैट एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट टेस्ट सेन्टर है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद कर रहा है।

बस एक फोन काल पर बीमार पशुओं का इलाज करने पहुंचेगी टीम

● पशुपालन विभाग की पशु एम्बुलेन्स सेवा से चुटकियों में होगा बीमार और घायल पशुओं का इलाज

संवाददाता। मोहनलालगंज

इमरजेन्सी में बेजुबानों का इलाज करने बस एक फोन काल पर मोबाइल टीम जल्द ही पशुपालकों के घर पहुंच जाएगी। सड़क हादसे में जख्मी पशुओं का इलाज भी बेहद आसान हो जाएगा। पशुपालन विभाग ने इसके लिए पशु एम्बुलेन्स सेवा शुरु करने की तैयारी की है। सरकार से हरी झण्डी मिलते ही इसी माह योजना का शुभारंभ करने की तैयारी है।

मोहनलालगंज समेत राजधानी के सभी ब्लाक में अब पशुओं का इमरजेन्सी इलाज काफी आसान हो जाएगा। पशुपालन विभाग जल्द ही प्रति लाख पशुओं पर एक पशु एम्बुलेन्स की सुविधा देने जा रहा है। गंभीर बीमारी से पीड़ित और घायल पशुओं के इलाज के लिए फोन काल आते ही झट से एम्बुलेन्स टीम मौके पर जाकर बीमार पशु का इलाज कर देगी। सर्वाधिक राहत आश्रय केन्द्रों में रखे गए छुट्टा गोवंश और सड़क हादसे में जख्मी होने वाले बेसहारा पशुओं को मिल जाएगी। लोगों से सूचना मिलते ही अस्पताल बन्द होने के बाद भी मोबाइल टीम मौके पर पहुंचकर तड़प रहे बेजुबान को परेशानी से राहत दिलाएगी। डिप्टी सीवीओ दिनेश कुमार ने बताया पशु एम्बुलेन्स की खरीद भी हो चुकी है और स्टाफ भी आ चुका है। अप्रैल में ही योजना के शुरुआत होने की पूरी उम्मीद है।

ओटी की सुविधा से लैस होगी हाईटेक एम्बुलेन्स

पशुपालन विभाग की एम्बुलेन्स में इमरजेन्सी इलाज के लिए आपरेशन थियेटर और जरुरी दवाओं की सुविधा उपलब्ध होगी। इंजेक्शन समेत अन्य संसाधन भी मौजूद रहेंगे। इलाज के लिए एम्बुलेन्स में ट्रेण्ड स्टाफ की तैनाती भी की जा रही है। डॉ दिनेश ने बताया पशु एम्बुलेन्स सेवा शुरु होने के बाद आमजन की तरह पशुओं का इलाज भी आसान हो जाएगा।

जन उद्घोष सेवा संस्थान ने निकाली प्रभात फेरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

रविवार को जन उदघोष सेवा संस्थान ने भारतीय नवसंवत्सर 2079 के पर्व पर राजाजीपुरम में जन जागृति एवं जनसंपर्क यात्रा के रूप में एक भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया। सनातन भारतीय परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष भारतीय नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है इसी दिन से चैत्र की नवरात्रि का प्रारंभ भी होता है इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 2 अप्रैल से आरंभ हुई है। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को प्रारंभ होने वाला यह दिवस मात्र हमारा नव वर्ष ही नहीं बल्कि सृष्टि का जन्मदिवस भी है। इसी दिन 1 अरब 96 करोड़ 8 लाख 53 हजार 123 वर्ष पहले श्री ब्रह्मा ने सृष्टि का सृजन किया था। जिस प्रकार पूरा विश्व आज भारत की ओर टकटकी लगाए देख रहा है उससे स्पष्ट है कि भारत एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। संस्थान के मीडिया प्रभारी पं अनुराग मिश्र ने बताया की प्रभात फेरी का आयोजन भारतीय जनमानस में अपनी भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है। प्रभात फेरी राजाजीपुरम के तड़ियन मंदिर से प्रारंभ होकर भुइयन देवी मंदिर तक निकाली गई उसके बाद सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन भी किया गया। प्रभात फेरी का पूरा माहौल भगवामय था।

हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष्य में विहिप ने निकाली यात्रा

लखनऊ। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के तत्वावधान में रविवार को पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर वाहन यात्रा निकाली गई। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के तुहिन चतुर्वेदी ने दी। इस वाहन यात्रा को सफल बनाने में तुहिन चतुर्वेदी, शैलेंद्र सिंह डब्लू, दिग्विजय नाथ तिवारी, नृपेंद्र विक्रम सिंह, मनोज पाठक, दीपक राजपूत, मृगेंद्र सिंह, लक्ष्मी शंकर पांडेय, पुष्पेंद्र वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने बताया यह वहन यात्रा पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के इस्माइलगंज, पटेल नगर, प्रीति नगर, अजय नगर, लेबर अड्डा, सेक्टर 8 इंदिरानगर व अयोध्या मार्ग पर धूमधाम से निकाली गई। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हिन्दू नव वर्ष हमारी भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने इससे दबा कर विदेश संस्कृति का अपना रखा था जिसका विरोध लगातार विश्व हिन्दू परिषद करता चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि हिन्दू नव वर्ष भारत देश की संस्कृति, मौसम व यहां के पैदावार व किसानों की खुशहाली को ध्यान में रखते हुए मनाया जाता है।

पेज एक का शेष

पाकिस्तान में...

ने एक अलोकतांत्रिक काम किया है। इमरान खान ने इस कदम के माध्यम से खुद को बेनकाब किया है। हम इस फैसले को वापस लेने तक नेशनल असेंबली के अंदर मौजूद रहेंगे। वह हार देखकर अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ भाग रहे हैं। उन्होंने बाद में ट्वीट किया, हमारे वकील उच्चतम न्यायालय जा रहे हैं। हम सभी संस्थानों से पाकिस्तान के संविधान की रक्षा, उसे बनाए रखने, बचाव करने और उसे लागू करने का आह्वान करते हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज नेता मरियम औरंगजेब ने कहा, इमरान खान एक गद्दार हैं। उन्होंने एक असंवैधानिक कदम उठाया है और हम अब नेशनल असेंबली में विरोध कर रहे हैं और जब तक यह फैसला रद्द नहीं हो जाता तब तक हम कहीं नहीं जाएंगे। पाकिस्तान की सेना ने कहा कि देश में उत्पन्न राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति से उसका कोई लेना देना नहीं है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने यह टिप्पणी अविश्वास प्रस्ताव को खारिज किए जाने और प्रधानमंत्री इमरान खान की सलाह पर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली को भंग करने की पृष्ठभूमि में एक निजी टीवी चैनल से बात करते हुए की। इफ्तिखार ने कहा, नेशनल असेंबली में आज जो भी हुआ, उससे सेना का कोई लेना देना नहीं है। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के बाद से अबतक 73 वर्ष से अधिक की अवधि में से आधे से अधिक समय तक देश पर सेना का शासन रहा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने गत एक सप्ताह में कम से कम दो बार प्रधानमंत्री खान से मुलाकात की है। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को पंजाब प्रांत के गवर्नर चौधरी सरवर को बर्खास्त कर दिया जबकि नए प्रांतीय मुख्यमंत्री का चुनाव टाल दिया गया। नेशनल असेंबली के नक्शेकदम पर चलते हुए पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर सरदार दोस्त मुहम्मद मजारी ने इमरान खान सरकार को गिराने की अंतरराष्ट्रीय साजिश का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री का चुनाव कराने से इनकार कर दिया और सत्र को छह अप्रैल तक के लिए टाल दिया।

नेपाल से...

मजबूत होगी। भारत सदैव नेपाल को अपना मानता है। आगे भी यही संबन्ध रहेगा। नेपाल के लोग भारत से सदैव जुड़ कर रहना चाहते हैं। होटल में योगी ने देउबा का स्वागत किया। इसके बाद एक साथ बैठकर लंच किया। नवरात्र के कारण लंच में फलाहार की भी व्यवस्था रही। नेपाल के पीएम बैठक के बाद होटल ताज गंगेज के नदेसर पैलेस गए। इसके बाद यहां से लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट, बाबतपुर के लिए प्रस्थान किया। इससे पूर्व देउबा सुबह लगभग दस बजे एयरपोर्ट पहुंचे। वहां योगी ने स्वागत किया। योगी के साथ नेपाल के पीएम ने सबसे पहले काशी के कोतवाल काल भैरव मंदिर में मत्था टेका। इस दौरान रास्ते में देउबा का जगह जगह जोरदार स्वागत हुआ। कोतवाल के दर्शन के बाद देउवा श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। मंदिर में दर्शन पूजन किया व भव्यता का अवलोकन किया। फिर नेपाली मंदिर पहुंचे। पशुपतिनाथ का दर्शन किया। इसके बाद वृद्धा आश्रम के निर्माण के लिए जमीन पूजन किया। इस दौरान नेपाल के डेलीगेट्स, कमिश्नर, डीएम समेत सभी आला अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और उनके विजन के अनुसार बौद्ध एवं रामायण सर्किट का विकास किया जा रहा है। विकास की साझी विरासत को हम सभी मिलकर तीव्र गति से आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के मध्य संवाद होना चाहिए। संवाद सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के साथ जुड़कर विकास के सम्बन्ध में होना चाहिए। भारतीय नागरिक काठमाण्डू में श्री पशुपतिनाथ मंदिर तथा जनकपुर में मां जानकी के मंदिर में पूजन अर्चन के लिए उत्सुक रहते हैं।

इंटरमीडिएट के...

मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। साथ ही रविवार को मामले के सूत्रधार निर्भय नरायन सिंह व राजीव प्रजापति को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार निर्भय नारायन सिंह और राजीव प्रजापति जिसकी कम्प्यूटर की दुकान है, के द्वारा महाराजी देवी स्मारक इंटर कालेज में उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्र के पैकेट से अपराधिक कृत्य करते हुए प्रश्न पत्र निकाल लिया गया। राजीव ने यह प्रश्न पत्र अविनाश गौतम जो कि सुभाष चन्द्र इंटर कालेज ताड़ीबड़ा गांव में अंग्रेजी विषय का शिक्षक है, के साथ साल्व किया गया। हल की गयी कापी निर्भय नारायन सिंह को दी गई। निर्भय द्वारा 25 से 30 हजार रुपए प्रति छात्र के हिसाब से तय कर इस साल्व्ड पेपर को मुलायम चौहान, मनीष चौहान, बृजेश चौहान के द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं पर लिखवाया गया। निर्भय ने धन के लालच में यह साल्व्ड पर्चा अन्य लोगों को भी उपलब्ध कराया गया। राजीव प्रजापति द्वारा प्रश्न पत्र उनके मोबाइल के पीडीएफ एप से स्कैन कर सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य लोगों को बेचे जाने की बात पूछताछ में कबूल की गई है। पुलिस के अनुसार राजीव ने प्रश्न पत्र बेचे जाने के बदले मिली रकम को अपने खाते में ट्रांजेक्शन किए जाने की बात स्वीकारी है। इस मामले को सुलझाने के लिए कुल सात टीमों का गठन किया गया था।

राज्यों की...

के अलावा, पीएम मोदी ने शासन में समग्र सुधार के लिए नए विचारों का सुझाव देने के लिए सचिवों के छह-क्षेत्रीय समूहों का भी गठन किया है।

सपा विधायक...

से बंदूक से धुआं नहीं गोलियां निकलती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल नहीं गिरने दिया जाएगा।

लखनऊ में...

की जाएगी। उन्होंने कहा कि यूपी में बन रहे डिफेंस कारीडोर को लेकर काम हो रहा है और अलीगढ़ नोड में सबसे तेज काम हो रहा है। डिफेंस कारीडोर बन जाने से रक्षा मंत्रालय को काफी सहूलियत और आत्मनिर्भर भारत बनाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ शहर में जो भी विकास कार्य किए जा रहा हैं वह समय से पूरे होंगे। लखनऊ आउटर रिंग रोड के बन जाने से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे आपस में जुड़ जाएंगे तो शहर के यातायात पर दबाव कम हो जाएगा। इससे पहले रक्षा मंत्री ने अपने आवास पर विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की।

मनीष गुप्ता...

इंस्पेक्टर जगत नारायण सिंह का चिनहट के देवराजी विहार, सरायशेख सतरिख रोड पर 900 वर्गफीट का मकान है। जिसमें 10 से अधिक कमरे बने हैं। इसकी कीमत करीब एक करोड़ बताई जा रही है। प्रभारी अधिकारी के मुताबिक इस मकान का निर्माण बिना नक्शा पास कराए ही करवा लिया गया था। इसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद रविवार को एलडीए ने कार्रवाई की है। इस अवैध निर्माण को स्वत: गिराने के लिए 3 मार्च को नोटिस दी गई थी। एक महीने तक कोई कार्रवाई न होने पर एलडीए ने कदम उठाया है। रविवार को एलडीए व चिनहट पुलिस की टीम की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण किया गया। इसके पहले घर में रह रहे किराए दारों को ढहाने से पहले बाहर निकाल दिया गया था। मकान जगत नारायण सिंह व प्रिंस और एक अन्य के नाम से दर्ज है। इस दौरान अवर अभियंता सुभाष शर्मा, इम्तियाज अहमद और सुरेंद्र द्विवेदी सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

गंगा के...

है। सूत्रों ने संकेत दिया कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में गंगा के किनारे स्थलों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय के प्रस्तावित गंगा सर्किट कार्यक्रम पर अभी विचार किया जा रहा है और अभी इसे मंजूरी नहीं दी गई। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि एनएमसीजी के साथ बैठक हो चुकी है और जल्द ही इसका खाका तैयार कर लिया जाएगा।

मित्रवत बने व दलालों से दूर रहे पुलिसः योगी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

उत्तर प्रदेश में दूसरी बार सरकार गठन के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पहली बार दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आये। उन्होंने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों एवं जनता के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए संवाद बनाना होगा। पूरी व्यवस्था को यदि भ्रष्टाचार मुक्त करना है तो यह व्यवस्था अनिवार्य है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस थानों में आम आदमी के साथ कुशल व्यवहार करना होगा और पुलिस थानों में दलालों की कत्तई कोई भूमिका नहीं चाहिए और पुलिस का जनता के मध्य अच्छा व्यवहार प्रदर्शित करना होगा। पुलिस थाना, नगर निगम, तहसील, विकासखंड सभी अपने व्यवहार में सुधार लाएं और छवि सुधारें। उन्होंने विशेष रूप से अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने छवि को सुधारें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रायः यह देखने को मिलता है कि किसी भी घटना के बाद अधिकारी समय से मौके पर नहीं पहुंचते। इससे शासन एवं प्रशासन की छवि धूमिल होती है। अधिकारी सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे और सही जानकारी मीडिया को दे और सार्वजनिक करें। सायं काल एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्रूट पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने पर उन्होंने विशेष जोर दिया। मिशन शक्ति कार्यक्रम को केवल एंटी रोमियो तक सीमित न रखें, इस पर वृहद कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। ,विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है, यहां पर उनकी विजन के अनुरूप तमाम विकास एवं निर्माण कार्य संचालित है। अधिकारी आपस में समन्वय कर इसे अंजाम तक पहुंचाएं। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के लोकार्पण के पश्चात यहां पर पर्यटको एवं श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है एवं काशी पर देश-दुनिया की नजर है। विकास कार्यों को पूर्ण करने वाली कार्यदायी संस्थाएं सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का हर स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि विभागीय कार्य पद्धति का कतई मजाक नहीं बनना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही होती है तो वह अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना प्रबंधन पूरे देश एवं उत्तर प्रदेश में काफी बेहतर एवं उच्च स्तरीय दर्जे का संचालित रहा। वैक्सीनेशन कार्य में विशेष रूप से 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग में विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। अब स्कूल-कॉलेज खुल चुके हैं, विशेष अभियान चलाकर इसके शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति समय से सुनिश्चित कराई जाए। संचारी रोग नियंत्रण का विशेष अभियान आज से पूरे प्रदेश में प्रारंभ हो गया है। इसके अंतर्गत स्वच्छता, साफ सफाई एवं फॉगिंग की व्यवस्था प्रभावी तरीके से निरंतर होना चाहिए। संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। संभावित जलजमाव के निस्तारण हेतु अभी से तैयारी शुरू कर दी जाए। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा है, पेयजल का संकट किसी भी दशा में न होने पाए, अभी से ही व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए।

नेपाल के प्रधानमंत्री पहुंचे वाराणसी प्रसिद्ध मंदिरों में की पूजा-अर्चना

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा अपने एक दिन के प्रवास पर रविवार की सुबह वाराणसी पहुंचे। नेपाल के प्रधानमंत्री का विमान नई दिल्ली से सुबह वाराणसी के लिए रवाना हुआ। सुबह दस बजे लाल बहादुर शास्?त्री अंतरराष्?ट्रीय एयरपोर्ट वाराणसी पर वह एयर इंडिया के विमान से पहुंचे। एयरपोर्ट पर नेपाल के पीएम का मुख्यमंत्री योगी आदित्?यनाथ भी स्?वागत किया। इस दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ उनकी पत्?नी आरजू देउबा और नेपाल के अधिकारियों की भी मौजूदगी रही।बाबा दरबार और नेपाली मंदिर में दर्शन पूजन के बाद नेपाली पीएम ने ताज होटल में विश्राम के साथ ही सीएम योगी के साथ शिष्?टाचार मुलाकात कर आपसी संबंधों को विस्?तार देने पर मंथन किया। इस दौरान यूपी और नेपाल के संबंधों को विस्?तार देने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने भी नेपाल के अधिकारियों संग आपसी संबंधों को लेकर परिचर्चा की। वहीं विजिटर बुक में नेपाल के पीएम ने अपना संदेश भी दर्ज किया। अपने लगभग पांच घंटे के काशी प्रवास के दौरान नेपाल के पीएम की पूरी काशी यात्रा धर्म और आध्?यात्?म से युक्?त रही।बाबा दरबार परिक्षेत्र स्थित काल भैरव मंदिर में हाजिरी लगाने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री बाबा दरबार में गए और वैदिक परंपराओं के अनुसार बाबा का दर्शन पूजन और अनुष्?ठान किया। इस दौरान उन्?होंने नेपाल की सुख समृद्धि और शांति के लिए बाबा का आशीर्वाद मांगा। वहीं नेपाली मंदिर में नेपाली ब्राह्मण होने की वजह से मन्दिर अर्चक टेक नारायण बीच- बीच में प्रधानमंत्री से नेपाली शब्दों में मंत्रोच्चार कर रहे थे। इस पर नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा काफी प्रभावित नजर आए। वृद्ध माताओं के लिए निर्मित होने वाले आश्रम का शिलान्?यास के साथ ही उन्?होंने वृद्ध माताओं संग सपत्?नीक परिचर्चा कर कुशलक्षेम भी पूछा। बाबा दरबार में दर्शन पूजन के बाद वह नेपाली पशुपति नाथ मंदिर पहुंचे और दर्शन पूजन परंपरागत तरीके से किया। नेपाली मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों का शिलान्यास नेपाल के प्रधानमंत्री ने किया तो इस दौरान वहां मौजूद वृद्ध माताओं से भी परिचर्चा कर उनका हाल पूछा। इसके बाद नेपाल के प्रधानमंत्री मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद बाद रवाना हो गए।बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद नेपाल के पीएम और उनकी पत्?नी श्रीकाशी विश्?वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचे। बाबा दरबार के गर्भगृह में वैदिक रीति रिवाजों के साथ नेपाल के पीएम ने बाबा काशी विश्?वनाथ का अभिषेक किया। इस दौरान वैदिक ब्राह्मणों के आचार्यत्?व में पारंपरिक पूजन के साथ ही नव्?य और भव्?य कारिडोर परिसर का भी भ्रमण किया। साथ में मौजूद मुख्?यमंत्री योगी आदित्?यनाथ ने नेपाल के पीएम को काशी के नव्?य और भव्?य स्?वरूप के बारे में भी अवगत कराया।दरबार परिक्षेत्र में सुबह 10.45 बजे नेपाल के प्रधानमंत्री की गाड़ी कालभैरव चौराहे से आगे चली गई तो मंत्री रविन्द्र जायसवाल भाग कर गाड़ी के पास गये उसके बाद नेपाल के प्रधानमंत्री की गाड़ी कालभैरव मंदिर पहुंची। यहां पर सीएम के साथ वह काल भैरव मंदिर पहुंचे और बाबा का दर्शन पूजन बाबा किया। यहां पर सपत्?नीक उन्?होंने दर्शन पूजन किया और आशीर्वाद लेकर श्री काशी विश्?वनाथ मंदिर दर्शन के लिए रवाना हो गए।सर्किट हाउस के ठीक सामने लगे मंच पर अयोध्या से आए माता प्रसाद वर्मा और शीतला प्रसाद वर्मा के साथ बीस कलाकार पारंपरिक ड्रेस में अवधी लोक नृत्य फरूवाही की प्रस्तुति करते रहे। वहीं इसी मंच पर ललितपुर से आए कलाकार धर्मेंद्र कुमार ने बुंदेली सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक राई नृत्य करके नेपाली प्रधानमंत्री सहित यूपी के सीएम का स्वागत किया। इस दौरान सभी कलाकारों के हाथों में भारतीय और नेपाली झंडे फहरते रहे।

सीएम योगी ने किया स्वागत

वाराणसी। एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद काफिला शहर की ओर रवाना हो गया। रास्ते में सड़क के दोनों ओर काफी दूर तक लोगों का हुजूम उमड़ा रहा और नेपाल के पीएम का झंडों और फूलों से स्?वागत किया। इस दौरान नारे लगाकर पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री का लोगों ने उत्?साह भी बढ़ाया। बाबतपुर से निकला नेपाली पीएम का काफ?ला हरहुआ और तरना बीएचईएल से शहर की ओर बढ़ा तो नेपाल के झंडों से सड़क का हर छोर पड़ा नजर आया। रास्?ते में सांस्?कृतिक आयोजनों से भारत और नेपाल के बीच सांस्?कृतिक संबंध भी स्?पष्?ट तौर पर परिलक्षित हो रहे थे।

मुख्यमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी के दरबार में लगाई हाजिरी

संवाददाता। मीरजापुर

मां विन्ध्यवासिनी के धाम विन्ध्याचल मे चल रहे चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी विन्ध्याचल पहुँचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का विधिवत दर्शन पूजन किया। मा0 मुख्यमंत्री जी मां विन्ध्यवासिनी देवी के पूर्वी द्वार से मन्दिर में प्रवेश कर माता के गभगृह में पहुँचे जहाँ पर पुरोहितो के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के दर्शन पूजन कराया गया। तदुपरान्त धाम मे विराजमान मां काली व सरस्वती का दर्शन करते हुये मन्दिर की परिक्रमा की गयी। मा0 मुख्यमंत्री के धाम में पहुँचने पर डमरू और शंखनाद कर स्वागत किया गया। विन्ध्याचल पहुँचने पर मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्र द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर मा0 मुख्यमंत्री जी स्वागत किया गया तथा मन्दिर में पुरोहित श्री पशुपति नाथ के साथ मा0 मुख्यमंत्री जी को दर्शन पूजन भी कराया गया। मा0 मुख्यमंत्री अपरान्ह लगभग 04:15 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पर हेलीकाप्टर के द्वारा पहुँचे। मा0 मुख्यमंत्री जी के साथ प्रमुख सचिव सूचना श्री संजय प्रसाद उपस्थित रहें तथा साथ-साथ मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन किया। मा0 मुख्यमंत्री जी के पुलिस लाइन पहुँचने पर मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र, ए0डी0जे0 वाराणसी जोन एवं श्री रामकुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक श्री आर0के0 भरतद्वाज, जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार, उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार सिंह के द्वारा पुष्प गूच्छ देकर स्वागत किया गया। तदुपरान्त हेलीपैड पर ही उपस्थित मा0 सांसद राज्यसभा श्री राम सकल, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री बृज भूषण सिंह, मा0 विधायक मड़िहान श्री रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 विधायक चुनार श्री अनुराग सिंह, मा0 विधायक छानबे श्री राहुल प्रकाश, मझवा डॉ विनोद विन्द, सदस्य विधान परिषद (एम0एल0सी0) श्री श्याम नरायन सिंह ''विनीत सिंह'', अध्यक्ष जिला पंचायत श्री राजू कनौजिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्री मनोज जायसवाल के अलावा अन्य जन प्रतिनिधिगण के द्वारा मा0 मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत व सम्मान किया गया।

दर्शनोपरान्त वापसी के दौरान हेलीपैड पर मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार से विन्ध्य कारीडोर की प्रगति व जनपद में विकास योजनाओ के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा विन्ध्य कारीडोर के प्रगति के बारे में दी गयी जानकारी। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी श्री शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्री संजय वर्मा, एल0एल0ओ0 श्री भरत लाल सरोज तथा मन्दिर परिसर में नगर मजिस्ट्रेट श्री विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर श्री चन्द्रभान सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी श्री प्रभात राय के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

शातिर बदमाश गांजा और हथियार के साथ गिरफ्तार

चकिया चन्दौली । शहाबगंज पुलिस ने एक शातिर एवं पेशेवर अभियुक्त को एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस तथा 800 ग्राम अवैध गांजे के साथ क्षेत्र के सेमरा चौराहा यात्री प्रतीक्षालय से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति का नाम परमानंद तिवारी निवासी महड़ौर थाना शहाबगंज जनपद चंदौली बताया है। गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर पुलिस संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में बताया गया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए तथा अपराध में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी चकिया के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना शहाबगंज के द्वारा बनाई गयी टीम ने यह गिरफ्तारी की है।

सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाई झूले लाल जयंती, डांडिया पर झूमे युवा

संवाददाता। मऊ

सिधी समाज में वरुण अर्थात जलदेवता के प्रतिनिधि माने जाने वाले झूलेलाल साईं की जयंती चैत्र शुक्लपक्ष की प्रतिपदा को समारोह एवं उत्सव के रूप में मनाई गई। इस दौरान जहां सिधी कालोनी के घर.घर से श्रद्धालुओं के साथ दिव्य ज्योति निकलकर गुरुद्वारे पहुंचीए वहीं विधिपूर्वक पूजन.अर्चन व भोग.आरती के बाद तमसा नदी तट पर कलश व महाज्योति का विसर्जन किया गया। इस दौरान कई स्थानों पर फलाहार व प्रसाद के स्टाल लगाकर सिधी समाज के लोगों ने श्रद्धालुओं की सेवा किया। समारोह में डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर युवाओं ने उत्सव में चार चांद लगाया। सिधी नवयुवक झूलेलाल सेवा समिति की ओर से आयोजित झूलेलाल जयंती समारोह में संपूर्ण जनपद के सिधी समाज के लोग सदर चौक स्थित सिधी कालोनी के गुरुद्वारे के पास एकत्र हुए। घर.घर से लाए दीपकों व प्रसाद से झूलेलाल साईं की विधि.विधान से पूजा कर भोग लगाया गया। इसके बाद श्आयो झूलेलालश् सहित अन्य सिधी भजनों पर युवक.युवतियों ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। झूलेलाल जन्मोत्सव के संबंध में बताते हुए अशोक तनवानी व सेवक तनवानी आदि ने बताया कि सिधी समाज के लोग सदियों से व्यापार से जुड़े रहे हैं। समुद्री मार्ग से भी व्यापार होता थाए जिसमें समुद्री तूफान से लेकर डाकूओं तक का खतरा रहता था। इसलिए व्यापारिक यात्रा की शुरुआत में महिलाएं वरुण देवता एवं जल देवता की स्तुति करती थीं। इस दौरान सिधी समाज ने सर्व समाज एवं राष्ट्र की कुशलता की प्रार्थना किया। इस अवसर पर रवि कुमारए अशोक रतवानीए सेवक तानवानी आदि मौजूद रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार की मासिक बैठक संपन्न

मीरजापुर अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण इकाई मीरजापुर की मासिक बैठक जिला उपाध्यक्ष रमेश सोनी के नटराज कालोनी गनेशगंज स्थित आवास पर सम्पन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता संरक्षण के जिलाध्यक्ष मीरजापुर जय प्रकाश सेठ ने किया तथा संचालन जिला महामंत्री संजय कुमार गुप्ता ने किया । बैठक में वर्तमान जिला इकाई की मैराथन समीक्षा किया गया तथा संरक्षण की नयी जिला नगर ए वार्ड ब्लाक कमेटी 20 अप्रैल तक बनाने का निर्देश संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय एड 0 ने दिया । बैठक में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्राइवेट विद्यालयों में 20: सीट गरीब विद्यार्थियों के लिए आरक्षित करने के प्रावधान की आड़ में मीरजापुर जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अधिनियम के नियम के विरूद्ध गरीब बच्चों के प्रवेश के हक पर डाका डालते हुए करोड़पति के बच्चों का प्रवेश पैसा लेकर किया जा रहा है ।

मिस इंडिया दीपा सेठ को किया गया सम्मानित

संवाददाता। सोनभद्र

जनपद मुख्यालय स्थित न्यू कालोनी की रहने वाली मिस इंडिया दीपा सेठ का रविवार को नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता समेत अन्य लोगो द्वारा सम्मानित किया गया। मल्लिका ए अवध द्वारा वाराणसी में आयोजित मिस इंडिया प्रतियोगिता में राबर्ट्सगंज नगर स्थित न्यू कॉलोनी की निवासी दीपा सेठ प्रथम स्थान पर रहते हुए मिस इंडिया का खिताब अपने नाम कर लिया था। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से कुल 4237 प्रतियोगियों ने भाग लिया था। जिसमे दीपा सेठ प्रथम स्थान पर रही। दीपा सेठ आगामी नवंबर माह में फेमिना द्वारा आयोजित मिस इंडिया प्रतियोगिता में भी चयनित है। जहां उन्हें प्रतिभाग करना है। मिस इंडिया खिताब जीतने पर रविवार को दीपा सेठ के आवास पर जाकर नगर पालिका परिषद, सोनभद्र के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सोनभद्र के जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओ के साथ बधाई दिया। श्री गुप्ता ने कहा कि जनपद के लिए यह गौरव की बात है कि यहा कि युवतियां राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय धरातल पर पहचान बनाने के साथ ही जनपद का गौरव भी बढा रही है। दीपा सेठ को मिली इस एतिहासिक सफलता से यहां के अन्य युवतियों मे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के सभासद बिनोद सोनी व राहुल शर्मा रहे।

हनुमान मंदिर पर जागरण का कार्यक्रम संपन्न

मुग़लसराय चन्दौली । भारतीय हिन्दू नववर्ष 2079 के पावन पर्व पर स्टेशन पर परिसर स्थित श्री हनुमान जी मंदिर पर जागरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसकी शुरुआत सर्वप्रथम श्री हनुमान चालीसा बजरंग बाण एवं हनुमान अष्टक से किया गया किया गया जिसमें श्यामलालजीएमहेश मधुरएछांगूर जायसवालए सुरेश कुमार विश्वकर्मा इत्यादि लोगों ने भाग लिया इसके पश्चात भजन का जो कार्यक्रम प्रारंभ हुआ उसमें सर्वप्रथम आनंद गुप्ता ने जिसे रामनाम जपना पसंद उसे हर घड़ी आनन्द ही आनन्द हैएमहेश मधुर ने माताजी की वंदना करते हुए कहा कि चढ़ते नवरातर माई देनी दरशनवा तथा दुर्गा मैया क होता श्रृंगार होए जितेंद्र जायसवाल ने कहा कि मैया का दरबार सुहाना लगता है गुरु श्याम लाल जेकर राम ना बिगड़े ओकर कोई का बिगाड़ीए संदीप कुमार ने मैहर से भैया चुनरिया ले ले अहिआ तथा छांगुर जायसवाल ने मां अम्बे तू है कल्याणी सुनाया।

समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ का आगमन आज

संवाददाता। सोनभद्र

उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति व जनजाति कल्याण विभाग के राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ दुसरी बार मंत्री बनने के बाद प्रथम जनपद आगमन आज हो रहा है। राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ जनपद सोनभद्र में आगमन पर भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र के कार्यकर्ताओं द्वारा करमा हिन्दुआरी मे स्वागत करते हुए भाजपा कार्यालय राबर्ट्सगंज कार्यालय पर दोपहर 02.00 बजे पहुंचेंगे वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष सांसद विधायक एवं पार्टी के पदाधिकारियों से मुलाकात वार्ता करने के उपरान्त मारकुंडी सलखन पटवध चोपन बैरियर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत कार्यक्रम के बाद ओबरा वीआईपी गेस्ट हाउस में पहुंचेंगे। इस आशय की जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

सोनभद्र में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बाईपास की मांग को लेकर दिया धरना

संवाददाता। सोनभद्र

राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार सोनी के नेतृत्व में राबर्ट्सगंज नगर के ब्यापारियों ने मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के साथ साईं मंदिर के पास राबर्ट्सगंज सोनभद्र में धरना प्रदर्शन कर नगर कें मुख्य बाजार धर्मशाला रेलवेफाटक रोड को उ. प्र शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा दिनांक 21अगस्त 2020 को स्टेट हाइवे घोषित करने की अधिसूचना जारी करने पर नगर के हजारों ब्यापारियों को बर्बाद होने से बचाने हेतु नगर पालिका और जमींदारी क्षेत्र की जमीन की रोड को स्टेट हाइवे घोषित का पुर जोर विरोध कर रोड के दोनों तरफ कई हजार ब्यापारियों को आगामी भविष्य में उजड़ने व बर्बाद होने से बचाने हेतु नगर के बाहर बाई पास बनाने की मांग मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी सोनभद्र से किया। मानवाधिकार प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने कहाँ कि राबर्ट्सगंज नगर की धर्मशाला से रेलवे फाटक मार्ग की रोड को स्टेट हाइवे घोषित कराने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का हाथ है विगत अगस्त माह वर्ष 2019 में हुयी सड़क की नापी के विरोध में नगर के लोगों ने काफी विरोध किया था और नगर के बाहर बाई पास बनाने की मांग को लेकर आंदोलन भी किया गया था और स्थानीय पी.डब्लू.डी विभाग के अधिकारियों ने लिखित जवाब दिया था कि वर्तमान में यह रोड स्टेट हाइवे नहीं है और ना ही कोई चौड़ीकरण की योजना है इसके बावजूद भी पी.डब्लू. डी विभाग और स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने नगर के लोगों के साथ धोखा देकर गोपनीय तरिके से प्रस्ताव भेजकर नगर की रोड स्टेट हाइवे घोषित करा दिया। और अपने साढ़े चार साल के कार्य काल की उपलब्धि को लेकर विगत सितंबर माह 2021 में हुए प्रेस वार्ता में भी नगर की रोड को स्टेट हाइवे घोषित कराने में अपना योगदान बता चुके है।

जंगल बचाने से बचेगा जन-जीवनः डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि अग्निकांड के लिए एक-दो महीना खासे संवेदनशील हैं। सब लोगों को सजग रहकर जंगलों को अग्निकांड से बचाना होगा, तो ही जनजीवन सुरक्षित रहेगा। जीवन के लिए आक्सीजन की जरूरत होती है। आक्सीजन के बिना कोई नहीं रह सकता। रविवार को जिलाधिकारी ने मानिकपुर ब्लाक के करौंहा गांव में अग्नि सुरक्षा एवं जागरूकता गोष्ठी में कहा कि आग लगने की जानकारी लोग उन्हें या पुलिस अधीक्षक आदि को बता देते हैं। इसमें सबके सहयोग की जरूरत होती है। आग लगने पर सभी लोग बुझाने का प्रयास करें। थोडी सी चूक वन्य जीव व जंगलों को क्षति पहुंचाती है। महुआ बीनने को कहीं पर भी आग न लगायें। छोटी सी लापरवाही से बडी घटना हो जाती है। डीएफओ आरके दीक्षित ने कहा कि अग्निशमन विभाग को सतर्क रहने के साथ युवकों की टीम बनायें। सभी को प्रेरित करें कि कैसे आग बुझायें। प्राथमिक तौर पर आग बुझाने को मिट्टी डालकर कुछ हद तक रोका जा सकता है। पाठा में पेयजल समस्या 2022 तक समाप्त हो जायेगी। जलजीवन मिशन के तहत घर-घर लोगों को जल पहुंचा देंगे।

मऊ सर्राफ मंडल के अध्यक्ष बने विजय सर्राफ

संवाददाता। मऊ

मऊ सर्राफा मंडल का वार्षिक चुनाव मुहल्ला राजारामकापुरा में स्थित स्वण् महेश चंद्र आर्य के आवास पर चुनाव अधिकारी राजेन्द्र प्रताप आर्य की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इसमें विजय कुमार सर्राफ को अध्यक्षए विष्णु कुशवाहा को उपाध्यक्षए मनीष कुमार वर्मा मंत्रीए जवाहर लाल चौहान को उपमंत्रीए अनिल कुमार उपाध्याय को आय.व्यय निरीक्षक सर्वसम्मति से चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय कुमार सर्राफ ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही साथ नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय कुमार सर्राफ ने बताया कि वे सर्राफा कारोबारियों के हितों के संरक्षण को लेकर पूरी तरह से कटिबद्ध हैं। इस अवसर पर मुख्य रुप से वरिष्ठ सदस्य रमेश चंद्र आर्यए जमुना प्रसाद सर्राफ ए प्रकाश चंद्र सर्राफए नसीम अहमदए घनश्याम वर्माए कन्हैया सर्राफए विरेन्द्र चौहानए हरि यादवए गिरधर लालए जितेन्द्र प्रसादए दीनानाथ वर्माए मनीष सर्राफए राम बचन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

भारत-रूस संबंध

बिजनेस महत्वपूर्ण

भारत ने अपने हित में रूस के साथ बिजनेस करने के फैसले का बचाव किया है। नई दिल्ली ने रूस के साथ अपने संबंधों पर पश्चिम की उतार-चढ़ाव वाली प्रतिक्रिया अच्छी तरह समझ ली है। संरक्षक की तरह की जाने वाली उसकी टिप्पणियां व दृष्टिकोण परेशान करने वाला है। भारत का दृष्ट्रिकोण निरंतरता से भरा तथा तीन चीजों की अभिव्यक्ति करने वाला है। इसमें राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता, यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपमान की चिन्ता तथा सबके साथ दीर्घकालीन संबंधों का सम्मान शामिल है। भारत, पश्चिम या रूस किसी के खेमे में नहीं है। वह युद्ध का समर्थन नहीं करता है और उसने संवाद के माध्यम से संकट समाधान का आह्वान किया है। भारत के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के मामले में नाटकीय भूमिका निभाने वाले सभी पक्षों से बातचीत की है। रूस से सस्ता तेल खरीदना भी भारत के हित में है, लेकिन पश्चिम इसके बावजूद भारत के साथ खेल कर रहा है। मार्च की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस के संबंध में भारत की स्थिति को 'अस्थिर' कहा था। पिछले सप्ताह राजनीतिक मामलों में अमेरिका के उप विदेश सचिव विक्टोरिया नुलंद ने भारत को सलाह दी। उन्होंने कहा, अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण है कि भारत उसके साथ हो ताकि पता चले कि 'हम रूस के साथ कहां हैं' और 'महत्वपूर्ण है कि हम दोनों यह काम साथ करें।' अब अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र पर उप एनएसए दलीप सिंह ने भारत में उन देशों को 'नतीजे' बताये जो 'प्रतिबंधों को किनारे करने या निष्प्रभावी बनाने का प्रयास कर रहे हैं।' लेकिन वाशिंगटन में विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एकदम अलग बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि देशों के 'रूसी संघ के साथ अपने संबंध हैं।' उन्होंने कहा, यह भूगोल का तथ्य है और 'हम इसे बदलने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया, अमेरिका केवल यह देखने में दिलचस्पी ले रहा है कि 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय एकजुट स्वर में बात करे।' हालांकि, रुपया-रूबल व्यापार पर प्राइस का जवाब महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, 'यह अच्छी बात है। हम इसे समझते हैं।' भारत ने शायद अंततः तय कर लिया है कि वह साफ-साफ बात करेगा, क्योंकि राजनयिक रूप से एक पक्ष को छोड़ देना न सकारात्मक है और न तार्किक। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अतिथि ब्रिटिश विदेश सचिव लिज़ ट्रस को बताया कि भारत कुछ समय से देख रहा है कि 'इस मुद्दे पर एक अभियान सा चल रहा है।' उनका संदर्भ भारत द्वारा रूस से सस्ता तेल खरीदने की ओर था। उन्होंने बिना कोई लागलपेट के सीधे कहा कि यूरोपियन रूसी गैस के सबसे बड़े खरीदार हैं, जबकि भारत इसे बहुत कम खरीदता है। भारत ने इससे संभवः यही संदेश दिया है कि जब यूरोप यही काम कर रहा है तो भारत को अलग से क्यों देखा जा रहा है।

तथ्य यह है कि अमेरिका और यूरोप रूसी गैस के मामले में गलत तरीके से फंस गए हैं। प्रतिबंधों से अमेरिका में गैस के दाम बढ़ गए हैं जहां जल्द ही कार्यकाल के मध्य में चुनाव होने वाले हैं। अमेरिका अपने देश में मुद्रास्फीति तथा महंगाई रोकने के लिए रोज एक मिलियन बैरल तेल जारी कर रहा है। यूरोप में जर्मनी रूसी गैस के बिना नहीं रह सकता है, चाहे प्रतिबंध लगे हों या नहीं। रूस ने धमकी दी है कि यदि यूरोपीय खरीदार रूबलों में भुगतान नहीं करते हैं तो वह गैस सप्लाई बंद कर देगा। इसके बदले जर्मनी आंतरिक गैस सप्लाई की राशनिंग पर विचार कर रहा है। ब्रिटेन फिर से फ्रैकिंग की अनुमति देने पर विचार कर रहा है। इसलिए समस्या भारत के साथ नहीं, बल्कि कहीं और है।

आतंकवाद की जकड़ में बांग्लादेश

बांग्लादेश में सत्तासीन शेख हसीना सरकार दोषियों को सजा दिलाने में काफी हद तक सफल रही है लेकिन हिंसा के खतरे टले नहीं हैं।

हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)

सिलहट आतंकवाद विरोधी विशेष न्यायाधिकरण ने 12 मई, 2015 को बांग्लादेश के सिलहट में लेखक-ब्लॉगर अनंत बिजॉय दास की हत्या के लिए चार लोगों को मौत की सजा सुनाई। चार लोगों में से - अबुल खेर राशिद अहमद, अबुल हुसैन उर्फ अबुल हुसैन, हरानूर राशिद और फैसल अहमद - अबुल खेर हिरासत में है। बाकी फरार हैं। फैसला महत्वपूर्ण है। यह उस हिंसक चुनौती पर केंद्रित है जो चरमपंथी इस्लामी आतंकवादी संगठनों ने बांग्लादेश और उसके धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक मानवतावादी नागरिक समाज के सामने पेश की है, जिसमें ब्लॉगर भी शामिल हैं जो अक्सर नास्तिक हैं जो धर्म की निंदा करते हैं।

जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश (जमात) और रजाकार, अल-बद्र और अल-शम्स जैसे संबद्ध संगठनों जैसे उग्रवादी कट्टरपंथी इस्लामी दलों ने पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए भयानक अत्याचारों के साथ सहयोग किया और भाग लिया। 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश की मुक्ति के बाद उनके कुछ नेताओं के विदेश भाग जाने के कारण 1971 का मुक्ति युद्ध लकड़ी के काम में आ गया। 15 अगस्त, 1975 को शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के बाद वे फिर से उभर आए और दोनों के शासन द्वारा सक्रिय रूप से पदोन्नत किया गया। सैन्य तानाशाह, जनरल से राष्ट्रपति बने जिया-उर रहमान और एचएम इरशाद, और छद्म-नागरिक सरकारें, जो समय-समय पर सत्ता का संचालन करती थीं, उसके बाद हुईं। प्रधान मंत्री खालिदा ज़िया (1991-96 और 2001-06) के नेतृत्व वाली दो सरकारों के तहत जमात के साथ गठबंधन में समर्थन जारी रहा।

जमात और संबद्ध संगठनों के इर्द-गिर्द एकत्रित तत्वों को अफगानिस्तान पर कब्जा करने वाली सोवियत सेना पर मुजाहिदीन की जीत (27 दिसंबर, 1979 से 15 फरवरी, 1989) और तालिबान की जीत से बढ़ावा मिला, जो 1994 में बनी थी और शासन में आई थी। सितंबर 1997 से लगभग पूरे अफगानिस्तान में। हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी-बांग्लादेश (हुजीब), जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेयूएमबी) और जागृत मुस्लिम जनता बांग्लादेश (जेएमजेबी) जैसे संगठनों ने हिंसा शुरू की। बड़े पैमाने पर जिसने बांग्लादेश को हिलाकर रख दिया।

संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश, जो 1990 के दशक के उत्तरार्ध से अफगानिस्तान में तालिबान सरकार की मध्ययुगीन, प्रतिगामी नीतियों और अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के खिलाफ अल-कायदा के आतंकवादी हमलों के कारण बेहद असहज हो गए थे, ने बेगम जिया पर कड़ा दबाव डाला। सरकार कार्रवाई करे। 2009 में शेख हसीना के प्रधान मंत्री के रूप में दूसरी अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद और अधिक गंभीर प्रयास किए गए। परिणामी उपायों के कारण अराजकता में कुछ कमी आई, और आतंकवादी संगठन भूमिगत हो गए।

दो आतंकवादी संगठन जो अपने स्थान पर प्रमुखता से उठे और अपने अस्तित्व को ज्ञात किया, वे हैं अंसार-अल इस्लाम, जिसे पहले अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के रूप में जाना जाता था, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल कायदा से संबद्ध था, और दाएश इराक में मूल इस्लामिक स्टेट और सीरिया (आईएसआईएस) से संबद्ध था। उन्होंने ब्लॉगर्स की हत्या में एक प्रमुख भूमिका निभाई है, जो 15 फरवरी, 2013 को ढाका में अहमद रजीब हैदर की हत्या के साथ शुरू हुई थी।

ब्लॉगर्स पर हमले के बाद कई घटनाक्रम हुए, जो 1973 के अंतर्राष्ट्रीय अपराध (ट्रिब्यूनल) अधिनियम में संशोधन के साथ शुरू हुए, जो गतिविधियों की जांच के लिए अधिनियमित किया गया था - और नरसंहार के दोषी व्यक्तियों, मानवता के खिलाफ अपराध, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के तहत अपराध। कानून, मुक्ति संग्राम के दौरान। 2009 में अधिनियम में संशोधन किया गया था और युद्ध अपराधियों और सहयोगियों पर मुकदमा चलाने के लिए क्रमशः 2010 और 2012 में दो अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण स्थापित किए गए थे। जमात और संबद्ध संगठन, जिनके नेताओं ने पाकिस्तानियों के साथ सहयोग किया था और स्वयं अकथनीय अत्याचारों को अंजाम दिया था, हिंसक विरोध में फैल गए, जो कि सजा की घोषणा के रूप में फैल और तीव्रता में बढ़ गया।

हालाँकि, अन्य लोगों ने महसूस किया कि वाक्य पर्याप्त कठोर नहीं थे। मामला तब और बढ़ गया जब जमात के सहायक सचिव अब्दुल कादर मुल्ला को 5 फरवरी, 2013 को मानवता के खिलाफ अपराधों के छह मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई गई। जबकि जमात ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की, युद्ध अपराधों के दोषी मुल्ला और अन्य लोगों को मौत की सजा की मांग करते हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इन मांगों को लेकर हजारों लोग, जिनमें अधिकतर छात्र और युवा थे, ढाका के शाहबाग चौराहे पर जमा होने लगे। सभा बड़े पैमाने पर हो गई और आंदोलन बांग्लादेश के अन्य हिस्सों में फैल गया। अंत में, बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने फैसले को पलट दिया और मुल्ला को मौत की सजा सुनाई। उन्हें 12 दिसंबर 2013 को ढाका जेल में फांसी दी गई थी।

युद्ध अपराधों के मुकदमे के विरोधियों ने हत्या के साथ जवाब दिया। जैसा कि ऊपर देखा गया है, अंसारुल्ला बांग्ला टीम (बाद में अंसार-अल इस्लाम) के हथियार चलाने वाले कार्यकर्ताओं ने ब्लॉगर अहमद रजीब हैदर की हत्या कर दी, जो 15 फरवरी, 2013 को ढाका में शाहबाग सभा में सक्रिय थे। इसके बाद अन्य हत्याएं हुईं। मारे गए लोगों में न केवल ब्लॉगर बल्कि एलजीबीटी कार्यकर्ता, शिया, हिंदू शिक्षाविद शामिल थे - वास्तव में, सभी धार्मिक कट्टरता के विरोधी और मानवतावाद, धर्मनिरपेक्षता और तर्कवाद के समर्थक थे। प्रोफेसर अली रियाज़ ने अल जज़ीरा (28 जून, 2016) में बांग्लादेश : इस्लामिस्ट मिलिटेंसी, डेमोक्रेसी डेफिसिट एंड व्हेयर टू नेक्स्ट? में लिखा, पिछले 17 महीनों में कम से कम 49 लोग मारे गए हैं। उद्देश्य सरल था - आतंक का माहौल बनाना जिसमें कट्टरपंथी आतंकवादियों और संबद्ध संगठनों के विकृत विश्वदृष्टि के खिलाफ कोई भी नहीं बोलेगा।

1 जुलाई, 2016 को ढाका में होली आर्टिसन बेकरी पर हुए नृशंस हमले से मजबूत आतंकवाद विरोधी अभियान, जिसमें बांग्लादेशी सेना के कमांडो द्वारा मारे गए पांच आतंकवादियों के साथ 18 विदेशियों और महिलाओं सहित 20 लोगों को बेरहमी से मार दिया गया था। ईबब के लिए हिंसा। फिर भी, यह जारी है - पिछले साल 13 से 19 अक्टूबर तक हिंदू विरोधी दंगे, जिसके दौरान सात हिंदुओं सहित कम से कम 11 लोग मारे गए थे, स्पष्ट रूप से इस्लामी आतंकवादी संगठनों का काम था। सख्त कार्रवाई करने वाली शेख हसीना की सरकार को सतर्क रहने की जरूरत है।

वादे पूरे करने हेतु सही नियोजन आवश्यक

वीरेंद्र सिंह रावत
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

खासकर लोकतांत्रिक देशों में लोकरंजकता एक वैश्विक परिघटना है और चुनावों के दौरान इसे अत्यधिक विस्तार मिल जाता है। परिभाषा पर गौर करें तो लोकरंजकता का अर्थ आम जनता की मूल आवश्यकतायें तथा महत्वाकांक्षायें पूरी करना है। इसे सार्वजनिक घोषणाओं से जोड़ा जाता है, भले ही इसका अर्थ राजकोषीय व्यावहारिकता या आर्थिक जीवन्तता पर ध्यान न देना हो। लेकिन इसके बावजूद लोकरंजकता की एक कीमत होती है। लोकरंजक शब्दावली में बनी योजनाओं व परियोजनाओं को तभी संभव बनाया जा सकता है जब उपयुक्त फंडिंग तथा नियोजन की व्यवस्था हो। 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव समय की कसौटी पर खरी उतरी लोकरंजक नीतियों से कुछ खास अलग नहीं थे। भारत में लोकरंजक घोषणाओं ने चुनावी नतीजे निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका अदा की है। विश्वास किया जाता है कि मतदाता उस राजनीतिक पार्टी की ओर झुकते हैं जो बढ़-चढ़ कर आकर्षक चुनाव-पूर्व घोषणायें करती है। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दूसरी सरकार ने कमान संभाल ली है। उसके सामने राजकोषीय गणित ठीक रखने तथा लोकरंजक वादे पूरे करने के बीच रस्सी पर चलने जैसा काम है। यह महंत से मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ की कठोर परीक्षा होगी।

2022 में जारी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के चुनाव घोषणापत्र या 'लोक कल्याण संकल्प पत्र' को देखने से स्पष्ट है कि नई सरकार को अपनी लोकरंजक घोषणायें तथा रियायतें पूरी करने के लिए 50,000 करोड़ रुपये से अधिक अतिरिक्त बजटीय आबंटन की आवश्यकता होगी। मजेदार बात है कि विपक्षी पार्टियों, खासकर समाजवादी पार्टी-सपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की जनता को चांद तोड़ कर लाने का वादा किया था। लेकिन उनकी पराजय ने उनको अपने चुनावी वादे पूरे करने के लिए कार्ययोजना बनाने की जटिलता से मुक्ति दिला दी है। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में सभी प्रमुख वर्गों से जुड़ी चीजें रखी हैं जिनमें कृषि, सामाजिक सुरक्षा, डेरी, गन्ना, ढांचागत संरचना, कौशल विकास, रोजगार, आदि शामिल हैं। अनुमान है कि इन मुद्दों पर राज्य सरकार द्वारा संचालित आम सार्वजनिक कल्याण कार्यक्रमों पर खर्च पैसे से अतिरिक्त पैसा खर्च करना होगा। उदाहरणार्थ इस पर गौर करें: भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि वह जीवन्त शीत श्रृंखला विकसित करने पर 25,000 करोड़ रुपये

खर्च करेगी ताकि किसानों को प्रमुख बागवानी फसलों का लाभदायक मूल्य मिल सके। इस योजना का नाम सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि ढांचा मिशन रखा गया है। इसी प्रकार एक अन्य विशाल योजना पर 10,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जबकि खेतों को सिंचाई सुविधा बढ़ाने पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

भाजपा ने अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए राज्य चीनी मिलों के उच्चीकरण हेतु 5,000 करोड़ रुपये की भारी-भरकम धनराशि का वादा किया है। इसका लक्ष्य उत्तर प्रदेश की चीनी मूल्य श्रृंखला को समृद्ध करना है जिसका संबंध सीधे 4 मिलियन से अधिक किसान परिवारों से है जो सीधे गन्ने की खेती व संबंधित गतिविधियों से जुड़े हैं। चूंकि यह घोषणापत्र किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में बनाया गया था, इसलिए इस पर स्पष्ट रूप से कृषि क्षेत्र की छाप है। भाजपा के घोषणापत्र में शामिल अन्य योजनाओं के लिए भी बजटीय आबंटन की जरूरत होगी जिनका लक्ष्य विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक प्रगति तेज करना तथा रोजगार सृजन व स्वरोजगार गतिविधियों को बढ़ावा देना है। हालांकि, 50,000 रुपये से अधिक वित्तीय खर्च आने वाले वित्त वर्षों में विभाजित होगा, पर इसे उत्तर प्रदेश में बजट के आकार तथा अनेक वित्तीय सीमाओं व बाधाओं के संबंध में भी देखना होगा। 16 दिसंबर, 2021 को योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार ने 2022-23 के लिए उत्तर प्रदेश का 5.4 ट्रिलियन रुपयों का बजट रखा था। उस समय उत्तर प्रदेश चुनावों के निकट था। अंतरिम बजट का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होता है कि वर्तमान विकास परियोजनायें जारी रहें तथा चुनावों के दौरान सरकार के छोटे-मोटे खर्च चलते रहें। यह उस समय के लिए होता है जब आदर्श आचार संहिता लागू हो तथा चुनाव के बाद नई सरकार का गठन हो रहा हो।

अब आने वाले महीनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूसरी सरकार की कैबिनेट पूर्ण बजट रखेगी। इस पूर्ण वार्षिक वित्तीय कथन में वित्तीय संसाधन बढ़ाने की रूपरेखा भी शामिल होगी जिससे पता चलेगा कि चुनाव घोषणापत्र में व्यक्त दृष्टिकोण को जमीन पर कैसे उतारा जाएगा। उत्तर प्रदेश के अंतरिम बजट में योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार ने लेखानुदान के माध्यम से केवल 1.68 ट्रिलियन रुपये प्राप्त किए थे जो चार महीनों, अप्रैल-जुलाई 2022-23 के लिए प्रभावी रहेंगे। अनुमान है कि इनसे सदन में पूर्ण बजट रखने से पहले सरकार को मजबूती का काफी अवसर मिलेगा। अंतरिम बजट के अनुसार, पूंजी व राजस्व खर्च को लगभग 1.31 ट्रिलियन व 4.14 ट्रिलियन रखा गया था। बजट का अनुमान था कि कुल प्राप्तियां 5.45 ट्रिलियन से थोड़ी कम होंगी जिनमें पूंजी व राजस्व प्राप्तियां शामिल हैं। अनुमानित 4.53 ट्रिलियन रुपयों की राजस्व प्राप्तियों में 2 ट्रिलियन से अधिक राज्य के अपने कर संग्रह से मिलेंगे, जबकि 1.26 ट्रिलियन केन्द्रीय करों में उसके हिस्से से प्राप्त होंगे। इसके साथ ही गैर-कर राजस्व और केन्द्रीय योजनाओं से उसे क्रमशः 23,400 करोड़ तथा 95,000 करोड़ रुपयों की प्राप्ति होगी। हालांकि, कागज पर राज्य काफी अच्छी वित्तीय स्थिति में दिखता है, पर सरकार के अनेक फ्लैगशिप कार्यक्रमों में सुस्ती दिख रही है जिनमें एक्सप्रेसवे, सार्वजनिक कल्याण योजनायें, मुफ्त राशन, आदि हैं जिन पर राजस्व का बड़ा हिस्सा खर्च होता है। उत्तर प्रदेश के अंतरिम बजट में अनुमान लगाया गया है कि विभिन्न स्रोतों से 2022-23 के दौरान विभिन्न प्रकार के कर्जों से 90,000 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। कर्ज की वर्तमान अदायगी को देखते हुए सार्वजनिक कर्ज पर नियंत्रण बनाए रखना होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तेल मूल्यों में वृद्धि और वैश्विक महामारी किसी भी सरकार के लिए चिन्ता के दो प्रमुख क्षेत्र हैं। इसलिए सरकार को बजट के मोर्चे पर सुस्पष्ट योजना बनानी होगी तथा प्राप्तियों व खर्च में उपयुक्त संतुलन बनाने की व्यवस्था तेजी से करनी होगी। इसके साथ ही अप्रत्याशित स्थितियों के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

आप की बात

योगी मंत्र, सक्रिय तंत्र

उप्र के मुख्यमंत्री योगी ने बृहस्पतिवार को राजधानी लखनऊ में राजभवन के पास जाम में फंसी एम्बुलेंस को आगे निकालने का आदेश दिया। मानवीय संवेदना के इस कार्य की प्रशंसा सभी कर रहे है। वाराणसी के दौरे में अधिकारियों के साथ बैठक कर योगी ने अधिकारियों को अपनी छवि सुधारने का निर्देश दिया।जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करे। वहीं पुलिस अधिकारियों को थानों को दलाल मुक्त बनाने का आदेश दिया। जनता से मित्रवत व्यवहार करने की सलाह दिया।हर विभाग में अधिकारी गण जिले से लेकर विकासखंड तक अपने व्यवहार में सुधार लाये। अक्सर घटना होने के बाद अधिकारी समय से मौके पर नही पहुँचते। जिससे शासन प्रशासन की छवि धूमिल होती है। सरकारी अधिकारी सूचना पर तुरन्त पहुंचे और मीडिया को सही जानकारी दे। योगी का जोर भ्रष्टाचार और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का है। जिसे कायम रखने के लिये सक्रिय और जवाबदेह प्रशासनतन्त्र की जरूरत है। योगी जी को उन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिये। जो अपने आचरण और कर्तव्य भ्रष्टता से सरकार की बदनामी कर रहे हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

गंभीर विषय

आज, मानसिक अस्वस्थता एक बड़ी समस्या के तौर पर उभरा है। हाल ही में कुछ वैज्ञानिकों द्वारा एक अध्ययन किया गया था जिसका उद्देश्य आपराधिक मामलों के बढ़ने का कारण पता लगाना था यथा अध्ययन खत्म होने पर चौंकाने वाली बात सामने आई की अधिकांश आपराधिक घटनाएं बिमार मानसिक अवस्था के कारण हो रही है, यानी अपराध जैसे चोरी, हत्या, और सबसे दयनीय आत्महत्या घटने के पीछे मानसिक उपद्रव और मानसिक तनाव एक बड़ा कारण है। दरअसल, स्थिति कुछ ऐसी है जहां बिगड़ते हालातों में इंसान मानसिक तनाव झेल अनैतिक कार्य कर रहा है और यही वह बात है जो मानसिक स्वास्थ्य को एक गंभीर विषय बनाती है। लेकिन आज हमारा समाज? मानसिक अस्वस्थता सुनते ही उसे पागलपन के साथ जोड़ कर देखने लगता है और यही सब वो बातें हैं जो इस तरफ इशारा करती है कि समाज क्यों मानसिक स्वास्थ्य के मर्म से अनजान हैं। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य में हमारा भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल होता है यानी अगर हमे इन तीन पहलुओं पर पकड़ बनानी है तो मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता के साथ समझना होगा।

- **निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

रैगिंग रोकना जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समसामयिक मुद्दों पर संबंधित लोगों से रूबरू चर्चा करना लोगों में हिम्मत बंधाने का काम करता है। 'परीक्षा पर चर्चा' के माध्यम से प्रधानमंत्री ने छात्रों को परिस्थितियों से लड़ने और आत्मविश्वास पैदा करने की कई सीख दी। यह सकारात्मक पहल है। आज उच्च शिक्षा रैगिंग जैसे घातक रोग से पीड़ित है जिसमें अक्सर विद्यार्थी तनाव में आकर जान गवा बैठते हैं। रैगिंग की कुप्रथा ने हमारे लाखों प्रतिभावान डॉक्टरों को हमसे छीन लिया है। उज्जैन जिले के एक छोटे से गांव के किसान के बेटे चेतन की संदेहास्पद मौत कॉलेज के प्रशासन के रवैये पर सवालिया निशान तो है ही संबंधित कानून पर पड़ी धूल को साफ करने की जरूरत भी महसूस करवाती है। प्रधानमंत्री अब तक कई अनछुए पहलुओं को अपनी चर्चा में लाकर उनका समाधान सामने लाए हैं। रैगिंग जैसे घातक अपराध पर प्रधानमंत्री का मंतव्य जरूरी है ताकि छात्र आत्मविश्वास के साथ विद्या अध्ययन कर समाज सेवा की इस अनुपम उपलब्धि डॉक्टरी को प्राप्त कर सके।

- **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

फरमाया

हमें बिम्स्टेक देशों के बीच आंतरिक व्यापार बढ़ाने के प्रयास तेज करने होंगे।

- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

रूस की गंभीरता पर संदेह है। वह कहता कुछ और है तथा करता कुछ और है।

- **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव

हमारी सरकार लाकडाउन आदेश के उल्लंघन के संबंध में दर्ज सभी मामले वापस ले लेगी।

- **दिलीप वालसे पाटिल**
महाराष्ट्र के गृह मंत्री

अयोध्या में फिर शुरू हुई रामलीला

अयोध्या। अयोध्या शोध संस्थान (संस्कृति विभाग) द्वारा स्थगित हुई अनवरत रामलीला का पुन: शुभारम्भ नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच, अन्तर्राष्ट्रीय रामलीला संकुल के प्रेक्षागृह में सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता एवं मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। प्रथम दिवस में अवध आदर्श रामलीला मण्डल, अयोध्या के कलाकारों ने नारद मोह प्रसंग से मंचन किया।

इस अवसर पर मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने कहा कि अयोध्या में वर्ष भर भगवान राम के जीवन चरित्र से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा। जिससे अयोध्या आने वाले श्रद्धालु यहां प्रवास के दौरान राम चरित्र का अनुभव कर सके। उक्त अवसर पर अयोध्या सांसद श्री लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या एक धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है जिसका विकास अब तेजी से हो रहा है। आज अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी का मंदिर के साथ.साथ रेलवे स्टेशनए सड़कए एयरपोर्ट आदि अनेक कार्य चल रहे हैं। रामनगरी को जोड़ने वाली सभी सड़कों को बेहतर किया जा रहा है। अंत में सांसद श्री लल्लू सिंह ने संस्कृत विभाग के अधिकारी को समय से सूचना ना देने पर कड़ी फटकार लगाई तथा यह भी कहां की इस कार्यक्रम में आम जनता के साथ साथ अयोध्या के साधु संतों को भी बुलाना चाहिए।

विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता ने अयोध्या के घाटों के सौन्दर्यीकरण समेत अयोध्या को पर्यटन नगरी बनाने और विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक, डॉ. लवकुश द्विवेदी ने मुख्य अतिथि सांसदए विधायक तथा विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त महोदय समेत अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ व अगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। मंडल आयुक्त ने अंत में कहा कि रामनवमी पर्व की तैयारियों को समय से पूर्ण कर ले जिससे किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

सांस्कृतिक महत्व व भावनात्मक रिश्तों की हो पहचान

प्रयागराज। जहां मिठाइयों की शुरुआत को लेकर पीढ़ियों से कई कहानियां चली आ रही हैं। वहीं हमारी पारंपरिक मिठाइयों का सांस्कृतिक महत्व हमारे स्वाद से कहीं ज्यादा गहरा है। हम सभी का अपनी पसंदीदा मिठाइयों से एक भावनात्मक रिश्ता रहा है। ज़ी टीवी के आगामी शो मिठाई की नायिका मिठाई की दीवानी है। वह अपने स्वर्गीय पिता की आलू जलेबियों की विरासत को जिंदा रखना चाहती है। इसे हर घर में पहुंचाने की ख्वाहिश रखती है। मिठाई चार अप्रैल से शुरू होगा। जो हर सोमवार से शनिवार शाम सात बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। अभियान की सबसे खास बात यह थी कि मुंबई की सड़कों पर दुनिया की सबसे बड़ी जलेबी बनाई जा रही थी। मिठाई के लांच के दौरान सभी के बीच मिठास और खुशियां फैलाने के उद्देश्य से इकतीस मार्च को बांद्रा के कार्टर रोड प्रॉमेनेड पर सारा दिन ये गतिविधि चलती रही। शो की लीड एक्ट्रेस देबत्तमा सहा उर्फ मिठाई ने मिलकर बनाई।

नई ऊर्जा-नए संकल्प के साथ पिछली बातों को भूल कार्यक्रमों को सम्पन्न कराएं कार्यकर्ता: मिथिलेश

अम्बेडकरनगर। भाजपा की आगामी कार्यक्रमों के परिपेक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा के जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष और अभियानों के ब्लाक संयोजक गण सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की बैठक भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह की उपस्थिति और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भाजपा जिला कार्यालय पर संपन्न बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने संगठन की समीक्षा करते हुए हारी पांचों विधान सभाओं के कारकों की चर्चा किया। उन्होंने 6 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रदेश संगठन द्वारा तय किए गए 5 कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 6 अप्रैल को भाजपा की स्थापना दिवस पर बूथ, मंडल और जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे। जिसमें सुबह 9 बजे जिला, मंडल और बूथ कार्यालय पर पार्टी का झंडारोहण कर किसी महा पुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभा यात्रा निकला जाएगा। 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनना है। 11 से 13 अप्रैल तक महापुरुषों की मूर्ति, धार्मिक और सार्वजनिक स्थल की साफ सफाई, रक्त दान, अस्पताल में फल और गरीब परिवारों को भोजन वितरण। 14 अप्रैल को भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी जयंती पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और संगोष्ठी कार्यक्रम। भाजपा के कोष में सूक्ष्म दान कराया जाना। 15 से 30 अप्रैल तक भाजपा कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। कमल पुष्प योजना के अंतर्गत वर्ष 1980 से पूर्व के कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उनके संस्मरण, फोटो, कहानी की संग्रह का कार्यक्रम तय किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि कार्यकर्ता नई ऊर्जा नई संकल्प के साथ पिछली बातों को भूल कर संगठन कार्य में लगें और प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी पांचों अभियानों और कार्यक्रमों को संपन्न कराएं।संगठन कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की चिंता करेगी। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर रजनीश सिंह, मनोज मिश्रा, रफत एजाज़, सुमन पांडेय, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह, बाबा राम शब्द यादव, सुरेश कन्नौजिया, दिलीप पटेल, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री संजय सिंह, चंद्रिका प्रसाद, इंद्रेश निषाद, शिव पूजन राजभर, पंकज वर्मा, दीपक तिवारी, विनय पाण्डेय, जिला आईटी संयोजक मनीष मिश्र, सोशल मीडिया शाश्वत मिश्र, सह जिला मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक,जिला सह कार्यालय प्रभारी अरविंद सिंह डिंपू, जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा रमेश यादव सहित मण्डल अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक उपस्थित रहे।

आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर बनाना है सशक्त

प्रयागराज। आयुर्वेद चिकित्सकों के देश के सबसे बड़े मंच निरोगस्ट्रीट की ख्याति राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में आज पीएम मोदी ने निरोगस्ट्रीट के कार्यों की सराहना की। लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में संस्थान का नाम लिया। कहा कि आयुर्वेद हेल्थकेयर इकोसिस्टम में निरोगस्ट्रीट अनूठा कॉन्सेप्ट है। इसका टेकनोलॉजी आधारित प्लेटफ़ॉर्म दुनिया भर के आयुर्वेद डॉक्टरों को सीधे लोगों से जोड़ता है। पचास हजार से अधिक प्रैक्टिसनर इससे जुड़े हैं। निरोगस्ट्रीट के संस्थापक राम एन कुमार ने कहा कि निरोगस्ट्रीट के कार्यों की पीएम मोदी ने सराहना की। आयुर्वेद हेल्थकेयर इकोसिस्टम के लिए हम आगे अनवरत काम करते रहेंगे। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण के माध्यम से आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाना और आयुर्वेद उपचार को लोगों की पहली प्राथमिकता है।

श्रीराम से संबंध जोड़ने पर सदैव होती है आनंद की अनुभूति: डा. उद्धव

अयोध्या में श्री राम के जन्मोत्सव का रसपान कर रहे हैं श्रद्धालु

अयोध्या। अयोध्या में प्रतिदिन मेला जैसा प्रतीत होता है और हजारों यात्री अयोध्या में मां सरयू में स्नान और दर्शन पूजन के लिए आते हैं दो वर्षों से कोरोना महामारी के कारण सभी उत्सव औपचारिकता के रूप में मनाया गया और पिछले वर्ष श्रीरामलला के जन्मोत्सव पर मंदिरों के कपाट दर्शनार्थियों के लिए बंद कर दिए गए थे। इस वर्ष उत्सव का रंग पहले ही दिन से चटक दिखाई पड़ रहा है श्रद्धालुओं का आना निरंतर जारी है अयोध्या के सभी मंदिरों से सुबह से ही नवाह परायण का पाठ गुंजने लगता है इस अनुपम आनंद का रसपान देश के कोने कोने से आए हुए श्रद्धालु कर रहे है साथ ही प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर अयोध्या में लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर श्रीराम कथा का रसपान कराया जा रहा है, सभी स्थलों पर श्रद्धालु अपने आराध्य आनंदकंद मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र के गुणगान का रसपान कर रहे है।

श्री राम कथा के द्वितीय दिवस की बेला में श्रीराम प्रिया कुंज अयोध्या में डॉ स्वामी उद्धव शरण जी महाराज व्यासपीठ से शिव विवाह का वर्णन किया और बताया कि शिव परिवार में जितनी विसंगतियां हैं इतनी किसी की परिवार में नहीं होगी किंतु शिवजी जितने आनंद में रहते हैं उतने आनंद में कोई नहीं रह सकता क्योंकि शिव जी ने अपना संबंध भगवान श्रीराम से जोड़ लियाए राम जी से जो अपना संबंध जोड़ लेगा वो सदैव आनंद में ही रहेगा। महाराज ने कहा कि शिव पार्वती विवाह दांपत्य जीवन में समग्र सृष्टि के लिए एक आदर्श दांपत्य है। भगवान शिव प्रतिकूलता में भी अनुकूलता देख लेते है। यही सुखद दांपत्य जीवन का राज है। प्रभु की कृपा से जीवन में जैसी भी परिस्थिति आए प्रत्येक परिस्थिति में प्रभु की कृपा अनुपम का जीवन में बना रहे। श्री राम कथा के विश्राम बेला पर मुख्य यजमान मिहीलाल पटेल, दमोह मध्यप्रदेश रामायण जी की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किए।

प्रतिभा खोज में मदद के लिए हुआ निर्माण: विष्णु

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश हिन्दी सिनेमा और टेलीविजन के कई प्रतिभाशाली कलाकारों लेखकों और तकनीशियन का गढ़ रहा है। पिछले कई सालों से यह राज्य और इसकी राजधानी कई सारी ब्लॉकबस्टर फिल्मों ओटीटी कंटेंट और अब एक टेलीविजन शो के लिये प्रेरणास्रोत भी रहा। एण्ड टीवी के कॉमेडी शो और भाई क्या चल रहा है ने पूरा किया एक साल। विष्णु शंकर बिजनेस हेड एण्ड टीवी ने कहा शो चैनल की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। उत्तर प्रदेश में आधार स्थापित करने वाला पहला हिंदी टेलीविजन शो है हम अभिनेताओं निर्देशकों और तकनीकी प्रोडक्शन क्रू को एक लिंक पर चैनल के साथ अपने प्रोफाइल वीडियो सीवी साझा करने के लिए आमंत्रित किया है। स्थानीय प्रतिभा को खोजने में मदद के लिए एक प्लेटफॉर्म का निर्माण किया है।

कराटे प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। अयोध्या

कराटे एसोसिएशन ऑफ अयोध्या के तत्वाधान में आज दिनांक 3/4/2022 दिन रविवार को नीरज मार्शल आर्ट एकेडमी का दिल्ली पब्लिक स्कूल रिकाबगंज अयोध्या मैं किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वेद प्रकाश गुप्ता विधायक अयोध्या विशिष्ट अतिथि शिखा वांटू प्रधानाचार्य एवं संस्थान प्रबंधक जी रमेश मदन ने संयुक्त रूप से कराटे पितामह बोधिधर्मन एवं मां सरस्वती के चित्रण पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर कराटे एसोसियेशन अयोध्या के अध्यक्ष एवं प्रशिक्षक नीरज कुमार ने मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता विधायक अयोध्या एवं विशिष्ट अतिथि शिखा वांटू एवं रमेश मदान प्रबंधक को स्मृति चित्र एवं बुके भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में इस खेल की अधिक आवश्यकता है खासकर बालिकाओं को यह खेल शिखा कर स्वयं एवं समाज की सुरक्षा का समाज में महिलाओं में शक्ति करण की मिसाल पेश करवाई है इस अवसर पर अध्यक्ष नीरज कुमार ने वर्तमान की इस प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को विशेष तौर पर प्रशिक्षण किया जाएगा जिससे कि अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके संस्था के महासचिव प्रदीप कुमार मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकारी द्वारा संचालित मिशन शक्ति के तहत अकैडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली समस्त बालिकाओं की फीस पर 50 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी इस एकेडमी में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है प्रवेश हेतु 9450636847 पर संपर्क करें संस्थान के उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने कार्य के अंत में मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों का आगमन व्यक्तिगत कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु नीरज कुमार को धन्यवाद किया है इस अवसर पर सूर्य प्रकाश उमाशंकर गुप्ता अंकित सचिन आशीष स्पाइडर सतीश शिवम विवेक रॉक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रयागराज मंडल ने चलाया व्यापक चेकिंग अभियान, वसूला जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

उत्तर मध्य रेलवे के वाणिज्य विभाग प्रयागराज मण्डल बिना टिकट यात्रा अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों के विरुद्ध निरंतर चेकिंग अभियान चला रहा है। डीआरएम मोहित चंद्रा ने बताया कि प्रयागराज मण्डल के वाणिज्य विभाग द्वारा बिना टिकट यात्रा अनियमित टिकट पर यात्रा अनबुक्ड लगेज टिकट दलालों पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत नियमित चेकिंग अभियान चालाये जाते हैं। मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में प्रयागराज मंडल आय अर्जन में निरंतर वृद्धि कर रही है।

वित्तीय वर्ष 2021-2022 में विभिन्न आय श्रोतों से लक्ष्य से अधिक अर्जन किया गया है। पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि इसी क्रम में टिकट जाँच के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2021 2022 में अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक की 12 महीनों की अवधि में बिना टिकट अनियमित टिकट अनबुक्डलगेज गंदगी फैलाने मास्क धारण न करने एवं धूम्रपान करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए गए। अभियानों के फलस्वरूप कुल 9.35 लाख यात्रियों से उपरोक्त अनियमितता हेतु जुर्माना स्वरुप 60.38 करोड़ रुपये रेल राजस्व की वसूली की गयी। इसी प्रकार मार्च 2022 में प्रयागराज मंडल द्वारा टिकट जाँच के माध्यम से बिना टिकट अनियमित टिकट अनबुक्डलगेज गंदगी फैलाने मास्क धारण न करने एवं धूम्रपान करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने से कुल 1.27 लाख यात्रियों से उपरोक्त अनियमितता हेतु जुर्माना स्वरुप 8.04 करोड़ रुपये रेल राजस्व की वसूली की गयी।

एमएनएनआईटी के निदेशक प्रो. आर एस वर्मा ने ट्रिपलआईटी के निदेशक का पदभार संभाला

प्रो. वर्मा को कार्यभार सौंपते प्रो पी नागभूषण।

प्रयागराज। एमएनएनआईटी के निदेशक प्रो आर एस वर्मा ने शनिवार को ट्रिपलआईटी के निदेशक का पदभार संभाल लिया। अपर सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पत्र के आधार पर अब तक आईआईआईटी के निदेशक रहे प्रो पी नागभूषण ने निदेशक ट्रिपलआईटी इलाहाबाद का प्रभार प्रो आर एस वर्मा निदेशक एमएनएनआईटी इलाहाबाद को सौंपा। प्रो वर्मा आईआईआईटी इलाहाबाद के निदेशक के रूप में तब तक कार्य करेंगे जब तक कि नियमित निदेशक की नियुक्ति नही हो जाती। प्रोफेसर पी नागभूषण ने कार्यभार सौंपने के पहले कहा कि मई 2017 से ट्रिपलआईटी प्रयागराज में उनकी पांच साल की यात्रा में बहुत कुछ सीखने का अनुभव रहा है। इस अवधि के दौरान बोर्ड ऑफ़ गवर्नर्स के तीन अध्यक्षों ने मुझे ताकत प्रदान की और प्रत्येक अध्यक्ष ने प्रोत्साहन के प्रेरक स्रोत के रूप में सक्रिय रूप से काम किया। उन्होंने कहा की सीनेट वित्त समिति और भवन निर्माण समिति संकाय सदस्य अधिकारी कर्मचारी शोधकर्ताओं विभिन्न समितियों के विशेषज्ञ सदस्य जिमखाना छात्र पूर्व छात्र मंत्रालय केंद्रीय विद्यालय और विविध अनुभवों की समृद्धि प्रदान की। प्रोफेसर वर्मा ने झलवा परिसर में कार्यभार ग्रहण करने के बाद सभी डीन एसोसिएट डीन और प्रोफेसरों की बैठक ली। जिसमें सभी से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो पी नागभूषण प्रो विजयश्री तिवारी कार्यवाहक कुलसचिव प्रो जी सी नंदी प्रो उमा शंकर तिवारी प्रो अनुपम अग्रवाल प्रो नीतेश पुरोहित प्रो माधवेन्द्र प्रो प्रीतिश भरद्वाज प्रो रंजित सिंह और विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

डिजिटल जीवनशैली में निरंतर हो रही वृद्धि

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

डिजिटल जीवनशैली अपनाने में वृद्धि के साथ स्मार्ट उपकरणों विशेष रूप से स्मार्टफोन की मांग में कई गुना वृद्धि देखी गई है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के लोग अब एयरटेल थैंक्स ऐप पर आईसीआईसीआई लुम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी से स्मार्टफोन बीमा खरीद सकते हैं। एयरटेल पेमेंटस बैंक ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली अपनी बीमा सेवाओं को मजबूत किया है। लोग अब तेजी से कागज रहित सुरक्षित डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से बीमा खरीद सकते हैं। स्मार्टफोन बीमा समाधान दुर्घटना या तरल रिसाव के परिणामस्वरूप फोन और उसकी स्क्रीन को होने वाले नुकसान से वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। बीमा के हिस्से के रूप में लोग पॉलिसी अवधि के दौरान अधिकतम दो बार दावे दायर कर सकते हैं।

नकलविहीन परीक्षा के लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को डीएम ने दिए निर्देश

अम्बेडकरनगर। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटर मीडिएट (संस्थागत व व्यक्तिगत) की बोर्ड परीक्षा के संबंध में जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने चल रहे हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा को शांति पूर्ण ढंग से पूरी पारदर्शिता के साथ नकल विहीन सुचिता पूर्ण सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक के दौरान उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के संबंध में जारी हुई गाइडलाइन का पालन करें और परीक्षा नकल विहीन, निष्पक्ष एवं शुचितापुर्वक संपन्न कराएं साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर अनावश्यक व्यक्तियों को प्रवेश न दिया जाए।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार कनौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक मौके पर उपस्थित रहे।

सिंधी समाज ने हर क्षेत्र में नाम किया रोशन

प्रभु झुलेलाल जयंती चेटीचंड के अवसर पर मुबंई के कलाकारो द्वारा आयोजित नृत्य नाटिका नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को स्मृति चिन्ह देते भक्त प्रहलाद सेवा समिति के पदाधिकारी

अयोध्या। मेहनत के बल पर सिंधी समाज ने हर क्षेत्र मे अपना नाम रोशन किया है यह बाते भक्त प्रहलाद सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रभु झुलेलाल जयंती चेटीचंड के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप मे नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कही उन्होने कहा कि प्रभु झुलेलाल के बताये हुए मार्ग पर चलकर कार्य करना होगा कार्यक्रम की शुरुआत श्री ने झुलेलाल के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यापर्ण कर किया समिति ने उनका स्वागत माला पहनाकर व शाल ओढाकर और स्मृति चिन्ह भेटकर किया और समिति ने उनके समक्ष मांग रखी कि समिति को रामनगर कालोनी मे कार्यालय के निर्माण के लिए विधायक निधि से धन आवंटित किया जाय।

गुप्त ने समिति की मांग मान कर कहा कि निधि से कार्यालय के निर्माण हेतु धन आवंटित किया जायेगा समिति के महासचिव ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि रितु साधवानी को अपने परिवार के प्रति किये गये अच्छे कार्यो के लिए समर्पित बहू का अवार्ड दिया गया इस मौके पर किरन पंजवानी, मुस्कान सावलानी व नीलम मंध्यान के अच्छे सामाजिक कार्यों के लिए शाल ओढाकर सम्मानित किया गया व सामाजिक कार्यों मे बढचढ कर कार्य करने वाले सुरेश भारतीय को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया जयंती के अवसर पर केक काटा गया इस मौके पर मुबंई की सिंधु सखा संगम के बाइस कलाकारो ने शुभ विवाह नृत्य नाटीका की प्रस्तुति दी नाटीका की निदेशक जूली तेजवानी थी समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर ने सभी का आभार वयक्त किया और समिति के सरंक्षक राजकुमार मोटवानी ने समिति का प्रतिवेदन पढा। कार्यक्रम मे ओम प्रकाश अंदानी, मोहन मंध्यान, भीमन दास, गिरधारी चावला, पवन जीवानी, डा. महेश सुरतानी, उमेश जीवानी, राकेश तलरेजा, नारायणदास, टीकमदास, कपिल हासानी, तेजकुमार माखेजा, जयरामदास, प्रकाश नंदवानी, सुनील रामानी, हरीश सावलानी, कन्हैया माखेजा, सुरेश तलरेजा, रामदास खटवानी, शंकर केवलरामानी, राकेश वाधवानी आदि बडी संख्या में सिंधी समाज के लोग मौजूद थे।

कोरोना के बाद 97.48 फीसद मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें फिर हुईं शुरू

- उत्तर मध्य रेलवे का उल्लेखनीय योगदान
- एनसीआर ने किया 5.95 करोड़ यात्रियों का परिवहन
- वर्ष 2021.22 में यात्री यातायात से कुल अनुमानित आए 1812 करोड़ रुपए

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

उत्तर मध्य रेलवे का हर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान इस वर्ष रहा है। कोरोना महामारी के बाद जैसे जैसे स्थिति सामान्य हो रही है। उत्तर मध्य रेलवे भी स्थिति से तारतम्य बनाते हुए 2021 22 में अपने नेटवर्क के माध्यम से 5.95 करोड़ यात्रियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई है। कोरोना प्रभावित 2020-21 की तुलना में 252 फीसद उल्लेखनीय वृद्धि है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष 1.69 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की थी। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के साथ प्राप्त हुए संभावित आंकड़ों के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे ने वर्ष 2021 22 में यात्री यातायात से 1812 करोड़ रुपये का अर्जन करते हुए भारतीय रेल के कोष में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह पिछले वर्ष की रुपए 799.36 करोड़ की अर्जित आय से 127 फीसद अधिक है। जीएम एनसीआर प्रमोद कुमार ने बताया कि उस दौर में महामारी और उसके बाद के लॉकडाउन के कारण यात्री यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ था। उत्तर मध्य रेलवे ने लगभग 98 फीसद मेल एक्सप्रेस ट्रेनों और अपने स्वामित्व वाली लगभग 70 फीसद सवारी ट्रेनों को फिर से शुरू कर दिया है। उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्र को सेवित करने वाली 794 निर्धारित

जीएम प्रमोद कुमार।

मेलध्एक्सप्रेस ट्रेनों में से 774 को फिर से शुरू कर दिया गया है। 182 में से 120 सवारी गाड़ी सेवाओं को भी कोविड के बाद फिर से शुरू कर दिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के स्वामित्व वाली 84 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें और 66 यात्री ट्रेनें हैं। उत्तर मध्य रेलवे के स्वामित्व वाली इन ट्रेनों में से क्रमश: 82 और 46 गाड़ियों को बहाल कर दिया गया है। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए वर्तमान में 14 क्लोन स्पेशल और 56 हॉलिडे समर स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2021 22 में भी उत्तर मध्य रेलवे द्वारा छह नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत की गई। इसके अलावा सात ट्रेनों को उत्तर मध्य रेलवे में विभिन्न स्थानों पर प्रायोगिक ठहराव भी प्रदान किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा पार्सल और लगेज लदान से उल्लेखनीय अर्जन किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि स्क्रैप बिक्री के क्षेत्र में है। इसके अंतर्गत रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए रुपये 230 करोड़ के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध उत्तर मध्य रेलवे ने 276.87 करोड़ रुपये के स्क्रैप की बिक्री की। यह न केवल लक्ष्य से 20.38 प्रतिशत अधिक बल्कि पिछले वर्ष की रिकार्ड बिक्री से भी रुपये 6.87 करोड़ अधिक है। स्क्रैप की बिक्री के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे का यह सर्वश्रेष्ठ राजस्व अर्जन है। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने अधिकारियों को उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए बधाई दी है।

गैंगेस्टर की 1.28 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

● अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुल्डोजर

●सरकारी भूमि कराई गई कब्जा मुक्त

संवाददाता। ढखेरवा-खीरी

पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शातिर गैंगस्टर टाप-10 अभियुक्त के अपराध से अर्जित की गयी संपत्ति एक करोड़ अठ्ठाईस लाख रुपए की संपत्ति कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा को भी कब्जा मुक्त किया गया।

रविवार को उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, सीओ सुबोध कुमार जायसवाल व प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान यादव के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी के शातिर गैंगस्टर टाप-10 अपराधी हनीफ पुत्र चुन्ना खां निवासी पठाननपुरवा मजरा पढुवा के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही करते हुए लगभग एक करोड़ अठ्ठाईस लाख रुपए की संपत्ति कुर्क कर जब्त की गयी। इसमें चल व अचल सम्पत्ति सम्मिलित हैं। अभियुक्त हनीफ द्वारा कब्जा की गई सरकारी जमीन को भी कब्जा मुक्त कराया गया हैं। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में लगभग दो दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। जिसमें हत्या एवं लूट जैसे जघन्य अपराध शामिल हैं।

अपराधी हनीफ की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क करने वाली टीम में उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, क्षेत्राधिकारी सुबोध कुमार जायसवाल, तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान यादव मय पुलिस फोर्स शामिल रहे।

शातिर गैंगस्टर टाप-10 अपराधी हनीफ के घर पहुंच कर उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह कुर्की के दौरान परिवार वालों से पूछताछ भी की। एक एकड़ से अधिक भूमि, मकान, सोनालिका ट्रैक्टर, स्कार्पियो कार एवं सुपर बाइक आदि जप्त कर ली गई हैं। शातिर गैंगस्टर टाप-10 अपराधी हनीफ खां ग्राम पंचायत पढुवा का वर्तमान ग्राम प्रधान भी हैं। तहसील निघासन क्षेत्र की अपराधियों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही में सबसे बड़ी कार्रवाई हैं।

एक्शन में एंटी रोमियो स्क्वायड, 10 शोहदों पर हुई कार्रवाई

जिले भर में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

संवाददाता। सीतापुर

●कइयों को चेतावनी देकर छोड़ा गया

सीतापुर का एंटी रोमियो स्क्वाड रविवार को एक्सन मोड में दिखाई दिया। जिले के अलग-अलग थाना इलाकों में एंटी रोमियो स्क्वाड ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दस शोहदों व मनचलों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई की गई। जबकि कई शोहदों को चेतावनी दी गई। अभियान के क्रम में कोतवाली नगर में 02 तथा महोली, पिसावां, इमलिया सुल्तानपुर, बिसवां, कमलापुर, रामकोट, सिधौली तथा महमूदाबाद में एक-एक शोहदे पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण को लेकर वृहद स्तर पर जागरुकता अभियान भी चलाया गया। महमूदाबाद के मीरानगर, कोतवाली देहात के रमवापुर, मिश्रिख के बर्मी, इमलिया सुल्तानपुर के आलमपुर व सरौरा के अलावा कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा रसूलपुर, लहरपुर टीम द्वारा भवानीपुर, नैमिषारण्य टीम द्वारा औरंगाबाद व अटवा, रामपुर मथुरा टीम द्वारा भागीपुर, बिसवां टीम द्वारा कोटरा, मानपुर टीम द्वारा डोभा, महेशपुर व फूलपुर, सकरन पुलिस टीम द्वारा मुन्शीपुरवा में महिला बीट पुलिस कर्मी के साथ वृहद स्तर पर जागरुकता कार्यक्रम अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई।

क्विक न्यूज

होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर। भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन सीतापुर द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने सभी को संगठन के पिछले वर्ष के क्रियाकलापों की जानकारी दी। आने वाले वर्ष में संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अधिक से अधिक पीड़ितों की मदद करने की सभी से अपील की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजय दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, मोहम्मद रेहान खान, दिनेश पाराशर, राम नारायण श्रीवास्तव, ऋषि कांत अवस्थी, आशुतोष शुक्ला, रमाकांत त्रिवेदी, रामनरेश, राकेश कुमार, महफूज आलम, राम गोपाल, राम शंकर आदि मौजूद थे।

वीरांगना ऊदा देवी मूर्ति की स्थापना पर कार्यक्रम

सीतापुर। ब्लॉक गोंदलामऊ के गोड़ा गांव में शिक्षा प्रेरक संघ अध्यक्ष दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में वीरांगना ऊदा देवी मूर्ति की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन रामनरेश ने किया। दुर्गेश सिंह व रामनरेश, मूलचंद द्वारा वीरांगना ऊदा देवी व सावित्री बाई फुले की मूर्ति स्थापना की गई। ऊदा देवी की वीरता की कहानी इतिहास में अमर है। कार्यक्रम में दुर्गेश सिंह ने डॉक्टर अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या में 13 अप्रैल को लखनऊ में होने जा रहे 2000 डेलीगेट सम्मेलन की जानकारी दी गई। भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद मोहनलालगंज कौशल किशोर द्वारा उक्त कार्यक्रम किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधान जयरामपुर सुनील कुमार, मंगूलाल आजाद, बैजनाथ कुशील, कैलाश दीन भारती, कल्लू, तेजपाल, देशराज, श्रीकेशन आदि मौजूद थे।

अभाक्षम की मासिक बैठक आयोजित

सीतापुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीतापुर इकाई की मासिक बैठक वरिष्ठ महामंत्री कुंवर वरुण सिंह तोमर के आवास पर हुई। अध्यक्षता संरक्षक मंडल के अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने की। महामंत्री वरुण सिंह द्वारा कई प्रस्तावों को पढ़कर सुनाया गया। जिस पर सभी लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। 9 मई को शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं तहसील अध्यक्ष को भी ब्लॉकों में तहसील स्तर पर 9 मई को कार्यक्रम आयोजित किए जाने की सूचना दी गई। बैठक में इदू सिंह चौहान, प्रहलाद सिंह गौर, सोम प्रकाश सिंह, विजय वीर विक्रम सिंह, संजीव कुमार सिंह, अतुल सिंह, देवेंद्र सिंह, अनिल सिंह, गोपाल तोमर आदि मौजूद थे।

रामोत्सव का भव्य शुभारंभ

सीतापुर। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा शहर स्थित काशीराम कालोनी में रामोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में देर रात तक रामलला के भजनों पर श्रद्धालु भक्त झूमते रहे। शुरुआत मूर्ति स्थापना व पूजा अर्चना के साथ हुई। इसके बाद जिलाध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री राजेश सिंह, गोरक्षा प्रमुख पूरन सिंह सहित उपस्थित पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष प्रमोद सिंह, प्रांत सह संयोजक बजरंग दल उत्तम सिंह, विपुल सिंह, महेश तिवारी, अभिनव मिश्र, राजू लाला, साहिल ठाकुर, दीपक, बन्दना, ध्रुव सोनी, कल्पना, पूनम, रेखा, दिनेश, सन्दीप, छोटू, सन्तोष, राकेश, हिमान्शू नागा, राजेन्द्र आदि मौजूद थे।

ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

सीतापुर। सीतापुर के भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। रेउसा ब्लॉक परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोकेश मिश्रा, रामेंद्र तिवारी, अवधेश चौहान, कृष्णानंद अवस्थी, रामपाल मौर्य आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ब्लाक रेउसा क्षेत्र के प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मतदान करने का सही तरीका बताया गया।

अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा के विरुद्ध कार्रवाई शुरू

सीतापुर। महमूदाबाद तहसील प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। तहसीलदार मनीष कुमार के नेतृत्व में राजस्व प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने रविवार को मुर्तजा नगर में संचालित शिव ब्रिक फील्ड पर छापा मारा, ईट भट्टे पर कार्रवाई करते हुए पानी डालकर बंद करा दिया। तत्पश्चात तहसील प्रशासन पुलिस बल के साथ मदन बेहद स्थित शिवनारायण ब्रिक फील्ड पर पहुंचा और वहां कार्रवाई करते हुए भट्टे पर पानी डलवा कर बंद करा दिया। तहसीलदार मनीष कुमार ने कहा क्षेत्र में चल रहे अवैध रूप से ईट भट्टों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

एलुमिनी मीट सप्ताह का किया आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

● डीएम ने सभी बीसी सखियों को आईआईबीएफ का प्रमाण-पत्र वितरित किया

इण्डियन बैंक द्वारा संचालित इण्डबैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत एलुमिनी मीट सप्ताह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। डीएम ने सभी बीसी सखियों को आईआईबीएफ का प्रमाण-पत्र वितरित किया। इण्डसेटी का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ज्ञान की शक्ति के विषय में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि ज्ञान की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति है। जिलाधिकारी ने स्वरोजगार के लिए विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने में संस्थान के महत्व की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने में संस्थान की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी अपने भाग्य के विधाता हैं लेकिन यह तब तक सम्भव नहीं है, जब तक आर्थिक रूप से स्वतंत्र न हों। उन्होने बीसी सखी बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि गावों मे वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मौके पर इण्डियन बैंक के उप अंचल प्रमुख राजीव कुमार, आरसेटी निदेशक प्रीती पाण्डेय, अग्रणी जिला प्रबन्धक अनल कुमार सहित समस्त स्टॉफ मौजूद था।

मैक्स हॉस्पिटल ने अब बरेली में शुरू की यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी

संवाददाता। बरेली

2022 वर्ष देश के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थान मैक्स सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, पटपड़गंज, नई दिल्ली ने आज बरेली स्थित दार्पिन हॉस्पिटल के साथ भागीदारी से वहां किडनी प्रत्यारोपण और यूरोलॉजिकल रोगियों के लिए अपनी विशेष ओपीडी सेवाएं शुरू की। यह ओपीडी सेवाएं शुरू होने से अलीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के सभी उम्र और सभी पृष्ठभूमि के लोगों को सर्वश्रेष्ठ इलाज और परामर्श पाने के लिए अब दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा।आज से यह ओपीडी दार्पिन हॉस्पिटल, संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली,में संचालित होगी और प्रत्येक महीने के पहले शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 तक मरीजों को सेवाएं देगी। इससे मरीज यूरोलॉजिकल और किडनी संबंधी बीमारियों के बारे में जानकारी और नियमित फॉलोकूअप पाने के लिए डॉक्टरों से अप्यांटमेंट मिल सकेगा।'ओपीडी का उद्घाटन मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज के डॉ. पंकज गौर (सीनियर कंसल्टेंट यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट)' ने किया। आम लोगों में कई तरह की एहतियाती कदम के बारे में जानकारी नहीं होने के कारण छोटे और मझोले शहरों में यूरोलॉजी तथा किडनी डिसऑर्डर की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। इन शहरों में अच्छे स्वास्थ्य विशेषज्ञों और अधोसंरचना का अभाव रहता है।डॉ. पंकज गौर बताते हैं, श्लोगों में अल्कोहल, नशे का सेवन, डिहाइड्रेशन, असंतुलित खानपान और दर्दनिवारक दवाओं का असीमित इस्तेमाल आदि के कारण क्रोनिक किडनी रोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। हमारी यूरोलॉजी टीम यूरोलॉजिकल और किडनी रोगों से जुड़ी सभी समस्याओं से निपटने में व्यापक अनुभव रखती है। हमारा लक्ष्य मरीजों को अपने घर के पास ही रोग का प्रभावी प्रबंधन और विशेष चिकित्सा मदद उपलब्ध कराना है। बरेली में ओपीडी सेवाएं शुरू करने से शहर और आसपास के लोगों को सभी तरह की चिकित्सा सहायता मिल जाएगी। अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की उपलब्धता के कारण मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज हमेशा इस क्षेत्र के मरीजों के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पसंदीदा संस्थान बन गया है।

चोरी की तीन बाइक व तमंचे सहित आटो लिफ्टर गिरफ्तार

रेलवे क्रासिंग भंसड़िया के पास से पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त विवेक रस्तोगी को चोरी की तीन मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत रविवार को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 316/22 धारा 379 भादवि की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त विवेक रस्तोगी उर्फ बल्ली पुत्र स्व. अवधेश रस्तोगी निवासी कन्नौजिया कॉलोनी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित भसड़िया रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की अन्य दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई। चोरी की मोटरसाइकिलों के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त विवेक रस्तोगी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस भी बरामद किया गया। इसके संबंध में थाना कोतवाली सदर पर मुकदमा अपराध संख्या 320/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रंजीत सिंह यादव, उप निरीक्षक सुरेश चन्द्र, हेड कांस्टेबल विजय शर्मा, कांस्टेबल मांगेराम व कांस्टेबल सलमान शामिल रहे।

गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली से किसानों में भारी आक्रोश

ढखेरवा-खीरी। उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी के सहकारी चीनी मिल बेलरायां क्षेत्र के खरवहिया नंबर 02 में स्थित गन्ना क्रय केंद्र से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने निकल कर आ रही है। बताते चलें कि वहां पर मौजूद कांटा बाबू ने प्रत्येक डनलप व ट्राली के हिसाब से दो कुंटल की घटतौली कर रहे थे। तभी वहां पर मौजूद किसानों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और जमकर हंगामा काटा। तौल न होने से सेंटर पर काफी जाम लगा हुआ है और किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। किसानों की मानें तो सीसीओ ने मौके पर पहुंच कर तौल मशीन की लीड या तार काटकर तौल बंद करा दिया। वहां पर कुछ किसानों ने पूछा कि यह घटतौली हम लोगों के साथ क्यों किया जा रहा है। वहां पर मौजूद लोगों ने सीसीओ से उपरोक्त घटना के बारे में जानकारी व वर्जन मांगा तो उन्होंने तत्काल इंकार कर दिया और किसानों से अभद्रता की। फिलहाल डायरेक्टर समसुल लखाही ने उपरोक्त घटना के संबंध में जिलाधिकारी खीरी को सूचना दे दी है। अब देखना यह है कि उत्तर प्रदेश योगी सरकार में भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की जाती है या फिर यूं ही गुलाबी गुलाबी नोटों के चक्कर में लीपापोती कर दी जाएगी।

सात दंपतियों के मध्य करा दिया गया सुलह-समझौता

● परामर्श केंद्र पर हुई काउंसिलिंग

●एक हफ्ते बाद बुलाए गए दम्पत्ति

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना खीरी परामर्श केन्द्र पर पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग की गई। सात दम्पत्तियों के मध्य सुलह-समझौता कराया गया।

पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना खीरी द्वारा थाना परिसर में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र में महिला थानाध्यक्ष शकुन्तला उपाध्याय व काउंसलर किरण अग्रवाल व कुसुम गुप्ता द्वारा महिला आरक्षियों की मदद से 7 दम्पत्तियों में सुलह-समझौता कराकर साथ-साथ विदा किया गया। आज सुलह-समझौता होने वाले परिवार को कुशल क्षेम बताने के लिए अगले रविवार भी बुलाया गया है। जनपद खीरी के महिला थाने पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक परामर्श केन्द्र में काउंसलर की मध्यस्थता से पारिवारिक मामलों की शिकायतों में सुलह-समझौता कराने का प्रयास कराया जाता है। इस मौके पर महिला मुख्य आरक्षी शशि प्रभा, महिला आरक्षी नीलम सांगवान व रेनू सिंह द्वारा भी दम्पत्तियों में सुलह कराने का प्रयास किया गया।

मतगणना स्थल का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

संवाददाता। सीतापुर

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने रविवार को एमएलसी चुनाव के मतगणना स्थल सदर तहसील का निरीक्षण किया। नौ अप्रैल को मतदान के बाद यहां 12 अप्रैल को मतगणना होगी। जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, बैरीकेटिंग, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर कार्यों को समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार समस्त आवश्यक प्रबंधों को समय से पूर्ण करा लिया जाए। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित आवश्यक निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एडीएम राम भरत तिवारी, एसडीएम सदर अनिल कुमार, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, तहसीलदार सदर ज्ञानेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद थे।

सपा विधायक अनिल वर्मा को ग्रामीणों ने लड्डुओं से तौला

सीतापुर। लहरपुर क्षेत्र के गूरेपारा में नवनिर्वाचित सपा विधायक अनिल वर्मा को ग्रामीणों ने लड्डुओं से तौला। विधायक ने नवरात्रि के पावन अवसर पर बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना एवं आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम आयोजक संतोष कुमार वर्मा व उनके समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। संचालन गया प्रसाद मौर्या ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद वर्मा, विजय वर्मा, धर्मेंद्र राजवंशी, कुलदीप वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, जय दयाल वर्मा, भागीरथ मौर्य, राजेंद्र वर्मा, ब्रह्म प्रकाश वर्मा, शंभू दयाल वर्मा, वीर सिंह आदि मौजूद थे।

एसओपी फॉउंडेशन 10 अप्रैल को सराहनीय कार्य करने वालों को सक्षम सम्मान से नवाजेगा

फतेहपुर। एसओपी फॉउंडेशन द्वारा आगामी कार्यक्रम सक्षम सम्मान के विषय पर बैठक की गयी। जिसमें संस्था की फॉउंडेशन अनामिका सोनी ने कहा कि मुख्य रूप से महिला सशक्तीकरण एवं आत्मनिर्भर भारत के विषय पर आधारित, साथ ही सोच फॉउंडेशन के सफलतापूर्वक जनसेवा मे अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए 03 वर्ष पूरे किये। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से जनसेवा के क्षेत्र में प्रेरणादायक कार्य करने वाली शख्शियतो को चिन्हित कर उनके सम्मान हेतु सक्षम सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 10 अप्रैल आरएसएक्सेल इंग्लिश अकादमी मे किया जायेगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड समेत कई अन्य जगहों से विभिन्न समाजसेवियों को उनके द्वारा किए गए कार्यों हेतु सम्मानित करने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, महा मंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, हरियाणा से राज्यसभा सांसद/लेफ्टिनेंट जनरल डीपी वत्स, राज्य सभा सांसद/भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य, साथ ही महाराष्ट्र से फॉउंडेशन की ब्रांड एम्बेसडर एवं अभिनेत्री अनामिका शुक्ला उपस्थित रहेंगी। कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्था एसओपी फॉउंडेशन व सभी सहयोगियों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों से ऐसी प्रतिभाओ को सामने लाने का प्रयास कर रहे है। जिनके संघर्ष, मेहनत से बाकि लोगों को भी एक प्रेरणा मिले। साथ ही संस्था की अध्यक्ष मधु साहू ने कहा कि एसओपी फॉउंडेशन का हमेशा से ही यह प्रयास रहा है कि एसओपी फॉउंडेशन की मुहिम एसओपी से शिक्षा, एसओपी से स्वास्थ्य, एसओपी से स्वावलंबन, एसओपी से सहयोग, एसओपी से संवाद के माध्यम से हर एक जरूरत मंद परिवार तक जमीनीस्तर के साथ साथ वर्चुअल प्लेटफॉर्म का सदुपयोग कर हर प्रकार की मदद पंहुचा सकें। सक्षम सम्मान कार्यक्रम भी ऐसी ही प्रतिभाओं को मंच के माध्यम से सम्मानित करने का एक कार्यक्रम है।

संविलियन विद्यालय में होगा कार्यक्रम

लखीमपुर-खीरी। सोमवार को पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान की आगाज होगा। जिसकी शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद श्रावस्ती से करेंगे। अभियान के तहत जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री का भाषण, स्कूल चलो अभियान शुभारंभ समारोह का सजीव प्रसारण सुबह 10 से 11 के मध्य कलेक्ट्रेट गेट निकट संविलियन विद्यालय, नगर क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों व अफसरों की मौजूदगी में होगा। बीएसए डा लक्ष्मी कांत पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले प्रधानों को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, भारत सरकार व खीरी सांसद अजय कुमार मिश्र व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/धौरहरा सांसद रेखा वर्मा, विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम व सीडीओ पुरस्कृत करेंगे। बीएसए ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन केंद्र बनाकर आंगनबाड़ी व परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का नामांकन भी कराया जाएगा।

इबादत में ही रमजान गुजर जाता है

रोजों के साथ ही रोजदारों के चेहरों पर दिख रही खुशी

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

कितनी जल्दी ये अरमान गुजर जाता है
इबादत में ही पूरा रमजान गुजर जाता है

साल का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र माह रमजान की शुरुआत आज से हो चुकी है। बच्चे हो, बुजुर्ग, नौजवान या महिलाएं सभी इबादत में मशगूल हो रोजा रखना शुरू कर दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल से सबसे पवित्र और इबादत का महीना रमजान की शुरुआत हो चुकी है। इस बार रमजान का रोजा सबसे बड़ा होने की उम्मीद है। वही रोजदारों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही है एसभी रोजदार मस्जिदो में इबादत कर रहे हैं। वही कुरान पढ़ने की सदाएं भी घरों से आ रही हैं। रमजान ईश्वर अल्लाह का एक ऐसा महीना है जो पूरे माह 30 रोजे रखने के बाद ईद आती है। तीसों दिन प्रात: 3:30 बजे से पहले शहरी खाने के बाद पूरे दिन बगैर पानी, खाना खाए भूखा रहना पड़ता है और दिन से लेकर शाम तक नमाज और इबादत में गुजर जाती है। शाम को तय समय पर रोजा का अफ्तार किया जाता है। इससे जहां रूहानी ताकत मिलती है वहीं और लोग इससे प्रेरणा लेकर रोजा रखना शुरू करते हैं। रमजान में लोग दिल खोलकर खर्च करते हैं तथा अफ्तार के समय अच्छे-अच्छे पकवान रोज बना कर उनको अफ्तार कराते हैं। 3 अप्रैल को पहला रोजा शुरू हुआ तथा पहले रोजा से ही ऊपर बाले की रोजदारों के लिए

बाला जी के विशाल जागरण की धूम रही

मैलानी-खीरी। विगत दिनों मेहदीपुर बाला जी से ज्योति मैलानी पहुंचने के बाद दो अप्रैल की रात्रि में बाला जी का विशाल जागरण बाहर से आये कलाकारों द्वारा आयोजित किया गया। इसमें सुंदर-सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। जय हनुमान संत हितकारी सुन लीजो प्रभु हमारी भजन पर श्रोता गण बहती रास धार में भाव विभोर हो गये। यह जागरण सारी रात चलता रहा। सुबह आरती कन्या भोज के उपरान्त एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा सुबह से शाम तक चलता रहा। लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस मौके अंकित कुमार, गोपाल सिंघल, केतन गुप्ता, नितिन गुप्ता, करन वीर वालिया, राजेश शर्मा, संजय शर्मा व अशोक कुमार अग्रवाल सहित तमाम महिलाए व बच्चे मौजूद रहे।

आयुर्वेद में अब क्वांटम मैकेनिक्स और रोबोटिक्स जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे

भाषा। नई दिल्ली

आयुर्वेद चिकित्सा में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम के छात्रों को अब क्वांटम मैकेनिक्स, सामान्य सर्जरी, योग और जीवनशैली प्रबंधन जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। साथ ही, छात्रों को रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग की बुनियादी जानकारी भी दी जाएगी। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) के अध्यक्ष डा. जयंत यशवंत देवपुजारी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में बताया, आयोग ने हाल में अधिसूचना जारी कर स्नातक आयुर्वेद शिक्षा के न्यूनतम मानक तय किए हैं। इसके तहत आयुर्वेदिक औषधि एवं सर्जरी में स्नातक कोर्स का खाका तैयार किया गया है।

उन्होंने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा में स्नातक डिग्री कोर्स के तहत प्रथम व्यावसायिक पाठ्यक्रम बीएएमएस में पदार्थ विज्ञान विषय में क्वांटम मैकेनिक्स को शामिल किया गया है। क्वांटम मैकेनिक्स भौतिकी का उपखंड है। इस विषय को आयुर्वेद में शामिल किए जाने के बारे में पूछे जाने पर देवपुजारी ने कहा, पदार्थ विज्ञान के तहत क्वांटम मैकेनिक्स शामिल किया गया है। इसका प्रैक्टिकल उपयोग है, यह दर्शन नहीं है। आयुर्वेद में सैकड़ों वर्षों से इसका उल्लेख है। ऐसे में इस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। एनसीआईएसएम के अध्यक्ष ने कहा कि आयोग भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी विकास का ढांचा तैयार करना चाहती है और इस उद्देश्य के लिए एक बहुविषयक समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समिति जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, माइक्रो बायोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायो इंफार्मेटिक्स जैसे विषयों में नवाचार एवं नए घटनाक्रमों पर विचार विमर्श करेगी। देवपुजारी ने कहा कि समिति रोग पहचान एवं जांच के तरीकों, सर्जरी की तकनीक, शिक्षण एवं प्रशिक्षण उपायों, अनुसंधान एवं उपकरणों के मानदंड, साफ्टवेयर, उपचार प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्र पर विभिन्न पक्षकारों के साथ विचार विमर्श करेगी और इनमें सुधार के उपाए सुझाएगी। आयोग के दस्तावेज के अनुसार, आयुर्वेद में बीएएमएस पाठ्यक्रम में तीन सेमेस्टर होंगे, जो 18-18 महीने के होंगे तथा अनिवार्य इंटर्नशिप 12 महीने का होगा। दस्तावेज के मुताबिक, बीएएमएस पाठ्यक्रम में मुख्य कोर्स और ऐच्छिक पाठ्यक्रम शामिल होंगे। छात्रों को अन्य विषयों के साथ-साथ आयुर्वेद के लिए संस्कृत की बुनियादी शिक्षा और बुनियादी जीवन सहायता एवं प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा भी दी जाएगी। इसमें कहा गया है कि पाठ्यक्रम में पदार्थ विज्ञान विषय के तहत आयुर्वेद के बुनियादी सिद्धांत और क्वांटम मैकेनिक्स पढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, जीवन शैली प्रबंधन, प्रसूति विज्ञान एवं स्त्री रोग विज्ञान जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। पाठ्यक्रम में छात्रों को सामान्य सर्जरी की जानकारी भी दी जाएगी। इंदौर में फिजियोलॉजी संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनोहर भंडारी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया, आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह को पत्र लिखकर भारतीय भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा का नूतन पाठ्यक्रम तैयार करने का सुझाव दिया था।

पटना में इंटरनेशनल हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीन तोगड़िया भारतीय वनवर्ष पर यात्रा निकालते हुए

मप्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रामलीला, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ करने की सलाह

भोपाल। मध्यप्रदेश में अगले साल नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने इस महीने आने वाली रामनवमी और हनुमान जयंती पर अपने पदाधिकारियों, विधायकों एवं कार्यकर्ताओं को रामलीला, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जनता में अपनी पैठ और मजबूत कर सके। वहीं, प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा ने कांग्रेस के इस कदम को पाखंड बताते हुए कहा कि कांग्रेसी नेताओं ने भगवान राम एवं रामसेतु को काल्पनिक बताया था।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर द्वारा दो अप्रैल को समस्त जिला, शहर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण, पार्टी विधायकों, पार्टी के लोकसभा एवं विधानसभा प्रत्याशियों, समस्त जिला प्रभारियों, मोर्चा संगठन एवं विभाग के अध्यक्षों को जारी पत्र में कहा गया है कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश के अनुसार वे 10 अप्रैल को रामनवमी और 16 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा, रामनवमी के अवसर पर भगवान राम कथा वाचन, रामलीला और भगवान राम की पूजा अर्चना के कार्यक्रम तथा हनुमान जयंती पर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि कमलनाथ रामनवमी के अवसर पर शुभकामना संदेश प्रेषित करेंगे तथा हनुमान जयंती के अवसर पर अपने गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा में विशेष पूजा अर्चना करेंगे। कांग्रेस के इस कदम के बारे में पूछे जाने पर मध्य प्रदेश कांग्रेस महासचिव और मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा, कमलनाथ भगवान हनुमान के भक्त हैं और पिछले कई सालों से छिंदवाड़ा में इस तरह के कार्यक्रम कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने पिछले साल इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए थे। भाजपा प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि इस पत्र से कांग्रेस के पाखंड का पर्दाफाश हुआ है।

अगर मुस्लिम व्यक्ति प्रधानमंत्री बना तो 50 प्रतिशत हिंदुओं का धर्मांतरण हो जाएगा : यति नरसिंहानंद

भाषा। नई दिल्ली

विवादित बयानों से प्राय: चर्चा में रहने वाले दिल्ली से सटे गाजियाबाद स्थित डासना देवी मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद ने रविवार को एक बार फिर अपने बयान से विवाद पैदा कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि अगर कोई मुस्लिम व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री बना तो 20 साल में 50 प्रतिशत हिंदुओं का धर्मांतरण हो जाएगा। दिल्ली प्रशासन की अनुमति के बिना आयोजित हिंदू महापंचायत को संबोधित करते हुए नरसिंहानंद ने कथित तौर पर हिंदुओं को अपना अस्तित्व बचाने के लिए हथियार उठाने की भी नसीहत दी। यह महापंचायत बुराड़ी मैदान में उसी संगठन ने आयोजित की थी जिसने पूर्व में इसी तरह के कार्यक्रम हरिद्वार और दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित किए थे जहां कथित तौर पर मुस्लिम विरोधी नारे लगाए गए थे। बुराड़ी मैदान में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में हिंदू श्रेष्ठता की भावना रखने वाले कई नेता शामिल हुए। नरसिंहानंद हरिद्वार की घटना को लेकर इस समय जमानत पर हैं। उन्होंने कहा, वर्ष 2029 में या वर्ष 2034 में या वर्ष 2039 में मुस्लिम प्रधानमंत्री बन जाएगा। अगर एक बार मुस्लिम प्रधानमंत्री बना तो अगले 20 साल में 50 प्रतिशत हिंदुओं का धर्मांतरण हो जाएगा, 40 प्रतिशत की हत्या कर दी जाएगी और बाकी बचे 10 प्रतिशत या तो शरणार्थी शिविरों में होंगे या दूसरे देश में होंगे।

सोशल मीडिया पर महापंचायत के आए वीडियो में नरसिंहानंद कथित तौर पर कहते सुनाई देते हैं, यह हिंदुओं का भविष्य होगा। अगर आप इस भविष्य से बचना चाहते हैं तो मर्द बनो और हथियार उठाओ। हालांकि, पीटीआई-भाषा इस वीडियो की सत्यता की स्वतंत्र जांच नहीं कर सकी। इस बीच, कार्यक्रम को कवर करने गए दिल्ली के कुछ पत्रकारों के साथ वहां कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने की खबर है। पुलिस ने हालांकि, उन्हें हिरासत में लेने के दावे से इनकार किया है। कार्यक्रम को कवर गए पत्रकारों में से एक ने ट्वीट कर आरोप लगाया कि महापंचायत में हिंदू भीड़ ने मीडिया के दो मुस्लिम सदस्यों पर हमला किया और उन्हें हिरासत में भी लिया गया। उत्तर पश्चिमी दिल्ली की पुलिस आयुक्त उषा रंगनानी ने ट्विटर पर कहा कि किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया है। उन्होंने ट्वीट किया, कुछ संवाददाता अपनी उपस्थिति के हो रहे विरोध से बचने के लिए स्वेच्छा से वहां मौजूद पुलिस पीसीआर में बैठे और सुरक्षा कारणों से उसी में पुलिस थाने जाने का विकल्प चुना। किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

गोड्डा में महिला ने व्यक्ति की हत्या की

गोड्डा (झारखंड)। झारखंड के गोड्डा जिले में कथित प्रेम प्रसंग में एक महिला द्वारा एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) वाईएस रमेश ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पथरगामा थाना क्षेत्र के सुरनिया गांव के राहुल कुमार सिंह (22) का अपने ही गांव की एक विवाहित महिला से कथित रूप से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को सिंह की लाश उसके घर से बरामद हुई थी। शुरुआत में मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या के पीछे जमीन संबंधी विवाद को कारण बताया था, जिसे लेकर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। लेकिन, जांच के दौरान महिला की संलिप्तता का खुलासा हुआ। एसपी ने बताया कि सिंह ने महिला को अपने घर बुलाया था और नशे की हालत में अपने गले में फंदा डालकर उसे घर रुकने की जिद कर रहा था।

जगन्नाथ मंदिर में महाप्रसाद बनाने में उपयोग किए जाने वाले 40 चूल्हों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया

भाषा। पुरी

ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में मिट्टी के करीब 40 चूल्हों को रविवार को टूटी हुई अवस्था में पाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन चूल्हों का इस्तेमाल महाप्रसाद बनाने में किया जाता था, जिसका भोग भगवान को रोस घर (रसोई घर) में लगाया जाता है। यह दुनिया की सबसे बड़ी रसोई घर है जहां पर रोजाना करीब 300 क्विंटल चावल पकाया जाता है। जिलाधिकारी समर्थ वर्मा ने पुलिस अधीक्षक वीके सिंह के साथ मौके का दौरा करने के बाद कहा, रोस घर के करीब 40 चूल्हों में तोड़फोड़ की गई है। हमने इस संबंध में रिपोर्ट तलब की है और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। आरोपियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। वर्मा ने बताया कि पुलिस और मंदिर के अधिकारियों की संयुक्त जांच के आदेश दिए गए हैं। इस घटना से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण का कार्य प्रभावित होगा लेकिन साथ ही दावा किया कि दो दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। वर्मा ने कहा कि मंदिर के अनुष्ठान प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि केवल एक या दो कोठा चूल्हों में तोड़फोड़ की गई है जिसपर बने भोजन का भोग मंदिर प्रशासन भगवान को लगाता है जबकि शेष सुरक्षित हैं। भगवान को सकल धूप (प्रात: भोग) अर्पित करने में करीब 30 मिनट की देरी हुई। उल्लेखनीय है कि 12वीं सदी के मंदिर के दस्तावेजों के मुताबिक कुल 240 चूल्हें हैं जिनमें से 40 को क्षतिग्रस्त किया गया है। केवल सौरा (खाना बनाने वाला) को रसोई घर में जाने की अनुमति है और संदेह है कि शनिवार रात को चूल्हों में तोड़फोड़ की घटना में कुछ सेवादार संलिप्त रहे होंगे।

जानवरों का मांस के लिए वध करने से पहले अनिवार्य रूप से अचेत करें: कर्नाटक सरकार

बेंगलुरु। कर्नाटक पशु पालन और पशु चिकित्सा सेवा ने बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) से कहा है कि वह सभी कसाईखानों और चिकन की दुकानों को निर्देश दे कि वे मांस के लिए जानवर का वध करने से पहले सुनिश्चित करें कि उन्हें अचेत किया जाए। विभाग ने नगर निकाय को कहा है कि वह कसाई खाना और चिकन की दुकान को लाइसेंस देने के दौरान पशुओं को अचेत करने की सुविधा का निरीक्षण करे। हालांकि, इस सबंध में जारी पत्र को सामान्य प्रक्रिया बताया जा रहा है परंतु यह ऐसे समय आया है जब उगाडी त्योहार के दौरान दक्षिणपंथी समूह हलाल मांस का बहिष्कार करने की मांग कर रहे हैं। बेंगलुरु शहरी जिले में पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग के उप निदेशक द्वारा एक अप्रैल को बीबीएमपी को लिखे पत्र में पशु क्रूरता (कसाई खाने में) निषेध अधिनियम-2001 का हवाला दिया गया है और पशु का मांस के लिए वध करने से पहले उन्हें अचेत करना सुनिश्चित करने को कहा गया है। विभाग ने कहा कि उसे शिकायतें मिली हैं कि इन नियमों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दक्षिण पंथी संगठनों ने उगाडी के अगले दिन मनाए जाने वाले वर्षाडोडकु को हलाल मांस का बहिष्कार करने की अपील की थी। कर्नाटक के कई समुदाय वर्षाडोडकु के दिन मांसाहार का सेवन करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने तो हलाल खाने को आर्थिक जिहाद तक की संज्ञा दे दी है।

गंगोत्री के कपाट तीन मई को पूर्वाह्न सवा ग्यारह बजे खुलेंगे

उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। गढवाल हिमालय की ऊंची पहाडियों पर स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया पर्व पर तीन मई को पूर्वाह्न सवा ग्यारह बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। चैत्र नवरात्र के मौके पर तीर्थ पुरोहितों ने गंगोत्री धाम के कपाट खोले जाने का शुभ मुहूर्त निकाला। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा को समर्पित मंदिर के कपाट अक्षय तृतीया पर अभिजीत मुहूर्त में पूर्वाह्न 11:15 पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। कपाट खुलने के बाद आगामी छह माह तक श्रद्धालु गंगोत्री धाम में ही मां गंगा के दर्शन कर सकेंगे। सेमवाल ने बताया कि दो मई को मां गंगा अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा गांव से डोली में सवार होकर दोपहर 12:15 पर गंगोत्री धाम के लिए रवाना होंगी। डोली अगले दिन गंगोत्री पहुंचेगी। इसके अलावा, अक्षय तृतीया पर ही खोले जाने वाले एक अन्य धाम यमुनोत्री के कपाट खुलने का मुहूर्त सात अप्रैल को यमुना जयंती पर यमुनोत्री के तीर्थ पुरोहितों द्वारा तय किया जाएगा। गंगोत्री और यमुनोत्री सहित गढवाल हिमालय के चारों धामों के कपाट सर्दियों में भारी बर्फवारी की चपेट में रहने के कारण अक्टूबरनवंबर में श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाते हैं, और अगले साल अप्रैलमई में दोबारा खोल दिए जाते हैं। दो अन्य धामों, बदरीनाथ और केदारनाथ के कपाट खोले जाने की तिथि भी तय हो चुकी है। केदारनाथ के कपाट छह मई को और बदरीनाथ के कपाट आठ मई को खोले जाएंगे।

भारत में कोविड-19 के 1,096 नए मामले, 81 मरीजों की मौत

भाषा। नई दिल्ली



भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,096 नए मामले सामने आने के साथ अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 4,30,28,131 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घट कर 13,013 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 81 मरीजों के जान गंवाने से कुल मृतक संख्या बढ़कर 5,21,345 हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.03 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.76 प्रतिशत है।

आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 432 की कमी दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि देश में 19 दिसंबर 2020 को कोविड-19 के मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले वर्ष चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। मंत्रालय के अनुसार दैनिक संक्रमण दर 0.24 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.23 प्रतिशत है। संक्रमण से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 4,24,93,773 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत दर्ज की गई है। वहीं, देशव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 184.66 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, जिन 81 लोगों की संक्रमण से मौत हुई है, उनमें 74 केरल से थे। मंत्रालय के मुताबिक, देश में इस महामारी से अब तक 5,21,345 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 1,47,787 लोगों की मौत महाराष्ट्र में, 68,066 की केरल, 40,054 की कर्नाटक, 38,025 की तमिलनाडु, 26,153 की दिल्ली, 23,496 की उत्तर प्रदेश और 21,197 लोगों की मौत पश्चिम बंगाल में हुई है। मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

सड़क हादसे में न्यायाधीशकी मौत, एक न्यायाधीश सहित दो घायल

छतरपुर (मप्र)। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा जाने से कार सवार एक न्यायाधीश की मौत हो गई,वहीं एक अन्य न्यायाधीश सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उप अधीक्षक शशांक जैन ने रविवार को बताया कि यह हादसा छतरपुर से करीब 12 किलोमीटर दूर मातगुवां थाना क्षेत्र के पराचौकी के पास शनिवार रात करीब आठ बजे के आसपास हुआ। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में बड़ामलहरा में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) ऋषि तिवारी की मौत हो गई। जैन ने बताया कि इस हादसे में बड़ामलहरा में ही पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) आशीष मथोरिया और कार चला रहे उनके साले राम दिनकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें ग्वालियर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की हालत स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ये लोग बड़ामलहरा से छतरपुर आ रहे थे और कार रास्ते में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।

अहमदाबाद में स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन करते पंजाब के सीएम भगवंत मान

डिस्कवरी पर लीजेंड ऑफ द रामायण विद अमीश

मुंबई। क्या आप जानते हैं कि भगवान राम की एक बड़ी बहन भी थी, कैकेयी ने भगवान राम को केवल 14 साल के लिए ही वनवास के लिए क्यों कहा, नासिक शहर का नाम कैसे पड़ा, क्या आप भगवान राम और गौतम बुद्ध को जोड़ने वाले सामान्य सूत्र को जानते हैं,सदियों से, रामायण को भारत के सबसे प्रसिद्ध शब्द, इतिहास के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसने हमारे पूरे देश की सामूहिक चेतना को वैसा ही आकार दिया है। हालाँकि हमारी संस्कृति में गहराई से निहित होने के बावजूद, रामायण के इर्द-गिर्द मौजूद ऐसी कहानियों की प्रचुरता बनी हुई है जिनके बारे में कम लोग जानते हैं। और यही समय है कि हम इसे सुलझाएं। रामनवमी के शुभ अवसर से पहले डिस्कवरी लीजेंड ऑफ द रामायण विद अमीश् में दुनिया की सबसे बड़ी कहानियों में से एक के पवित्र भूगोल को फिर से दिखाएगीए जो अत्यधिक बिकने वाले पुरस्कार विजेता लेखक और राजनयिक, अमीश त्रिपाठी द्वारा सुनाई गई एक सम्मोहक डॉक्यूमेंट्री है।

लाउडस्पीकर के जरिए हनुमान चालीसा बजाने पर मनसे कार्यकर्ता हिरासत में लिया गया, बाद में छोड़ा गया

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे द्वारा मस्जिदों पर लाउडस्पीकर से अजान का विरोध हनुमान चालीसा बजाकर करने की चेतावनी देने के एक दिन बाद उनकी पार्टी के एक कार्यकर्ता को मुंबई के असलफा इलाके में इस तरह का कृत्य करने के प्रयास पर हिरासत में लिया गया और बाद में रविवार दोपहर को उसे रिहा कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घाटकोपर पुलिस थाना के एक अधिकारी ने कहा कि महेंद्र भानुशाली को उस समय हिरासत में लिया गया जब उसने चांदिवली के असलफा में हिमालय सोसाइटी में एक पेड़ पर लाउडस्पीकर लगाया और हनुमान चालीसा बजाना शुरू कर दिया।

उन्होंने कहा, पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, भानुशाली को हिरासत में लिया और लाउडस्पीकर को जब्त कर लिया। उसे करीब दो घंटे बाद रिहा कर दिया गया। भानुशाली पर 5,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 149 के तहत उसे इस तरह के कृत्य को नहीं दोहराने के लिए नोटिस जारी किया गया। भानुशाली ने पुलिस की कार्रवाई की निंदा की और कहा कि उन्हें आरती करने के लिए परेशान किया जा रहा है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को मस्जिदों में लाउडस्पीकर बंद करने की मांग की थी। उन्होंने मुंबई के शिवाजी पार्क में गुड़ी पड़वा रैली को संबोधित करते हुए चेतावनी दी थी, मस्जिदों में लाउडस्पीकर इतनी तेज आवाज में क्यों बजाए जाते हैं? अगर इसे नहीं रोका गया, तो मस्जिदों के बाहर इससे भी अधिक ऊंचे स्वर में हनुमान चालीसा बजाए जाएंगे।

आशीष की जमानत को चुनौती वाली याचिका पर आज सुनवाई

भाषा। नई दिल्ली

लखीमपुर मामला

उच्चतम न्यायालय लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा को जमानत दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की विशेष पीठ ने 30 मार्च को उत्तर प्रदेश सरकार को आशीष की जमानत रद्द करने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच की निगरानी कर रहे एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की दो रिपोर्ट पर चार अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि निगरानी न्यायाधीश ने मामले में आशीष मिश्रा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को रद्द करने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा था।

पीठ ने कहा था, एसआईटी ने उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को निगरानी न्यायाधीश के दो पत्र भेजे हैं जिन्होंने मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने के लिए उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने के लिए राज्य को लिखा था। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने तब पीठ को सूचित किया था कि अतिरिक्त सचिव (गृह) ने कहा है कि उन्हें पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं। पीठ ने तब जेठमलानी को एसआईटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर गौर करने और चार अप्रैल तक जवाब देने को कहा था।इससे पहले, राज्य सरकार ने कहा था कि जमानत देने को चुनौती देने का निर्णय संबंधित अधिकारियों द्वारा विचाराधीन है।शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में उत्तर प्रदेश की एसआईटी की जांच की निगरानी के लिए नियुक्त किया था। पिछले साल तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी में हिंसा के दौरान आठ लोग मारे गए थे, जब किसान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के इलाके के दौरे का विरोध कर रहे थे। उत्तर प्रदेश पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार, चार किसानों को एक एसयूवी ने कुचल दिया, जिसमें आशीष मिश्रा बैठा था।

अमेरिकी सांसद ने की शांति प्रयासों के लिए मोदी की प्रशंसा

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका की एक शीर्ष सांसद ने यूक्रेन पर अमेरिका और रूस के बीच शांति कायम करने के प्रयासों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की है। साथ ही, उम्मीद जताई कि उनके प्रयास क्षेत्र में शांति बहाल करने में मददगार होंगे। मोदी ने शुक्रवार को भारत की यात्रा पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से कहा था कि भारत, यूक्रेन संकट का हल करने के लिए शांति प्रयासों में किसी भी तरीके से योगदान देने के लिए तैयार है और उन्होंने युद्धरत देश में हिंसा पर तत्काल रोक लगाने का आह्वान किया। अमेरिकी कांग्रेस की सदस्य कैरोलिन मैलोनी ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे लगता है कि अभी वह (मोदी) यूक्रेन को लेकर रूस और अमेरिका के बीच शांति कायम करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत सकारात्मक उद्देश्य है।

उन्होंने कहा, हमारे (भारत और अमेरिका के) बीच मजबूत आर्थिक संबंध हैं, हमारे मजबूत शांति संबंध हैं और हमारे एक जैसे मजबूत मूल्य (वैल्यू) हैं, मैं कहना चाहूंगी कि हमारी एक जैसी सरकार है। सदन की शक्तिशाली ओवरसाइट कमेटी की अध्यक्ष मैलोनी (76) अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में सबसे वरिष्ठ डेमोक्रेट सदस्यों में से एक हैं। वह 1993 से अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में निर्वाचित होती रही हैं। मैलोनी कांग्रेस में तथा उसे बाहर भारत और भारतीय अमेरिकियों की मित्र भी हैं। वह दिवाली के त्योहार पर संघीय अवकाश घोषित करने और अमेरकी संसद का प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल महात्मा गांधी को देने के दो विधेयकों को पारित कराने की कोशिशें कर रही हैं। मैलोनी ने विश्वास जताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन उनके दोनों विधेयकों पर आखिरकार हस्ताक्षर कर देंगे। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी शांति के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक बात सच है कि अगर आप कोशिश नहीं करते तो आप कभी कामयाब नहीं होते हैं। आपको प्रयास करते रहने होंगे। दुनिया के लिए मैं उम्मीद करती हूं कि यूक्रेन, रूस और विश्व के बीच शांति के लिए काम करे रहे किसी भी व्यक्ति के प्रयास मददगार होंगे। न्यूयॉर्क से सांसद मैलोनी ने कहा, यह बहुत खतरनाक दौर है क्योंकि हम सभी तीसरे विश्वयुद्ध का भार नहीं उठा सकते। हम परमाणु शक्ति संपन्न हैं। हम यह जोखिम नहीं ले सकते। हमें एक समझौता करना होगा और लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। मुझे राष्ट्रपति बाइडन पर गर्व है।

रूस ने पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों को अकारण बताया

मॉस्को। रूस ने कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर प्रतिबंध लगाकर पश्चिमी देशों ने प्रदर्शित किया है कि उन्होंने अपनी समझदारी खो दी है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को टेलीविजन पर अपनी टिप्पणी में कहा कि पुतिन के खिलाफ प्रतिबंध अकारण हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों ने ऐसा कर यह दिखाया है कि मूर्खता दिखाने की उनकी कोई सीमा नहीं है। पेसकोव ने कहा कि जब रूस-यूक्रेन, दोनों देशों के वार्ताकार चर्चा के लिए एक मसौदा समझौता तैयार कर लेंगे तो यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ पुतिन की बैठक काल्पनिक रूप से संभव है।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रूस में दवाओं की किल्लत

मास्को। यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण रूस में कई जरूरी दवाओं की कमी हो गई है। युद्ध शुरू होने से पहले ही लोग रूस में अपने परिजनों, दोस्तों को सूचित कर रहे थे और सोशल मीडिया पर ऐसे संदेश डाल रहे थे कि प्रतिबंधों की आशंका के कारण जरूरी दवाएं घर में खरीद कर रख लेनी चाहिए। समय बीतने के साथ मास्को और कुछ अन्य शहरों में दुकानों में कई दवाएं तेजी से खत्म होती गईं। अपने पिता के लिए, रक्त को पतला करने की दवा ढूंढ रहे कजान के एक निवासी ने मार्च में कहा था, शहर में एक भी जरूरी दवा उपलब्ध नहीं है। रूस में विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि दवाइयों की कमी अस्थाई है लेकिन कुछ विशेषज्ञ चिंतित हैं कि उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं रूसी बाजार से गायब हो जाएंगी। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रतिबंधों से आपूर्तिकर्ताओं में घबराहट और आपूर्ति से जुड़ी कठिनाइयों के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। मास्को में हॉस्पिटल नंबर 29 में हृदय रोग गहन देखभाल इकाई के प्रमुख डॉ. एलेक्सी एरलिक ने कहा, (दवा की) किल्लत हो सकती है। हालांकि यह समस्या कितनी गंभीर होगी, यह नहीं पता। युद्ध शुरू होने के बाद मार्च की शुरुआत से ही ऐसी खबरें आने लगीं कि रूस के लोगों को कुछ खास प्रकार की दवा मिलने में कठिनाई आ रही है। रूस के क्षेत्र दागिस्तान में मरीजों के हितों के लिए काम करने वाले समूह पेशेंट मॉनिटर को मार्च के दूसरे सप्ताह से इस तरह की किल्लत की शिकायतें मिलने लगी।

उनके दोनों विधेयकों पर आखिरकार हस्ताक्षर कर देंगे। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी शांति के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक बात सच है कि अगर आप कोशिश नहीं करते तो आप कभी कामयाब नहीं होते हैं। आपको प्रयास करते रहने होंगे। दुनिया के लिए मैं उम्मीद करती हूं कि यूक्रेन, रूस और विश्व के बीच शांति के लिए काम करे रहे किसी भी व्यक्ति के प्रयास मददगार होंगे। न्यूयॉर्क से सांसद मैलोनी ने कहा, यह बहुत खतरनाक दौर है क्योंकि हम सभी तीसरे विश्वयुद्ध का भार नहीं उठा सकते। हम परमाणु शक्ति संपन्न हैं। हम यह जोखिम नहीं ले सकते। हमें

यूक्रेन में युद्ध अपराध केसबूत मिले, ब्रिटेन ने की निंदा

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सलाहकार ओलेक्सी अरेस्तोविच ने रविवार को कहा कि अधिकारियों को राजधानी कीव के बाहरी इलाके में रूसी सैनिकों द्वारा गंभीर युद्ध अपराधों को अंजाम दिए जाने के सबूत मिले हैं। अरेस्तोविच ने बताया कि रूसी सैनिकों की वापसी के बाद कीव के इरपिन, बुशा और होस्तोमेल उपनगर की सड़कों पर बड़ी संख्या में नागरिकों की लाशें बिछी मिली हैं। उन्होंने इस दृश्य की तुलना हॉरर फिल्म से की। अरेस्तोविच ने कहा कि कुछ मृतकों के सिर में गोली मारी गई थी और उनके हाथ बंधे हुए थे, जबकि कई शवों पर शारीरिक यातना के निशान थे। उन्होंने रूसी सैनिकों पर यूक्रेनी महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने और उन्हें जलाने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया। अरेस्तोविच ने कहा कि यूक्रेनी अधिकारी कथित युद्ध अपराधों की जांच करेंगे और इसके साजिशकर्ताओं का पता लगाएंगे। यूक्रेन में युद्ध अपराध की खबरों की अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने आलोचना की। ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा कि यूक्रेन में निर्दोष नागरिकों के खिलाफ अंधाधुंध हमलों के सबूत बढ़ रहे हैं और इनकी जांच युद्ध अपराधों के रूप में की जानी चाहिए। ट्रस ने कहा, हम रूस को दुष्प्रचार के जरिए इन युद्ध अपराधों में अपनी संलिप्तता छिपाने की अनुमति नहीं देंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि रूसी कार्वाई की हकीकत दुनिया के सामने लाई जाए।

लिथुआनिया ने रूसी गैस आयात समाप्त किया

विलनियस। लिथुआनिया ने रूस पर अपनी ऊर्जा निर्भरता समाप्त करने के लिए खुद को मॉस्को से गैस आयात से पूरी तरह से अलग कर लिया है। लिथुआनिया कथित तौर पर यूरोपीय संघ के उन 27 देशों में से ऐसा करना वाला पहला देश बन गया है जो रूसी गैस का उपयोग करते हैं। यह जानकारी एक बयान से मिली। लिथुआनिया के ऊर्जा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा, रूसी गैस से पूर्ण ऊर्जा स्वतंत्रता हासिल करने के प्रयास के तहत और यूरोप में रूस के ऊर्जा ब्लैकमेल और यूक्रेन में युद्ध के जवाब में लिथुआनिया ने रूसी गैस को पूरी तरह से त्याग दिया है। बयान के अनुसार, यह कदम अप्रैल की शुरुआत में प्रभावी हुआ। मंत्रालय ने कहा कि लिथुआनिया शनिवार को रूसी गैस के आयात को शून्य तक कम करने में कामयाब रहा और इस कदम को देश में ऊर्जा स्वतंत्रता हासिल करने में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जा रहा है। लिथुआनिया के राष्ट्रपति गितानस नौसेदा ने एक ट्वीट करके अन्य यूरोपीय देशों से भी ऐसा करने का आग्रह किया।

रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति दृढ़ व सुसंगतः राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

अश्गाबात। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कहना है कि यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर भारत की स्थिति दृढ़ व सुसंगत रही है। साथ ही जोर दिया कि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रों की संप्रभुता के सम्मान में निहित है। दुनियाभर की अन्य प्रमुख शक्तियों की तरह भारत ने यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा नहीं की है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर रूसी हमले के निंदा संबंधी प्रस्तावों पर मतदान से दूरी बनाई थी। भारत इस संकट को बातचीत और कूटनीतिक तरीके से हल किए जाने पर जोर देता रहा है। अश्गाबात में शनिवार को इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन में युवा छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि भारत यूक्रेन में बिगड़ते मानवीय हालात को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा, रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति दृढ़ व सुसंगत रही है। हम बिगड़ते मानवीय हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं। हमने युद्ध एवं हिंसा को तत्काल रोकने के साथ ही बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है। हमने यूक्रेन को मानवीय सहायता भी उपलब्ध कराई है।

जॉनसन ने यूक्रेन के प्रमुख क्षेत्रों से रूसी बलों को पीछे धकेलने के लिए जेलेंस्की को बधाई दी

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने राजधानी कीव समेत प्रमुख क्षेत्रों से रूसी बलों को सफलतापूर्वक पीछे धकेलने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बधाई दी। कीव पर यूक्रेनी बलों के दोबारा नियंत्रण हासिल करने की खबरों के बीच शनिवार शाम टेलीफोन पर बातचीत के दौरान जॉनसन ने कहा कि रूस के साथ चल रहे युद्ध में देश के अन्य हिस्सों में बड़ी चुनौतियां कायम हैं। दोनों नेताओं ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए प्रतिबंधों को जारी रखने के महत्व पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंस स्ट्रीट के एक प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री ने आज शाम फिर से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की। उन्होंने कई क्षेत्रों में रूस की हमलावर सेना को सफलतापूर्वक पीछे धकेलने के लिए यूक्रेन के बहादुर सशस्त्र बलों को बधाई दी, लेकिन यह भी स्वीकार किया कि बड़ी चुनौतियां अभी कायम हैं और आम लोग अब भी पीड़ा का सामना कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री ने पिछले सप्ताह ब्रिटेन द्वारा आयोजित 35 देशों के सैन्य अनुदान सम्मेलन में हुई प्रगति के बारे में राष्ट्रपति जेलेंस्की को जानकारी दी, जिसमें सैन्य समर्थन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध जताई गई थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक स्वतंत्र व लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में यूक्रेन के अस्तित्व की लड़ाई की तात्कालिकता और अंतरराष्ट्रीय सहायता के महत्व को रेखांकित किया। बताया जा रहा है कि जेलेंस्की ने शांति वार्ता की स्थिति के बारे में जॉनसन को जानकारी दी। साथ ही राजनयिक प्रयासों में ब्रिटेन की भागीदारी का स्वागत किया।

सहायता समूह का दावा, भूमध्य सागर में डूबे 90 से अधिक प्रवासी

काहिरा। बेहतर जीवन की तलाश में उत्तरी अफ्रीका से यूरोप की ओर जा रहे प्रवासियों की एक नौका भूमध्य सागर में डूब गई है। नौका में 90 से अधिक प्रवासी सवार थे। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक एक सहायता समूह ने यह जानकारी दी है। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने शनिवार देर रात कहा कि प्रवासी जिस नौका में सवार थे, वह नौका पिछले हफ्ते लीबिया से यूरोप की ओर जा रही थी। समूह के मिशन प्रमुख जुआन मटियास गिल ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नौका में कब परेशानी हुई। फ्रांसीसी एमएसएफ नाम से भी प्रचलित समूह के मुताबिक एक तेल टैंकर ने शनिवार तड़के चार प्रवासियों को बचा लिया। सुरक्षित बचे प्रवासियों के मुताबिक नौका पर करीब 100 लोग सवार थे।

चीन के शंघाई शहर में बढ़ रहे हैं कोरोना के मामले

बीजिंग। चीन की सबसे बड़े शहर शंघाई में कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं। वहीं, लाखों लोग लॉकडाउन के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 438 नए मामलों की पुष्टि हुई है। साथ ही, 7,788 ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिनमें संक्रमण के लक्षण नहीं हैं। दोनों तरह के मामले कल की तुलना में थोड़े ज्यादा हैं। वहीं, उत्तर पूर्वी प्रांत जिलिन में रविवार कोरोना वायरस के कुल 4,455 नए मामले सामने आए, जो शनिवार को सामने आए मामलों से अधिक हैं।

अमेरिका के सैक्रामेंटो में गोलीबारी में छह लोगों की मौत, नौ घायल

सैक्रामेंटो (अमेरिका)। अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया की राजधानी सैक्रामेंटों के व्यस्त इलाके में गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सैक्रामेंटो पुलिस विभाग ने कहा कि रविवार सुबह गोलीबारी की घटना हुई। ट्विटर पर साझा किए गए वीडियो में लोग सड़कों पर भागते हुए नजर आए जबकि पृष्ठभूमि में गोलियां चलने की आवाजें आ रही थीं। मौके पर कई एंबुलेंस भी जाती हुई दिखीं। पुलिस ने घटना के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी, लेकिन एक ट्वीट में कहा कि घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। फोन पर सैक्रामेंटो पुलिस से संपर्क किया गया लेकिन अब तक जवाब नहीं मिला है। जिस जगह गोलीबारी की घटना हुई वहां पर कई रेस्तरां और बार हैं। लोगों से घटनास्थल की तरफ जाने से परहेज करने को कहा गया है। सामुदायिक कार्यकर्ता बेरी ऑकुइस ने कहा कि गोलीबारी के तुरंत बाद वह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा, मैंने कई घायलों को देखा। एक युवती के शरीर से खून निकल रहा था। एक लड़की चिल्ला रही थी कि उसकी बहन को गोली लगी है। एक महिला अपने बेटे को खोज रही थी।

यूक्रेन के शहर में साइकिल पर बैठा हुआ बच्चा के सामने गश्त करते यूक्रेन की सेना का जवा

नरम वृद्धि के बीच ऊंची महंगाई का अधिक प्रचारः राजीव कुमार

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था एक बड़े आर्थिक पुनरुद्धार के मुहाने पर है और पिछले सात साल के दौरान सरकार द्वारा किए गए उपायों से एक मजबूत आर्थिक बुनियाद रखी गई है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने रविवार को यह बात कही। कुमार ने कहा कि वृद्धि दर में नरमी के बीच ऊंची महंगाई यानी स्टैगफ्लेगशन की बात का कुछ अधिक प्रचार किया जा रहा है। ऐसी स्थिति नहीं है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष कुमार ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद सभी संकेतों से स्पष्ट है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष की वजह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। कुमार ने कहा, पिछले सात वर्षों में सरकार द्वारा किए गए सभी सुधारों और यह उम्मीद करते हुए कि संभवत: हम कोविड-19 महामारी का अंत देख रहे हैं और 2022-23 में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकेंगे, यह कहा जा सकता है कि आगामी वर्षों में अर्थव्यवस्था में तेज वृद्धि के लिए एक मजबूत बुनियाद रखी जा रही है। हालिया सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के 2021-22 में 8.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। कुमार ने कहा, इसलिए मुझे लगता है कि भारत एक बड़े आर्थिक पुनरुद्धार और आर्थिक वृद्धि के करीब है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान में संशोधन हो सकता है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने हालांकि कहा कि इसके बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मार्च में बेरोजगारी की दर घटकर 7.6 प्रतिशत रही, हरियाणा में सबसे ऊंचीः सीएमआईई

कोलकाता। अर्थव्यवस्था के धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर लौटने के साथ देश में बेरोजगारी की दर घट रही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सीएमआईई के मासिक आंकड़ों के अनुसार, देश में बेरोजगारी की दर फरवरी में 8.10 प्रतिशत थी, जो मार्च में घटकर 7.6 प्रतिशत रह गई। दो अप्रैल को यह अनुपात और घटकर 7.5 प्रतिशत रह गया। शहरी बेरोजगारी की दर 8.5 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह 7.1 प्रतिशत रही। भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के अर्थशास्त्र के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अभिरूप सरकार ने कहा कि बेरोजगारी की दर घट रही है, लेकिन भारत जैसे गरीब देश की दृष्टि से यह अब भी काफी ऊंची है।

भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड 418 अरब डॉलर का निर्यात किया

भाषा। नई दिल्ली

पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग वस्तुओं, रत्न एवं आभूषण और रसायन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का वस्तुओं का निर्यात 418 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को वित्त वर्ष 2021-22 के व्यापार आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी। इन आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2022 में देश ने 40 अरब डॉलर का निर्यात किया जो एक महीने में निर्यात का सर्वोच्च स्तर है। इसके पहले मार्च, 2021 में निर्यात का आंकड़ा 34 अरब डॉलर रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने वित्त वर्ष 2020-21 में 292 अरब डॉलर का निर्यात किया था। वर्ष 2021-22 में निर्यात आंकड़ा बड़ी बढ़त के साथ 418 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। गत 23 मार्च को देश ने 400 अरब डॉलर के निर्यात आंकड़े को पार कर लिया था। गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि इस वित्त वर्ष में भारत ने सबसे ज्यादा अमेरिका को निर्यात किया और उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), चीन, बांग्लादेश एवं नीदरलैंड का स्थान रहा। गोयल ने कहा, "भारत से वस्तुओं का निर्यात चालू वित्त वर्ष में 417.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस आंकड़े में गैर-ईडीआई बंदरगाह से निर्यात के आंकड़े शामिल नहीं हैं और उसे जोड़ने पर निर्यात का पूरा आंकड़ा 418 अरब डॉलर के पार हो जाने की उम्मीद है। यह भारत के निर्यात इतिहास का सर्वकालिक उच्च स्तर है। गोयल ने कहा कि निर्यातकों एवं उद्योग संगठनों की कोशिशों, विभिन्न विभागों के बीच तालमेल और राज्य सरकारों के प्रयासों ने इस उपलब्धि तक पहुंचाने में योगदान दिया है।

चालू वित्त वर्ष में एक करोड़ टन से अधिक रह सकता है गेहूं निर्यातः गोयल

भाषा। नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि वैश्विक बाजार में बढ़ती मांग की वजह से देश का गेहूं निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में एक करोड़ टन के पार जाने की उम्मीद है। गेहूं निर्यात 2021-22 में 70 लाख टन (15,000 करोड़ रुपए से अधिक) को पार कर गया था जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 21.55 लाख टन रहा था। वर्ष 2019-20 में यह महज दो लाख टन (500 करोड़ रुपए) रहा था। गोयल ने संवाददाताओं से कहा, हम बड़े पैमाने पर गेहूं निर्यात जारी रखेंगे और उन देशों की जरूरतें पूरी करेंगे जिन्हें संघर्षरत क्षेत्रों से आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। मेरा मानना है कि इस बार हमारा गेहूं निर्यात बहुत आसानी से 100 लाख टन से पार निकल जाएगा। गेहूं की वैश्विक आपूर्ति में रूस और यूक्रेन की करीब एक चौथाई हिस्सेदारी रहती आई है। इन दोनों देशों में गेहूं की फसल इस साल अगस्त और सितंबर में पक जाएगी। गोयल ने कहा कि किसान भी गेहूं का उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं और गुजरात तथा मध्य प्रदेश जैसे क्षेत्रों से पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक आयात हो रहा है। गेहूं निर्यात के बारे में मिस्र से भारत की अंतिम दौर की बातचीत चल रही है जबकि चीन और तुर्की के साथ भी संवाद चल रहा है। इस अवसर पर विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि अन्य बंदरगाहों से निर्यात सुगम बनाने के लिए वाणिज्य विभाग, खाद्य एवं जन सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। ज्यादातर निर्यात कांडला बंदरगाह से होता है।

आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए इस हफ्ते ऑस्ट्रेलिया जाएंगे गोयल

नई दिल्ली, तीन अप्रैल (भाषा) भारत तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक संबंधों को और गहरा करने, द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश बढ़ाने तथा क्वाड समूह के सदस्यों के बीच एकजुटता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कारोबारी प्रतिनिधिमंडल इस हफ्ते ऑस्ट्रेलिया जाएगा जिसकी अगुवाई वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। क्वाड जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका का समूह है। गोयल छह अप्रैल को तीन दिवसीय दौरे पर ऑस्ट्रेलिया जाएंगे जहां वह ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष अधिकारियों और कारोबारियों के साथ बातचीत करेंगे। एक अधिकारी ने कहा, इस दौरे का उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया के साथ आर्थिक संबंधों को और गहरा करना है।

शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.61 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रहे तेजी के रुख के बीच शीर्ष दस कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 2,61,767.61 करोड़ रुपए बढ़ गया। सबसे ज्यादा फायदा एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में पिछले कारोबारी सप्ताह में ।,914.49 अंक यानी 3.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बाजार की इस तेजी का लाभ बड़ी बाजार मूल्यांकन वाली कंपनियों को भी हुआ। शीर्ष दस कंपनियों के समू ह में से सबसे ज्यादा एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन बढ़ा। इस दौरान इस निजी बैंक का पूंजीकरण 41,469.24 करोड़ रुपए बढ़कर 8,35,324.84 करोड़ रुपए हो गया। इस हफ्ते में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का भी पूंजीकरण 39,073.7 करोड़ रुपए बढ़कर 17,95,709.10 करोड़ रुपए हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का पूंजीकरण 29,687.09 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 4,88,808.97 करोड़ रुपए हो गया। भारती एयरटेल की पूंजी भी बीते हफ्ते 27,103.16 करोड़ रुपए बढ़कर 4,16,625.19 करोड़ रुपए हो गई। एचडीएफसी की पूंजी में पिछले सप्ताह 26,851.9 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई और उसका कुल मूल्यांकन 4,44,363.28 करोड़ रुपए हो गया।

मौद्रिक समीक्षा में यथास्थिति कायम रखेगा रिजर्व बैंक

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक अपनी आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों के मोर्चे पर यथास्थिति कायम रख सकता है। हालांकि खुदरा मुद्रास्फीति के ऊपरी संतोषजनक स्तर पार कर जाने, रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से पैदा हुई अनिश्चितताओं और वृद्धि को संरक्षण और प्रोत्साहन देने की जरूरत के मद्देनजर केंद्रीय बैंक के रुख में बदलाव भी हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अगुवाई वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली मौद्रिक समीक्षा बैठक छह से आठ अप्रैल को होगी। इस बैठक के नतीजों की घोषणा आठ अप्रैल को की जाएगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अप्रैल 2022 की नीतिगत समीक्षा में एमपीसी द्वारा अपने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान में संशोधित किए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा 2022-23 के लिए वृद्धि दर के अनुमानों को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, एमपीसी मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए वृद्धि का त्याग नहीं करेगी। मध्यम अवधि के लिए मुद्रास्फीति का लक्ष्य छह प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर है।

गैस के दाम बढ़ने से ओएनजीसी की आय तीन अरब डॉलर, रिलायंस की 1.5 अरब डॉलर बढ़ेगीः रिपोर्ट

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) की इस वित्त वर्ष में सालाना आय गैस कीमतों में दोगुनी वृद्धि होने से तीन अरब डॉलर बढ़ने की उम्मीद है जबकि निजी क्षेत्र की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की आय में 1.5 अरब डॉलर की वृद्धि हो सकती है। मॉर्गन स्टेनली ने अपनी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। इसके मुताबिक तेल बाजारों में त्रिस्तरीय गिरावट (भंडार, निवेश और अतिरिक्त क्षमता) आने के साथ घरेलू गैस उत्पादन में एक दशक बाद आई तेजी से गैस कंपनियों के लिए लाभ कमाने का एक चक्र शुरू होने की स्थिति बनी है। सरकार ने एक अप्रैल से तेल उत्पादकों एवं नियमित क्षेत्रों को दी जाने वाली गैस के दाम 2.9 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से बढ़ाकर रिकॉर्ड 6.10 डॉलर प्रति इकाई कर दिए हैं। रिलायंस के गहरे समुद्र में स्थित कठिन उत्खनन वाले क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए यह कीमत 62 प्रतिशत ज्यादा 9.92 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू कर दी गई हैं।

मप्र, राजस्थान में डीजल का शतक

नई दिल्ली। वाहन ईंधन कीमतों में रविवार को लगभग दो सप्ताह में 11वीं बार बढ़ोतरी की गई। इससे देश के सभी प्रमुख शहरों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर के पार हो गया है। वहीं कुछ स्थानों पर डीजल भी शतक को पार कर गया है। रविवार को पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 80-80 पैसे प्रति लीटर और बढ़ाए गए हैं। पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 102.61 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 103.41 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल का दाम 93.87 रुपए से बढ़कर 94.67 रुपए प्रति लीटर हो गया है। देशभर में स्थानीय करों की वजह से वाहन ईंधन कीमतों में अंतर होता है। यह वाहन ईंधन कीमतों में 22 मार्च से 11वीं वृद्धि है। इससे पहले करीब साढ़े चार माह तक वाहन ईंधन के दाम नहीं बढ़ाए गए थे।

टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड और उषा सिलाई स्कूल की साझेदारी

मुंबई। टाटा पावर की सहायक टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड और ग्रामीण महिलाओं को कुशल बनाने और उन्हें उद्यमी बनने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलायी जाने वाली उषा इंटरनेशनल लिमिटेड की एक पहल उषा सिलाई स्कूल के बीच एक नेक उद्देश्य से साझेदारी की गयी है। इस साझेदारी के तहतए उषा सिलाई स्कूल गांव की महिला लोगों को सिलाई मशीन्स मुहैया कराएगा और अपने एनजीओ पार्टनर सर्वोदय आश्रम के माध्यम से सिलाई का प्रशिक्षण भी देगा। जबकिए टीपीआरएमजी अपने सोलर माइक्रोग्रिड के जरिए उषा सेंटर की इलेक्ट्रिक सिलाई मशीनों को स्वच्छए किफायती और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति करेगी। इस पहल से उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों के 200 गांवों में 20 से अधिक उषा केंद्रों को लाभ होगा। इस साझेदारी का उद्घाटन कार्यक्रम 31 मार्च 22 को लखीमपुर खेरी जिले के रेवाना गांव में यूपी का पहला ग्रीन डिजिटल स्मार्ट विलेज मितौली में संपन्न हुआ।

चालू वित्त वर्ष में 7.4 फीसदी जीडीपी वृद्धि की उम्मीदः फिक्की

भाषा। नई दिल्ली

उद्योग संगठन फिक्की ने वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताते हुए कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्

डिजिटल स्तर पर करें भविष्य सुरक्षित

पुरवा अग्रवाल कहती हैं कि पूर्व-किशोर उम्र में वित्तीय साक्षरता इस डिजिटल युग में वित्त प्रबंधन में जिम्मेदार आदतों को सीखने और अभ्यास करने में बच्चों के लिए एक मूल्य-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगी

महामारी ने बच्चों के रहने और सीखने का तरीका बदल दिया है। रहने की जीवन शैली इनडोर गतिविधियों की ओर बढ़ी है और इसलिए शिक्षण भी इंनडोर हुआ है। पाठ्यक्रम हो या पाठ्येतर पाठ्यचर्या – इंटरनेट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बच्चे चीजों को जल्दी समझ लेते हैं, लेकिन जब वित्तीय साक्षरता की बात आती है, तो माता-पिता सोचते हैं कि यह बच्चों के लिए अभी उचित नहीं है। और ऐसा रवैया क्यों – क्योंकि इसका पालन करने का इतना कठिन पैटर्न है कि बच्चे को दिलचस्प नहीं लगता।

महामारी के बाद से शिक्षण पैटर्न काफी बदल गया है और वर्तमान परिदृश्य के अनुसार, ई-लर्निंग आपके बच्चे को शिक्षित रखने का एकमात्र तरीका है। हम सभी जानते हैं कि भविष्य है इंटरनेट लर्निंग – तो क्यों न वित्तीय साक्षरता सिखाई जाए। इंटरनेट बैंकिंग और पेमेंट गेटवे में तत्काल वृद्धि हुई है। बच्चे अक्सर अपने माता-पिता को ऑनलाइन लेनदेन करते हुए देखते हैं, लेकिन कई सुरक्षा, जोखिम वाले कारकों के कारण, जिनसे निपट पाना शायद एक बच्चा समझ नहीं सकता है, उन्हें स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग करने का मौका नहीं मिलता है। लेकिन क्या होगा अगर बच्चे को ये सब एक कार्टूनिस्ट, रचनात्मक, मजेदार ढंग से सिखाया जाए?

वर्तमान पीढ़ी में माता-पिता के लिए बच्चों की परवरिश करना कोई आसान काम नहीं है! हालांकि बच्चे तकनीक-प्रेमी होते हैं, वे अपने गैजेट्स पर अधिक आदी होते हैं, और कुछ ऐसे सिद्धांतों को नहीं सीखते हैं जो उनके बेहतर भविष्य की ओर ले जाते हैं। इसलिए वित्तीय जिम्मेदारी को जल्दी सिखाने से उनके समूचे जीवन में फर्क पड़ेगा और धीरे-धीरे उनमें आवश्यक मूल्य और परिश्रम आत्मसात हो जाएंगे।

इसी मसले को मूल रूप से समझते हुए, पूर्व-किशोरों के लिए यह वित्तीय साक्षरता ऐप इस तरह से डिजाइन किया गया है कि बच्चों को यह सभी रचनात्मक पैटर्न और विषयों के साथ पसंद आएगा।

इस ऐप में मौजूद, पुरस्कार युक्त कार्य-संचालित सुविधा, इसे पूर्व-किशोरों व माता-पिता के लिए दिलचस्प बनाती है। तो यहां बच्चों को पैसे की अहमियत सिखाने के कुछ लाभ दिए गए हैं :

बचत की बेहतर समझ

डिजिटलबैंक एक बचत उपकरण है। लेकिन उस बचत का उपयोग कहां करना है यह एक बच्चा अपने माता-पिता से सीख सकता है। वयस्कों के लिए भी यह चुनना बहुत मुश्किल है कि पैसे को सही तरीके से कैसे खर्च किया जाए। बचपन से सीखना वित्त को समझने के कौशल में सुधार कर सकता है।

पूर्वा अग्रवाल
सीईओ, गुड गुड पिग्गी

गणित में सुधार

गणित एक ऐसा विषय है जो बहुत से बच्चों को पसंद नहीं आता है। डिजिटल मनी जैसे माध्यमों से बैंक बच्चों को गणित का आनंद लेने के साथ-साथ उनके माता-पिता द्वारा दिए गए कार्य को पूरा करके बचत भी कराते हैं। गणना से बच्चों में गणित में सुधार होगा और बदलाव को बनाए रखने की बेहतर समझ होगी।

पैसों की अहमियत

यह समझदारी का और सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय शिक्षाओं का कौशल है। बच्चे बस इतना समझते हैं कि पैसा कहीं से आता है – चाहे वह पॉकेट मनी के रूप में हो या पुरस्कृत मूल्य के रूप में। उन्हें इसे महत्व देना और इसे बुद्धिमानी से खर्च करना सिखाना उन्हें भविष्य में अच्छे वित्तीय निर्णयकर्ता बना सकता है।

काम है फायदेमंद

मनी मैनेजमेंट ऐप जैसे उपकरण बच्चों को उनके माता-पिता द्वारा निर्धारित कार्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उन्हें इस बारे में शिक्षित करने में मदद करता है कि पैसा कैसे कमाया जाता है और निश्चित रूप से इसे महत्व देने की बेहतर समझ है।

माता-पिता को लाभ

यह माता-पिता को अपने बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने और उन्हें इस तरह से पालने में मदद करता है कि भविष्य की मांग है। हम जानते हैं कि भविष्य तकनीक से संबंधित है और यहां तक कि माता-पिता भी पीढ़ीगत अंतर की भावना के बगैर कुशल व अपडेट होकर साथ चलेंगे। अपने बच्चों में ऐसी आदतें डालने से माता-पिता कई तरह से सुरक्षित महसूस करते हैं। ऐप्स डिजिटल कल्याण भी सुनिश्चित करते हैं और माता-पिता स्क्रीन समय को नियंत्रित करने व अधिक पारिवारिक समय सुनिश्चित करने के लिए ऐप पर स्क्रीन टाइम सेट कर सकते हैं। ऐसे मंच न केवल पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रयास के बारे में बच्चे को शिक्षित करने में सही कदम उठाते हैं बल्कि माता-पिता के लिए आवश्यक उपकरण भी देते हैं।

किशोरावस्था से पहले की वित्तीय साक्षरता इस डिजिटल युग में पैसे का प्रबंधन करते समय जिम्मेदार आदतों को सीखने व अभ्यास करने में बच्चों के लिए एक मूल्य-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगी। यह माता-पिता को भविष्य के ऐसे वयस्कों को पालने में मदद करेगा जो स्वयं की देखभाल कर सकते हैं और स्वतंत्र रूप से विकसित हो सकते हैं क्योंकि स्वतंत्रता व जिम्मेदारी सफलता की उम्मीद में महत्वपूर्ण कारक हैं। इस तरह के मंच दुनिया को बच्चों के लिए अधिक इंटरैक्टिव, मजेदार और व्यापक बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से शिक्षित करते हैं। जैसा कि भारत में वित्तीय शिक्षा की कमी है, पैसे की अहमियत को सुदृढ़ करने के बहुत कम व्यावहारिक तरीके हैं ताकि वे जीवन भर बच्चों के साथ रहें।

डिजिटल बैंक एक पारंपरिक उपकरण है जिसे ज्यादातर हर भारतीय बच्चा अपनाता है। उसी पैटर्न को डिजिटलाइजेशन में बदलने से बच्चों को सीखने और साथ ही साथ वित्तीय साधनों का आनंद लेने में मदद मिलेगी।

बच्चों को वित्तीय नियोजन के बारे में शिक्षित करने में मदद करना उनके लिए बड़े होने पर एक आशीर्वाद हो सकता है।

हर महिला का सहयोग मायने रखता है, चाहे वो बड़ा हो या छोटा

विभा चुग का कहना है कि हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को एक बेहतर भविष्य दें, ऐसा करने के लिए प्रत्येक महिला, विशेष रूप से वंचितों को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है

वंचित महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आपको किस वजह से प्रेरित हुईं?

महामारी के दौरान हर कोई अपने घरों में बंद था। मैं अक्सर रातों में गली के कुत्तों की भूखी चीत्कारों से जाग जाती था क्योंकि जो लोग उन्हें खिलाने वाले थे वे सड़कों से गायब हो गए थे। मैंने अपनी सोसाइटी के बाहर करीब 10 कुत्तों को खाना खिलाना शुरू किया और एक महीने के भीतर मैं करीब 200 कुत्तों को खाना खिला रही थी। उन बेजुबानों की देखभाल करने के लिए मुझे पैसे की जरूरत थी इसलिए मैंने कुछ ऐसा शुरू करने की सोच रखी, जहां मैं उनकी जरूरतों के लिए पैसे कमा सकूं। मैंने निठारी गांव में कुशल महिलाओं की तलाश शुरू कर दी, ताकि वे उस तरह के कौशलों को समझ सकें जो मौजूद थे। वे जानती थीं कि कैसे बुना जाता है। इस तरह यह सब शुरू हुआ और सखा एक पहल फाऊंडेशन का जन्म हुआ।

विभा चुग
निदेशक, साखा एक पहल फाउंडेशन

महिलाओं को सशक्त बनाने के बाद आपने उनमें क्या बदलाव देखे हैं?

बहुत। इनमें से कुछ महिलाओं ने कभी अपने घरों से बाहर कदम नहीं रखा था। जब मैं अपनी टीम को दोपहर के भोजन के लिए बाहर ले गयी, तो उन्होंने पहली बार ऐसा खाना खाया था जो घर पर नहीं बना था। लेकिन हमारे साथ जुड़े होने के कारण, हमें एक साथ आए डेढ़ साल से अधिक हो गए हैं, उनके पास बैंक खाते हैं। हो सकता है कि वे भरपूर पैसे न कमाएं, लेकिन यह उन्हें सशक्त बनाता है – कि उनका भी समाज में एक स्थान है और वे सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। हर महिला का योगदान मायने रखता है, चाहे वह बड़ा हो या छोटा।

महिलाओं का आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना कितना महत्वपूर्ण है?

यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनमें से कुछ महिलाओं को कभी नहीं पता था कि उनके हाथों में पैसा होने का अर्थ क्या है। मैंने उनसे कहा कि उनके छोटे बच्चे हैं। जब उन्हें स्कूल भेजने का समय होगा तो उन्हें पैसे कहां से मिलेंगे? वित्तीय स्वतंत्रता उन्हें यह स्वतंत्रता देती है कि वे अपने हिसाब से खर्च करने में सक्षम हों। यळ कुछ ऐसा था जो पहले उनके लिए अजनबी था। बरसात के दिनों में सुरक्षित रहना या अपने बच्चे की शिक्षा का भुगतान करना मुक्ति है। यह उन्हें सशक्तिकरण की भावना देती है जिसे वे कभी नहीं जानती थीं कि उनके लिए यह पाना संभव था।

फाऊंडेशन की स्थापना के बाद आपकी यात्रा में कौन सी चुनौतियां आईं?

फाऊंडेशन स्थापित करना कठिन नहीं था। इन महिलाओं को बुनना और क्रोचेट करना सिखाना चुनौतीपूर्ण था। लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। कुछ महिलाओं को कौशल पता था, उन्होंने दूसरों को सिखाया। मैंने वीडियो देखने में घंटों बिताए कि कैसे क्रोचेट करना है और फिर इन महिलाओं को सिखाना होगा। लेकिन यह सब इसके लायक रहा है। जब मैं इन महिलाओं को देखती हूं और उन्होंने जिस तरह की प्रगति की है, मुझे उन पर गर्व होता है।

कितनी महिलाएं फाऊंडेशन से जुड़ी हैं? क्या और अधिक शामिल हो सकती हैं?

हमने कुछ मुट्ठी भर महिलाओं से शुरुआत की थी। आज 75 ऐसी महिलाएं हैं जो हमारे फाऊंडेशन से जुड़ी हुई हैं। अधिक की गुंजाइश हमेशा रहती है। जैसे-जैसे हमारे उत्पादों की श्रृंखला (कुत्ते के स्वेटर, बीनियां, मफलर, लेग वार्मर, मिट्टेंस, क्रोकेट टेबल रनर, सोफा थ्रो) बढ़ती है, वैसे ही उन महिलाओं की मांग भी बढ़ जाती है जो उन्हें बना सकती हैं।

ये महिलाएं कितना कमाती हैं?

कुछ नए सदस्य महीने में केवल 500 कमाते हैं क्योंकि वे इतना समय नहीं दे पाते। अन्य 9,000-10,000 कमाते हैं (ये टीम लीडर हैं)। लेकिन औसतन हमारी महिलाएं 6,000-7,000 प्रति माह के बीच कमाती हैं।

आप यहां से कहां पहुंचने वाली हैं?

अब जब गर्मी आ गई है, तो हम अपने उत्पादों (क्रोकेट बिकनी, बंडाना) को व्यापक बनाने की योजना बना रहे हैं, जिन्हें गर्मियों में भी बेचा जा सकता है। मैं इन महिलाओं को पूरे साल काम देना चाहती हूं और सिर्फ सर्दियों के महीनों तक ही सीमित नहीं रहना चाहती। उम्मीद है, हम क्षमता दर क्षमता आगे बढ़ते जाएंगे।

निशांत बहल का कहना है कि क्रिप्टोलॉजी का उपयोग करते हुए ब्लॉकचेन ने कई ऐसी विशेषताओं को सक्षम बनाया है, जिन्होंने डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में योगदान दिया है

स्टार्टअप आवश्यकताओं को सुव्यवस्थापन

डिजिटल प्रौद्योगिकी में तीव्र प्रगति ने डेटा गोपनीयता के संबंध में नई सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है। मजबूत व प्रमाणित क्रिप्टोग्राफिक कुंजी सुरक्षा तंत्र के कार्यान्वयन द्वारा डेटा सुरक्षा की जा सकती है। वर्तमान में, निगम और सरकारें उपरोक्त चिंताओं के लिए ब्लॉकचेन पर अधिक से अधिक भरोसा कर रही हैं।

क्रिप्टोलॉजी का उपयोग करते हुए ब्लॉकचेन ने कई ऐसी सुविधाओं को सक्षम बनाया है जिन्होंने डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में योगदान दिया है। इसके अलावा, डेटा को ब्लॉक में संग्रहीत करके व उन्हें चैनों से जोड़कर प्रबंधित करने में आसानी से, छेड़छाड़ पर रोक लगाने से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में इसके अनुकूलन में वृद्धि हुई है।

डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में ब्लॉकचेन कैसे योगदान देता है-हाल के दिनों में, डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में ब्लॉकचेन सबसे आगे रहा है। डेटा स्टोर करने के लिए ब्लॉक और चेन की प्रणाली हैकर के लिए छेड़छाड़ करना बेहद मुश्किल बना देती है। मुख्य रूप से सुरक्षा के कारण, दुनिया भर के निगमों द्वारा ब्लॉकचेन को तेजी से अपनाया गया है,- अवलंबी और आगामी दोनों स्तरों पर। दुनिया के शीर्ष 100 सार्वजनिक निगमों में से 81 ने कुशल कामकाज व सेवा तंत्र के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का इस्तेमाल किया है। अनुमान है कि 2021-26 के बीच इसके बाजार का आकार 68.4 प्रतिशत की सीएजीआर से 67.4 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

सत्यापन और एन्क्रिप्शन-फेसबुक (मेटा) की सबसे प्रसिद्ध डेटा-लीक गाथा ने बड़े पैमाने पर सुरक्षा चिंताएं पैदा की थी। हालांकि, ब्लॉकचेन ऐसी चिंताओं को कुशलता से संबोधित करता है। यह अंतर्निहित सुरक्षित गुणों वाली डेटा -संरचना के कारण एन्क्रिप्ट किया गया है। जो कुशल और उचित सत्यापन में योगदान देता है। जब भी कोई विशिष्ट मानदंड पूरा होता है तो किसी विशेष सत्यापन के होने का आश्वासन देने के लिए इस तकनीक के साथ स्मार्ट अनुबंधों का उपयोग किया जा सकता है।

सुरक्षित व प्रतिरोधी-महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित करने की क्षमता के साथ, ब्लॉकचेन धोखाधड़ी व अवैध धोखाधड़ी को रोकता है। यह एक एंड-टू-एंड सुरक्षित नेटवर्क सुनिश्चित करता है जिसे बदला नहीं जा सकता, जो हैक करना मुश्किल बना रहा है। यह डेटा को एन्कोड करता है और गोपनीयता के मुद्दों से निपटने के लिए पहुंच को सीमित करता है ताकि कोई भी संग्रहीत डेटा को पढ़ या बदल न सके। इसलिए, डेटा अपरिवर्तनीयता इस तकनीक की मूलभूत विशेषताओं में से एक है जो नए किस्म की सुरक्षा प्रदान करती है।

निशांत बहल,
फाउंडर, एक्फैंड माय बिजनेस

पता लगाने की क्षमता-एक परिसंपत्ति के भ्रमण के प्रत्येक चरण में ब्लॉकचेन द्वारा एक पेपर ट्रेल सत्यापन किया जाता है। यह धोखाधड़ी और जालसाजी से प्रभावित क्षेत्रों में उत्पादों के आसान सत्यापन को सक्षम बनाता है। यह ग्राहकों के साथ प्रामाणिक डेटा विनिमय की अनुमति देता है। डेटा का पता लगाने की क्षमता संगठन या प्रक्रियाओं के कामकाज में किसी भी प्रकार की खामियों का भी खुलासा कर सकती है।

ब्लॉकचैन 21वीं सदी की महत्वपूर्ण प्रगतियों में से एक है। अनुमान लगाया गया है कि दुनिया 2024 तक 20 बिलियन डालर तक पहुंचने के लिए ब्लॉकचेन समाधान व वैश्विक ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी बाजार की राजस्व क्षमता पर 11.7 बिलियन डालर खर्च करेगी। इसके अतिरिक्त, यह स्टार्टअप हैं जिन्हें प्रभावी ढंग से पेश किया गया है और जिन्होंने जनता के बीच तकनीक के अनुकूलन में नेतृत्व किया है।

स्टार्टअप के लिए ब्लॉकचेन को व्यवस्थित करने की आवश्यकताएं-तकनीक उन्नत दुनिया में ब्लॉकचेन की विशाल क्षमता है। उपभोक्ताओं को प्रभावी सेवाएं प्रदान करने में स्टार्टअप द्वारा इस क्षमता का लाभ उठाया जा रहा है। इसके अलावा, पिछले साल, ब्लॉकचैन-आधारित स्टार्टअप ने फंडिंग में 4.4 बिलियन डॉलर जुटाए, जो इन प्रमुख मापदंडों के कारण आने वाले समय में तेजी से बढ़ना लाजिमी है।

सुरक्षा में सुधार -ब्लॉकचेन तकनीक में उपयोग की जाने वाली विकेन्द्रीकृत संरचना बहुत मूल्यवान साबित हुई है। एक वितरित खाता प्रणाली के माध्यम से प्रदान की जाने वाली उच्च स्तर की सुरक्षा एक सुरक्षित व संरक्षित डेटा वेब स्थापित करने में सुविधाजनक है। यह संग्रहीत डेटा के साथ हस्तक्षेप करना और छेड़छाड़ करना असंभव बना देता है। वित्तीय स्टार्टअप जैसे वजीरक्स, कॉइनडीसीएक्स, बिटपे आदि सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन का उपयोग कर रहे हैं।

गति और दक्षता बढ़ाता है-व्यापार से संबंधित पारंपरिक व भारी कागज-आधारित कार्यों को ब्लॉकचेन की मदद से सुव्यवस्थित व स्वचालित किया जा सकता है, और लेनदेन तेजी से व अधिक कुशलता से किया जा सकता है। जो एकल डिजिटल लेजर रिकॉर्ड रखने तथा उन्हें अन्य पार्टियों के साथ साझा करने के लिए जिम्मेदार है। इस प्रकार, समाशोधन और निपटान एक ही बार में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, अमेजॅन वेब सेवाएं – एडब्ल्यूएस।

पारदर्शिता बढ़ाता है-ब्लॉकचेन तकनीक ने व्यवसायों में अधिक पारदर्शिता की पेशकश की है। प्रौद्योगिकी के विकेन्द्रीकृत ढांचे के कारण सभी नेटवर्क सहभागी समान दस्तावेज साझा करते हैं। सार्वजनिक सत्यापन की संपत्ति सभी हितधारकों के बीच वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता व सटीकता को बढ़ाती है। वॉलमार्ट की सप्लाई चैन तथा खुदरा संचालन में अमेजोन पारदर्शी सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन पर आधारित है।

शैक्षणिक प्रतिमान को बदलने वाली है केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा

सभी विश्वविद्यालयों के लिए साझा प्रवेश परीक्षा एक स्वागत योग्य कदम प्रतीत होता है। **एमके यादव** कहते हैं कि यह पाठ्यक्रम को रटने के बजाय वैचारिक समझ, महत्वपूर्ण सोच, व्यापक कौशल व निर्णयकारी क्षमता पर अधिक ध्यान केंद्रित करके पारंपरिक शैक्षणिक प्रतिमान को बदलता है।

सीयूईटी, जिसे पहले सीयूसीईटी के रूप में जाना जाता है, केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा है, जो शैक्षणिक सत्र 2022-23 से 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए अनिवार्य है। परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह में होने की संभावना है और सीयूईटी के लिए आवेदन विंडो 2 अप्रैल से शुरू होगी और 30 अप्रैल 2022 तक खुली रहेगी। स्नातक स्तर पर सामान्य प्रवेश परीक्षा होने का विचार रटंत शिक्षण के बजाय छात्रों में महत्वपूर्ण चिंतन क्षमता को विकसित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में की गयी पैरोकारी के तहत, केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) नई अवधारणा नहीं है। इसे पहली बार 2010 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एकीकृत पाठ्यक्रमों में 1,500 सीटों के लिए 7 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित किया गया था। शैक्षणिक वर्ष 2021-22 तक, 12 केंद्रीय विश्वविद्यालय, जैसे उदाहरण स्वरूप, असम विश्वविद्यालय, कर्नाटक विश्वविद्यालय, केरल विश्वविद्यालय, हरियाणा विश्वविद्यालय, पहले से ही सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश लेते थे। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सीयूईटी के लिए परीक्षा आयोजित करने वाला प्राधिकरण है।

एमके यादव,
सीएमडी, एआई टेस्टीफाइड

सीयूईटी में, बोर्ड अंक बड़ी भूमिका नहीं निभाने वाला है और प्रवेश का कोई मानदंड नहीं है, हालांकि विश्वविद्यालय प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड तय करने के लिए स्वतंत्र हैं। उदाहरण के लिए- कोई विश्वविद्यालय अपने विश्वविद्यालय में प्रवेश मानदंड के रूप में 12वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक रख सकता है। परीक्षा को दो तीन खंडों में विभाजित किया गया है- पहला भाषा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और दूसरा उस विशिष्ट विषय क्षेत्र पर हो सकता है, जिसके लिए छात्र प्रवेश मांग रहे हैं और अंतिम खंउ सामान्य क्षमता पर आधारित है। भाषा अनुभाग को फिर खंडों में विभाजित किया गया है- 1ए- जिसमें 13 भाषा का पेपर है और खंड 1बी- में 19 भाषा का पेपर है। यदि कोई छात्र विशिष्ट भाषा में स्नातक करने का लक्ष्य रखता है, तो उसे भाषा के पेपर फॉर्म 1बी का चयन करना होगा। छात्र सेक्शन 1ए और 1बी से एक साथ अधिकतम तीन भाषाओं का चयन कर सकता है। डोमेन विशिष्ट अनुभाग में 27 विषय हैं और छात्र अधिकतम 6 विषयों का चयन कर सकता है। यदि डोमेन विशिष्ट सूची में किसी विषय का उल्लेख नहीं है, तो छात्र उस विषय का चयन कर सकता है, जो डोमेन सूची से बहुत निकट से संबंधित है। उदाहरण के लिए, यदि कोई छात्र जैव प्रौद्योगिकी में प्रवेश चाहता है, तो वह जीव विज्ञान को एक विषय के रूप में चुन सकता है।

डोमेन विशिष्ट प्रश्न एनसीईआरटी से होंगे। सामान्य परीक्षा में सामान्य ज्ञान जैसे करंट अफेयर्स, सामान्य मानसिक क्षमता, मात्रात्मक रीजनिंग व तार्किक और विश्लेषणात्मक रीजनिंग जैसे क्षेत्रों से प्रश्न होंगे। इसके अलावा, प्रत्येक अनुभाग से विकल्प चुनना अनिवार्य नहीं है और विकल्प वांछित विश्वविद्यालयों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। छात्रों को उन्हीं भाषा व विषयों का चयन करने की सलाह दी जाती है, जो उन्होंने कक्षा 12वीं बोर्ड में पढ़े हैं, हालांकि यदि कोई विश्वविद्यालय इस संबंध में किसी भी छूट की अनुमति देता है, तो सीयूईटी के तहत इसका प्रयोग किया जाएगा। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट को अक्सर देखते रहें, जिसमें वे प्रवेश के लिए आवेदन करेंगे। समस्त विश्वविद्यालयों के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा लगातार बढ़ती कट-ऑफ (जैसे डीयू) पर रोक लगाएगी और रटंत शिक्षण के बजाय छात्रों की महत्वपूर्ण चिंतन क्षमता को विकसित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। यह विभिन्न बोर्डों के छात्रों पर समान पायदान पर भी विचार करेगी, चूंकि 12वीं के अंक देने में विभिन्न बोर्डों में एकरूपता का पालन नहीं किया जाता है, इसलिए हमेशा 12वीं के अंकों के आधार पर एक तरह का भेदभाव होता है और यह प्रवेश पाने वाले छात्रों को समान अवसर प्रदान नहीं करता है। सभी प्रतिष्ठित कॉलेजों में। सीयूसीईटी विभिन्न कठिनाई स्तरों वाले विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षाओं को समाप्त करके प्रवेश को अधिक सुव्यवस्थित व छात्र-अनुकूल बनाने हेतु एकल-खिड़की मंच भी प्रदान करेगा।

हीली का कमाल, आस्ट्रेलिया फिर चैंपियन

● सातवी बार बना महिला वनडे विश्व विजेता

● इंग्लैड को 71 रन से करारी शिकस्त दी

भाषा। क्राइस्टचर्च

बेहतरीन फॉर्म में चल रही एलिसा हीली की बड़ी शतकीय पारी से आस्ट्रेलिया ने नैट साइवर के आकर्षक सैकड़े के बावजूद रविवार को यहां फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 71 रन से करारी शिकस्त देकर रिकार्ड सातवीं बार आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का खिताब जीता। हीली ने 41 रन के निजी योग पर मिले जीवनदान का फायदा उठाकर 138 गेंदों पर 26 चौकों की मदद से 170 रन बनाए।

उन्होंने अपनी सलामी जोड़ीदार राचेल हेन्स (93 गेंदों पर 68) के साथ पहले विके ट के लिए 160 रन और बेथ मूनी (47 गेंदों पर 62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी की जिससे आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर पांच विकेट पर 356 रन का विशाल स्कोर बनाया। पिछले चैंपियन इंग्लैंड की तरफ से साइवर ने 121 गेंदों पर 15 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 148 रन की आकर्षक पारी खेली लेकिन उनके अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज 30 रन तक नहीं पहुंच पाई और आखिर में उसकी पूरी टीम 43.4 ओवर में 285 रन पर आउट हो गई। आस्ट्रेलिया की तरफ से लेग स्पिनर एलना किंग ने 64 रन देकर तीन जबकि बाएं हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने 57 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज मेगान शट ने 42 रन देकर दो विकेट हासिल किए। आस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट में अजेय रहकर खिताब जीता। इससे पहले उसने 1978, 1982, 1988, 1997, 2005 और 2013 में खिताब जीता था। वह 2017 में सेमीफाइनल में भारत से हार गया था। इंग्लैंड चार बार का चैंपियन है। हीली ने पुरुष एवं महिला विश्व कप के फाइनल में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का नया रिकार्ड भी बनाया। उनके बाद एडम गिलक्रिस्ट (149, विश्व कप 2007), रिकी पोंटिंग (140, विश्व कप 2003) और विव रिचर्ड्स (138, विश्व कप 1979) का नंबर आता है। हीली की धांसू पारी के बाद मेगान शट ने इंग्लैंड की दोनों सलामी बल्लेबाजों को सात ओवर के अंदर पवेलियन भेजकर आस्ट्रेलिया को गेंदबाजी में भी अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने डैनी वायट (चार) को इनस्विंगर पर बोल्ड करने के बाद टैमी ब्यूमोंट (27) को पगबाधा आउट किया। अब कप्तान हीथर नाइट (24) पर बड़ी जिम्मेदारी थी लेकिन जब वह साइवर के साथ पारी संवारने की कोशिश कर रही थी तब लेग स्पिनर किंग ने उन्हें पगबाधा आउट कर दिया। नई बल्लेबाज एमी जोन्स (20) पर भी बड़े स्कोर का दबाव था। उन्होंने जोनासेन की गेंद पर मिड ऑफ पर कैच दिया। साइवर ने एक छोर से रन बनाने का जिम्मा उठाए रखा लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। किंग ने सोफिया डंकले (23) को बोल्ड करके उन्हें भी साइवर के साथ बड़ी साझेदारी नहीं निभाने दी। उन्होंने नई बल्लेबाज कैथरीन ब्रंट (एक) को आते ही पवेलियन का रास्ता दिखाया। जब एक छोर से विकेट निकल रहे थे तब साइवर ने 90 गेंदों पर पांचवां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक होकर बल्लेबाजी करने लगी। उन्होंने जल्द ही अपने करियर का पिछला सर्वोच्च स्कोर (137) पार करके आस्ट्रेलियाई खेमे में खलबली मचा दी। चार्ली डीन (21) ने उनका कुछ देर तक साथ दिया लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिलने के कारण साइवर इंग्लैंड को चमत्कारिक परिणाम नहीं दिला सकी। उन्होंने डीन के साथ नौवें विकेट के लिए 65 रन जोड़े जो इंग्लैंड की पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही। इससे पहले आस्ट्रेलियाई पारी हीली के इर्द गिर्द घूमती रही जिनका हेन्स और मूनी ने उनका अच्छा साथ दिया। इससे आस्ट्रेलिया महिला विश्व कप फाइनल में सर्वाधिक स्कोर का रिकार्ड बनाने में सफल रहा। यह पुरुष और महिला विश्व कप फाइनल में दूसरा बड़ा स्कोर है। आस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने विश्व कप 2003 के फाइनल में भारत के खिलाफ दो विकेट पर 359 रन बनाए थे। मूनी को दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनाए रखने के लिए कप्तान मेग लैनिंग से ऊपर भेजा गया था। हेगले ओवल के खचाखच भरे स्टेडियम में हीली ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और नॉकआउट चरण में अपना लगातार दूसरा शतक जमाया।

स्कोरबोर्ड

आस्ट्रेलिया : हीली स्टं जोन्स बो श्रुबसोले 170,हेन्स का ब्यूमोट बो एक्लेस्टोन 68 ,मूनी का साइवर बोल्ड श्रुबसोले 62, गार्डनर रन आउट 01,लैनिंग का ब्यूमोट बो श्रुबसोले 10, मैकग्रा नाबाद 08, पेरी नाबाद 17,अतिरिक्तः (बाई 04, लेग बाई 02, वाइड 14) 20,कुल (50 ओवर मे पांच विकेट पर) 356 ,विकेट पतनः I-160, 2-316, 3-318, 4-331, 5-331 ,गेंदबाजीः कैथरीन ब्रंट 10-0-69 -0, अन्या श्रुबसोले 10 -0-46-3, नेट साइवर 8-0-65-0, चार्ली डीन 4-0 -34-0, सोफी एक्लेस्टोन 10-0-71-I, केट क्रॉस 8-0-65-0

इंग्लैड : ब्यूमोट पगबाधा बो मेगान शट 27, वायट बो मेगान शट 04,नाइट पगबाधा बो एलना किंग 24, साइवर नाबाद 148,जोन्स का किंग बो जोनासेन 20 , डंकले बो एलना किंग 23, ब्रंट स्टं हीली बो एलना किंग 01,एक्लेस्टोन पगबाधा बो ताहिला मैकग्रा 03,क्रास का एवं बो जोनासेन 02,डीन का जोनासेन बो गार्डनर 21, श्रबसोले का गार्डनर बो जोनासेन 01, अतिरिक्त (लेग बाई 04, वाइड 06) 10,कुल (43.4 ओवर मे, सभी आउट) 285,विकेट पतन : I-12, 2-38, 3-86, 4-129, 5-179, 6-191, 7-206, 8-213, 9-278,गेंदबाजी : मेगान शट 8-0-42-2, डार्सी ब्राउन 7-0-57-0, एलना किंग 10-0-64-3, ताहिला मैकग्रा 8-0-46-I, जेस जोनासेन 8.4-0-57 -3, एशले गार्डनर 2-0 -15-I

इससे बेहतर प्रदर्शन के बारे में सोचा नही था : हीली

भाषा। क्राइस्टचर्च

महिला विश्व कप क्रिकेट के फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ 170 रन की पारी के साथ टीम को चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली ने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह इस तरह का प्रदर्शन करेगी और टीम इतना प्रभावशाली जीत दर्ज करेगी। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 71 रन से करारी शिकस्त देकर रिकार्ड सातवीं बार आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का खिताब जीता। टीम ने हीली की 138 गेंदों पर 26 चौकों की मदद से 170 रन के दम पर पांच विकेट पर 356 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को 43.4 ओवर में 285 रन पर आउट कर दिया। हीली ने कहा, मैंने अपने बेहतरीन सपनों में कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा कुछ करूंगी, इसलिए बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि वह महज 32 साल की है और उन्होंने इस उम्र में वह सब कुछ हासिल कर लिया है जो बहुत कम लोगो के नसीब नहीं होता। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनी हीली ने कहा, मैं 32 साल की हूं और मैंने सब कुछ हासिल कर लिया है। हमारी टीम का लक्ष्य ऐसे टूर्नामेंटों को जीतना होता है और हर खिलाड़ी की यही कोशिश थी। मैं इस मौके के लिए शुक्रगुजार हूं। हीली ने पुरुष एवं महिला विश्व कप के फाइनल में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का नया रिकॉर्ड भी बनाया। उनके बाद एडम गिलक्रिस्ट (149, विश्व कप 2007), रिकी पोंटिंग (140, विश्व कप 2003) और विव रिचर्ड्स (138, विश्व कप 1979) का नंबर आता है। उन्होंने कहा, आप इससे बेहतर किसी चीज की उम्मीद नहीं कर सकते। मुझे टीम की बल्लेबाजी इकाई पर गर्व है, हमने टूर्नामेंट के दौरान कुछ शानदार प्रदर्शन किए। अपनी ऐतिहासिक पारी के दौरान हीली विश्व कप के एक सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी भी बनीं। उन्होंने न्यूजीलैंड की महान डेबी हॉकले के 25 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा और टूर्नामेंट के एक सत्र में 500 या उससे अधिक रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी बनीं। हॉकले ने 1997 में भारत में हुए विश्व कप में 456 रन बनाए थे।

राष्ट्रमंडल और एशियाई से पहले पहलवानों के लिए साइ लगेगा शिविर

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता रवि कुमार दहिया, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक उन शीर्ष पहलवानों मे शामिल है जो इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलो की तैयारियो के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सोनीपत और लखनऊ केंद्रो मे तीन महीने के अभ्यास शिविर मे भाग लेगे। यह शिविर एक अप्रैल से शुरू हो गया है और यह 30 जून तक चलेगा। इसमे कुल 124 पहलवान (फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन), 23 कोच और सहयोगी स्टाफ हिस्सा लेगे। साइ के बयान के अनुसार सोनीपत मे 75 पुरुष पहलवान शिविर मे भाग लेगे जबकि 49 महिला पहलवान लखनऊ मे अभ्यास करेगे।

ओलिंपिक में क्रिकेट को ले जाने का मकसद इसे वैश्विक पहचान दिलाना

मेलबर्न। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस ने रविवार को कहा कि ओलंपिक मे क्रिकेट को शामिल करने के लिए आईसीसी की कोशिश का मकसद पैसा कमाना नही है बल्कि इस खेल की वैश्विक पहुंच बनाने के लिए इसे ऐसे देशो मे ले जाने का है जहां यह लोकप्रिय नही है। बर्मिंघम मे 2022 के राष्ट्रमंडल खेलो मे महिला टी 20 क्रिकेट की शुरुआत के बाद आईसीसी ने इस खेल को ओलंपिक मे शामिल करने के लिए प्रयास कर रहा है। कुआलालंपुर मे 1998 के राष्ट्रमंडल खेलो मे पुरुषो की क्रिकेट प्रतियोगिता पहले ही हो चुकी है।

लवनीत सिसोदिया की जगह आरसीबी से जुड़े रजत पाटीदार

मुंबई। मध्य प्रदेश के बल्लेबाज रजत पाटीदार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग के बचे हुए सत्र के लिए चोटिल लवनीत सिसोदिया की जगह टीम मे शामिल किया। आरसीबी ने रविवार को यह जानकारी दी। पाटीदार पहले भी चार बार आरसीबी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर चुके है, वह 31 टी20 मे 138.64 के स्ट्राइक रेट से सात अर्धशतको की मदद से 861 रन बना चुके है। इंदौर के 28 साल के इस खिलाड़ी ने 39 प्रथम श्रेणी मैचो मे 2588 रन बनाए है। वह आरसीबी से 20 लाख रुपए मे जुड़ेगे।

कीनिया की जेपटम ने पेरिस मैराथन में महिलाओं का रिकॉर्ड तोड़ा

पेरिस। कीनिया की ज्यूदिथ जेपटम ने रविवार को यहां पेरिस मैराथन मे रिकॉर्ड तोड़ा जबकि इथियोपिया के देसो जेलमिसा ने पुरुष रेस जीती। जेपटम ने दो डिग्री सेल्सियस के ठंडे हालात मे 42.2 किलोमीर (26.2 मील) की रेस दो घंटे 19 मिनट और 48 सेकेंड मे पूरी की और अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होने साथ ही कीनिया की पुरिटो रियोनोरिपो का 2017 मे बनाए गए कोर्स रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ा जो दो घंटे 20 मिनट 55 सेकेंड का था। इथियोपिया की फांतू जिम्मा दूसरे और जेपटम की हमवतन बेसू साडो तीसरे स्थान पर रही। पुरुषो की मैराथन मे जेलमिसा ने हमवतन और 2021 शिकागो मैराथन के विजेता सेफू टूरा को पीछे छोड़ते हुए दो घंटे पांच मिनट और सात सेकेंड मे रेस पूरी की।

चेन्नई की लगातार तीसरी हार

● पंजाब किंग्स ने 54 रनों से हराया

भाषा। मुंबई

इंग्लैंड लियाम लिविंगस्टोन के हरफनमौला प्रदर्शन और शानदार गेंदबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 54 रन से शिकस्त दी। सीएसके की यह किसी भी आईपीएल में यह निराशाजनक शुरूआत है, उसे लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी।

लिविंगस्टोन (60) के अर्धशतक और उनकी शिखर धवन (33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 95 रन की भागीदारी से पंजाब किंग्स ने शुरूआती झटकों से उबरने के बाद 20 ओवर में आठ विकेट पर 180 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके को पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने लगातार झटके दिए जिसमें शिवम दूबे की 57 रन की अर्धशतकीय पारी के अलावा कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। उनके अलावा सीएसके के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी ही 23 रन बना सके। इससे टीम 18 ओवर में 126 रन पर ढेर हो गई। पंजाब किंग्स के लिए राहुल चाहर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 25 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि लिविंगस्टोन ने तीन ओवर में 25 रन देकर दो विकेट चटकाए। वैभव अरोड़ा ने 21 रन देकर दो विकेट झटककर आईपीएल में अच्छा पदार्पण किया। सीएसके ने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए और छह ओवर में उसका स्कोर चार विकेट 27 रन था। सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ (01) इस मैच में भी कोई योगदान नहीं कर सके और दूसरे ओवर में कागिसो रबाडा (तीन ओवर में 28 रन देकर एक विकेट) की गुडलेंथ गेंद पर धवन को कैच दे बैठे।

स्कोरबोर्ड

पंजाब किंग्स : मयंक का उथप्पा बो मुकेश चौधरी 04, धवन का जडेजा बो ब्रावो 33,राजपक्षे रन आउट 09, लिविंगस्टोन का रायडू बो जडेजा 60, शर्मा का उथप्पा बो प्रिटोरियस 26,शाहरूख का प्रिटोरियस बो जोर्डन 06,स्मिथ का ब्रावो बो जोर्डन 03,रबाडा नाबाद 12,चाहर का ब्रावो बो प्रिटोरियस 12,अरोड़ नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 14,**कुल** : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 180 रन,**विकेट पतन** :I-4, 2-14, 3-109, 4-115, 5-146, 6-151, 7-161, 8-176,**गेंदबाजी** : मुकेश चौधरी 4-0-52-I, जोर्डन 4-0-23-2,ब्रावो 3-0-32-I,जडेजा 4-0-34-I, प्रिटोरियस 4-0-30-2,अली I-0-8-0

चेन्नई सुपर किंग्स : उथप्पा का मयंक अग्रवाल बो वैभव अरोड़ा 13,गायकवाड़ का धवन बो रबाडा 01, अली बो वैभव अरोड़ा 00, रायडू का जितेश शर्मा बो ओडियन स्मिथ 13, जडेजा बो अर्शदीप सिंह 00,दूबे का अर्शदीप सिंह बो लिविंगस्टोन 57,धोनी का जितेश शर्मा बो राहुल चाहर 23,ब्रावो का एवं बो लिविंगस्टोन 00, प्रिटोरियस का अर्शदीप सिंह बो राहुल चाहर 08,जोर्डन का लिविंगस्टोन बो राहुल चाहर 05,चौधरी नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 04,**कुल** : 18 ओवर मे सभी आउट : 126 रन,**विकेट पतन** :I-10, 2-14, 3-22, 4-23, 5-36, 6-98, 7-98, 8-107, 9-121 ,**गेंदबाजी** : वैभव 4-0-21-2, रबाडा 3-0-28-I,अर्शदीप 2-0-13-I, स्मिथ 2-0-14-I,चाहर 4-0-15-3, लिविंगस्टोन 3-0-25-2

कोच के रूप में शानदार भूमिका निभाएंगे द्रविड़

भाषा। कोलकाता

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली का मानना है कि उनके पूर्व साथी राहुल द्रविड़ में भारतीय कोच के रूप में सफल होने के लिए सभी गुण मौजूद हैं। गांगुली को लगता है कि द्रविड़ में प्रखरता, सतर्कता और पेशेवरपन जैसे गुण हैं जिससे उन्होंने भारतीय कोच के रूप में सफल होना चाहिए। भारत के पूर्व कप्तान ने शनिवार को यहां एक प्रचार कार्यक्रम से इतर कहा, वह (द्रविड़) अपने खेल के दिनों की तरह ही प्रखर, सतर्क और पेशेवर हैं। अंतर केवल इतना है कि अब उन्हें भारत के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने की ज़रूरत नहीं है, जिसमें उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना करना पड़ा था और उन्होंने लंबे समय तक अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। उन्होंने कहा, कोच के रूप में भी वह शानदार भूमिका निभाएंगे क्योंकि वह निष्ठावान हैं और उनके पास कौशल है। बीसीसीआई प्रमुख होने के कारण द्रविड़ को भारतीय कोच नियुक्त करने में गांगुली की भूमिका अहम रही। उन्होंने रवि शास्त्री की जगह ली है। गांगुली ने कहा, प्रत्एक की तरह वह भी गलतियां करेंगे, लेकिन जब तक आप सही काम करने की कोशिश करते हैं, तब तक आप दूसरों की तुलना में अधिक सफलता हासिल करेंगे। गांगुली ने हालांकि द्रविड़ की तुलना उनके पूर्ववर्ती शास्त्री से करने से इनकार कर दिया। गांगुली ने कहा, उनका व्यक्तित्व अलग है। एक हमेशा चर्चा में रहता है जो उसका मजबूत पक्ष है जबकि दूसरा सर्वकालिक महान खिलाड़ी होने के बावजूद चुपचाप काम करेगा। दो व्यक्ति एक ही तरह से सफल नहीं हो सकते हैं।

भारत की मीनाक्षी करीबी हार के बाद थाईलैंड ओपन मुक्केबाजी से बाहर

भाषा। नई दिल्ली

भारत की मीनाक्षी रविवार को फुकेत में महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग में स्थानीय मुक्केबाज जुतामास जितपोंग से पहले दौर की हार के बाद थाईलैंड ओपन से बाहर हो गई। इस करीबी मुकाबले में मीनाक्षी को को खंडित फैसले से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले के पहले दौर में, दोनों मुक्केबाजों ने दूर से खेलना बेहतर स मझा लेकिन दूसरे दौर में दोनों ने एक दूसरे को कई पंच लगाए। अंतिम दौर में दोनों मुक्केबाजों के बीच करीबी मुकाबला देखने को मिला जहां मीनाक्षी ने कुछ स्पष्ट घूंसे मारे लेकिन यह उन्हें जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था। प्रतियोगिता में सोमवार को पांच महिलाओं सहित छह भारतीय मुक्केबाज चुनौती पेश करेंगे। महिला वर्ग में मोनिका (48 किग्रा) , रेणु (54 किग्रा) , 2019 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा (57 किग्रा), मोनिका (63 किग्रा) और भाग्यवती कचारी (75 किग्रा) रिंग में उतरेंगी।

जीत के लिए 274 का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने 11 रन पर तीन विकेट गंवाए

भाषा। डरबन

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से मैच में वापसी करने के बाद बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के लिए 274 रन का पीछा करते हुए रविवार को चौथे दिन का खेल खत्म होने तक 11 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। बांग्लादेश ने 88 रन के अंदर आखिरी नौ विकेट झटक कर दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी को 204 रन पर समेट कर अपनी उम्मीदें जगाई। लेकिन टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने निराश किया। सलामी बल्लेबाज सदमान इस्लाम (शून्य) महमूदुल हसन जॉय (चार) और कप्तान मोमिनुल हक (दो) के आउट होने से बांग्लादेश की स्थिति खराब हो गई।

बल्लेबाजों के दम पर हैदराबाद पर हावी होने की कोशिश करेगा लखनऊ

भाषा। नवी मुंबई

मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत से अपना अभियान पटरी पर लाने वाला लखनऊ सुपर जायंट्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी के दम पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को यहां होने वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर हावी होने की कोशिश करेगा। आईपीएल की नई टीम लखनऊअपने पहले मैच में पदार्पण करने वाली एक अन्य टीम गुजरात टाइटन्स से हार गई थी लेकिन बड़े स्कोरे वाले दूसरे मैच में वह चेन्नई को हराने में सफल रही जिससे निश्चित तौर पर उसका मनोबल बढ़ा होगा। कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक के रूप में लखनऊके पास मजबूत सलामी जोड़ी है जिन्होंने चेन्नई के खिलाफ पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की थी। वेस्टइंडीज के इविन लुईस ने 23 गेंदों पर 55 रन बनाए जिससे लखनऊ ने 211 रन का लक्ष्य हासिल करके चेन्नई को हराया था। उसके पास मध्यक्रम में दीपक हुड्डा के रूप में विश्वसनीय बल्लेबाज है। युवा आयुष बडोनी ने छक्के मारने की अपनी क्षमता से इस आईपीएल में अभी तक अपनी छाप छोड़ी है और वह अपनी फॉर्म बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। लखनऊ के पास क्रुणाल पंड्या और जैसन होल्डर जैसे बेहतरीन आलराउंडर है लेकिन टीम के लिए मनीष पांडे की फॉर्म चिंता का विषय है। गेंदबाजी में लखनऊ का दारोमदार अवेश खान, श्रीलंका के दुशमंत चमीरा, एंड्रयू टाइ और रवि बिश्नोई पर टिका हुआ है।

हरमनप्रीत की गोलों की तिकड़ी भारत ने इंग्लैंड को 4-3 से हराया

● एफआईएच प्रो लीग

भाषा। भुवनेश्वर

शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के डबल हेडर मुकाबले के दूसरे मैच में इंग्लैंड पर 4-3 से जीत दर्ज की। हरमनप्रीत (26वें मिनट में दो और 43वें मिनट) ने तीन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह (15वें) के गोल से भारत को तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त बढ़ाने में मदद मिली। इंग्लैंड के लिए लियाम सैनफोर्ड (सातवें), डेविड कोंडन (39वें) और सैम वार्ड (44वें मिनट) ने गोल दागे। मैच के सभी गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुए। मैच के दौरान इंग्लैंड का गेंद पर दबदबा ज्यादा रहा लेकिन जीत की हकदार भारतीय टीम बनी। भारत ने मैच में आठ पेनल्टी कॉर्नर में से चार को गोल में बदला जबकि इंग्लैंड ने छह शार्ट कॉर्नर में से तीन पर गोल किए। गेंद से कम दबदबे के बावजूद भारत का सर्कल के अंदर दबदबा अधिक रहा। मेजबान टीम ने इंग्लैंड के सर्कल में 24 बार सेंध लगाई जबकि प्रतिद्वंद्वी टीम ऐसा 17 बार ही कर पाई। गोल पर शॉट लगाने के मामले में भारतीय टीम बेहतर रही जिसमें उन्होंने प्रतिद्वंद्वी गोल में 10 बार निशाना लगाया जबकि इंग्लैंड ने घरेलू टीम के गोल में केवल पांच शॉट लगाए। शुरूआती गोल गंवाने के बाद भारत ने जल्द ही वापसी की और मनप्रीत के जरिए पहले क्वार्टर के अंत में बराबरी हासिल की। हरमनप्रीत ने फिर 26वें मिनट में लगातार गोल कर टीम को 3-। से आगे कर दिया। भारतीयों ने फिर छोर बदलने के बाद दबाव भरी हॉकी खेलना जारी रखा लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इंग्लैंड ने 39वें मिनट में कोंडन के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने से अंतर कम किया। लेकिन हरमनप्रीत ने नीची ड्रैगफ्लिक से अपना तीसरा गोल कर भारत की बढ़त 4-2 कर दी। एक मिनट बाद इंग्लैंड ने वार्ड के जरिए गोल अंतर कम किया।

ओसाका मियामी फाइनल में हारी

● नंबर एक रैंकिंग पर पहुंची स्वियातेक

भाषा। मियामी

इगा स्वियातेक ने वर्ष 2022 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मियामी ओपन के फाइनल में नाओमी ओसाका को 6-4, 6-0 से हराकर महिला वर्ग का खिताब जीता और अपने विजय अभियान को 17 मैच तक पहुंचाया। स्वियातेक सोमवार को जारी होने वाली महिला रैंकिंग में ऐश बार्टी की जगह शीर्ष पर काबिज हो जाएगी। आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बार्टी ने पिछले महीने संन्यास ले लिया था।पोलैंड की स्वियातेक ने पहले सेट में ओसाका की सर्विस तोड़कर 3-2 की बढ़त बनाई तथा 52 मिनट में यह सेट अपने नाम किया।ओसाका ने पहले सेट में चुनौती पेश की लेकिन दूसरा सेट पूरी तरह से भिन्न था जिसमें स्वियातेक का दबदबा रहा। उन्होंने लगातार नौवें मैच में सीधे सेटों में जीत दर्ज की। स्वियातेक का यह वर्ष 2022 में तीसरा खिताब है। वह फ्रेंच ओपन 2020 से लेकर अब तक छह बार फाइनल में पहुंची और सभी में जीत दर्ज करने में सफल रही।

मिथुन ओरलियंस मास्टर्स सुपर 100 के फाइनल में

ओरलियंस (फ्रांस)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मिथुन मंजूनाथ ने रविवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के क्रिस्टियन एडिनाटा पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर पहली बार सुपर 100 फाइनल में प्रवेश किया। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के 23 साल के मंजूनाथ ने शनिवार की रात 47 मिनट तक चले मुकाबले में एडिनाटा को 21-18 21-14 से पराजित किया। दुनिया के 79वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ का सामना अब फाइनल में चौथे वरीय स्थानीय खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव से होगा जिनकी रैंकिंग 32 है। मंजूनाथ ने इस साल सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 के सेमीफाइनल में और ओडिशा सुपर 100 के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

भारतीय महिला टीम क्वार्टर फाइनल में

● जूनियर हॉकी विश्व कप : जर्मनी को हराया

भाषा। पोटचेफस्ट्रूम

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच जूनियर विश्व कप के पूल चरण के मुकाबले में रविवार को यहां जर्मनी को 2-। से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

शनिवार को ग्रुप डी के अपने शुरूआती मैच में वेल्स को 5-। से मात देने वाली भारतीय टीम ने इस मैच में जर्मनी को हराकर उलटफेर किया। टीम के लिए लालरेम्सियामी (दूसरे मिनट) और मुमताज खान (25 वें) ने पेनल्टी कार्नर को गोल में रूपांतरण के माध्यम से विजेता बनकर उभरे। जर्मनी की ओर से एकमात्र गोल जूल ब्लेयूल ने 57वें मिनट में किया। भारतीय टीम आठ अप्रैल से शुरू होने वाले क्वार्टर फाइनल चरण से पहले पांच अप्रैल को मलेशिया के खिलाफ पूल चरण के आखिरी मुकाबले में भिड़ेगी। भारतीय टीम इस समय पूल डी में दो मैचों में दो जीत के साथ शीर्ष पर है जबकि जर्मनी की टीम इस तालिका में दूसरे स्थान पर है। हर पूल से दो-दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। जर्मनी के खिलाफ भारतीय टीम को दूसरे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर मिला। दीपिका की ड्रैग फ्लिक को जर्मनी की गोलकीपर माली विचमैन ने बचा लिया लेकिन लालरेम्सियामी ने रिबाउंड पर गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद जर्मनी ने भारतीय रक्षापंक्ति पर लगातार दबाव बनाकर कई पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन वे गोलकीपर बीचू देवी करिबाम की मुस्तैदी को नहीं भेद पाए। उन्होंने दूसरे क्वार्टर में जेट फ्लेशचुट्ज के पेनल्टी स्ट्रोक का शानदार बचाव किया। भारतीयों ने इसके बाद ज्यादातर जवाबी हमले के दम पर लगातार दो पेनल्टी कार्नर हासिल किया, जिसमें से 25वें मिनट में दूसरे पेनल्टी कार्नर पर मुमताज ने गोलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी।

गेहूं खरीद चलेगी 15 जून तक

● 2015 रुपए है प्रति कुंतल समर्थन मूल्य

संवाददाता। कानपुर देहात

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रबी विपणन सत्र 2022.23 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत गेहूँ का मूल्य रूपया- 2015 प्रति कुन्तल निर्धारित है। रबी विपणन सत्र 2022.23 में गेहूँ क्रय की अवधि 01 अप्रैलए 2022 से 15 जूनए 2022 तक प्रभावी रहेगी। सामान्यत: केन्द्र प्रात: 09:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक खुले रखे जायेंगे। जनपद की तहसीलों में विभिन्न क्रय एजेन्सियों के 53 गेहूँ क्रय केन्द्र अनुमोदित हैं। कृषकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़करए शेष कार्य दिवसों में गेहूँ क्रय केन्द्र खुले रहेंगे।

गेहूँ विक्रय से पूर्व कृषक द्वारा किसी भी जन सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे से खाद्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना आवश्यक है। कृषकां को भुगतान उनके आधार से लिंक्ड सक्रिय बैंक खाते में किया जायेगा। कृषक का बैंक खाता आधार से लिंक होना आवश्यक है तथा खाते को बैंक द्वारा नेशनल पेमेंट कारपोरेशन ऑफ इण्डिया पर मैप किया जायेगा। बिक्री के समय क्रय केन्द्र पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण एवं आधार नम्बर फीड करना अनिवार्य है। पंजीकरण स्वयंए जनसुविधा केन्द्र पर करा सकते हैं। जनपद में खाद्य विभाग के सभी ब्लाक गोदामों पर कृषकगण पंजीयन करा सकते हैं। कृषक की भूमि एवं गेहू के बोये गये रकबे का सत्यापन राजस्व विभाग की भूलेख सम्बन्धी वेबसाइट से लिंकेज देकर ऑनलाइन कराया जायेगा। 100 कुन्तल की सीमा तक गेहूँ विक्रय के लिए सत्यापन से छूट रहेगी। 100 कुन्तल से अधिक गेहूँ विक्रय किये जाने की दशा में किसान द्वारा बेचे जाने वाली गेहूँ की मात्रा का संगत भूलेख के आधार पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारीध्तहसील द्वारा शत-प्रतिशत ऑनलाईन सत्यापन, डिजिटल हस्ताक्षर डीएससी से किया जायेगा। चकबन्दी के अन्तर्गत ग्रामो के किसानों का गेहूँए चकबन्दी सम्बन्धी संगत अभिलेख के आधार पर डिजिटल हस्ताक्षर से शत-प्रतिशत ऑनलाईन सत्यापन सम्बन्धित उपजिलाधिकारी/ तहसीलदार द्वारा किये जाने के उपरान्त ही क्रय किया जायेगा। गेहूँ बिक्री के समय केन्द्रां पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने की दशा में किसान द्वारा पंजीकरण के समय अपने पंजीकरण प्रपत्र में प्रतिनिधि नामित किये गये परिवार के सदस्य;यथा.माताध्पिताए पतिध्पत्नीए पुत्रध्पुत्रीए दमादध्पुत्रवधूए सगा भाईध्सगी बहनद्ध का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए गेहूँ क्रय किया जायेगा। जनपद में स्थापित क्रय केन्द्रां पर कोई भी किसान अपनी सुविधा के अनुसार अपना गेहूँ आफ लाईन टोकन प्राप्त कर बेच सकेगाए परन्तु यदि कोई किसान किसी केन्द्र पर एक बार अपना गेहूँ बेच लेता है तो उसे अगली बार भी उत्पादित गेहूँ की शेष मात्रा उसी केन्द्र पर बेचनी होगी। कृषक का गेहूँ निर्धारित मानक के अनुरूप न होने पर यदि गेहूँ की छनाई एवं सफाई की आवश्यकता समझी जाती है तो गेहूँ की उतराईए छनाई एवं सफाई का कार्य कृषक स्वयं कर सकेंगे। यदि क्रय केन्द्रां पर गेहूँ की उतराईए सफाई एवं छनाई का कार्य केन्द्र पर उपलब्ध श्रमिकों द्वारा किया जाता है तो कृषक द्वारा श्रमिकां से कराने पर वास्तविक व्यय के आधार पर वार्ता कर समझौते के अनुरूप अथवा अधिकतम रूपया 20 प्रति कुन्तल की दर से भुगतान किया जायेगा। गेहूँ खरीद म.चवच मशीन से की जानी है। गेहूँ क्रय के उपरान्त रसीद भी प्राप्त करेंगे, आन लाईन खरीद ही मान्य होगी।

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत मासूम समेत दो घायल

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के झांसी-कानपुर हाइवे पर पिपरी गांव के सामने रविवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई है जबकि एक मासूम समेत एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। कालपी, जालौन के इंदिरा नगर निवासी मेवालाल के पुत्र दिलीप कुमार ने बताया कि कालपी, जालौन के एमएसवी इंटर कॉलेज के पीछे इंदिरा नगर निवासी मेरे मामा रमेश कुमार के पुत्र अनिल अपनी साली प्रियंका (35) पत्नी प्रदीप को बाइक से कानपुर देहात ले जा रहे थे कि भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के झांसी-कानपुर हाइवे पर पिपरी गांव के सामने एक ट्रक के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए ट्रक से टक्कर मार दी। जिससे प्रियंका की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं बाइक में सवार अनिल और पुत्री पलक भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। राहगीरों ने इलाज के लिए दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान का दूसरा दिवस

जगह-जगह हुई साफ-सफाई छिड़काव का चला अभियान

संवाददाता। कानपुर देहात



संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत छिडकाव करता कर्मचारी

शासन के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दूसरे दिवस पर जनपद में विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईए जिसके तहत नगर पंचायत कंचौसी के हुलसी का पुरवा जिश्तामऊ मे लार्वा साइड का छिड़काव कराया गयाए इसी प्रकार सरवनखेड़ा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत टोडरपुर के मजरा शेखूपुर में साफ सफाई का कार्य कराया गयाए नगर पालिका पुखरायां में विभिन्न स्थानों पर छिड़काव किया गयाए सरवनखेड़ा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रैपालपुर का मजरा चम्पतपुर में बृहद रूप से नालियों की साफसफाई कराई गईए विकासखंड मैथा के ग्राम पंचायत काशीपुर में साफ सफाई का कार्य कराया गयाए इसी प्रकार मलेरिया टीम द्वारा अकबरपुर में अंबेडकर नगर एवं संजय नगर में सोर्स डिटेक्शन का काम किया गयाए ब्लॉक सरवनखेड़ा के ग्राम पंचायत निहुठा में लार्वीसाइड का छिड़काव कराया गया और शाहजहांपुर में नालियों की साफ सफाई का कार्य किया गया।

भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा में सिंधी समाज डांडिया पर झूमा

फर्रुखाबाद। झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज की ओर झूलेलाल की शोभा यात्रा नगर में धूमधाम से निकली गई।शोभा यात्रा में शामिल युवा,महिलाए व बच्चे डांडिया पर जमकर झूमे।इस शोभा यात्रा का जगह जगह लोगो ने स्वागत किया। सुबह सिंधी धर्मशाला पक्का पुल से वहीराणा साहव की अखंड ज्योति यात्रा पक्का पुल,चौक,रेलवे रोड होती हुई सिंधी कॉलोनी स्थित सिंध मैदान पहुंची।रथ पर रखी वहीराण साहब की ज्योति के समक्ष महिलाए डांडिया खेलती हुई चल रही थी।सिंधु मैदान मे भगवान झूलेलाल मंदिर पर ज्योति रख विधि विधान से पूजन किया गया।सायंकाल यही से धूमधाम से भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा निकाली गई। झूलेलाल महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष आत्माराम दवानी ने बताया कि पांचाल घाट पर विधि विधान से पूजन कर अखंड ज्योति को गंगा नदी में विसर्जित कर दिया गया। राजेश दबानी, ईश्वर दास शिवानी, रूप चंद्र शिवानी, जीतू वलवानी, ज्ञानी गुरु वचन सिंह, नारायण दास कंझानी, रणवीर सिंह परिहार, रजनी लौगानी, ललिता ओछड़ी, शारदा ओछड़ी, मोहिनी शिवानी आदि संचालन राजेश हजेला ने किया।

कार्यशाला में फोटोग्राफरों को सिखाये गुर

फर्रुखाबाद। नगर के ठंडी सड़क स्थित एक गेस्ट हॉउस में आयोजित फोटोग्राफरों की कार्यशाला में उन्हें आज के बदलते परिवेश में बदली फोटो ग्राफी के विषय पर विस्तार से समझाया गया। उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन की तरफ से आयोजित कार्यालय शाला एवं आधुनिक उपकरण की प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसमे हरदोई, मैनपुरी, कन्नौज आदि जनपदों के फोटोग्राफर ने सिरकत की। जिसमे एक कैमरा कम्पनी के टेक्नीशियन चित्रांश सक्सेना नें विभिन्य प्रकार के कैमरों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी में जितनी सृजनात्मकता लायी जाये उतना ही बेहतर है। फोटोग्राफी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए एक्सपोजर ट्राइंगल, शटर स्पीड एवं अपरचर को विभिन्न स्थितियों में व्यवस्थित कर फोटोग्राफी की बारीकियां बताईं।

शिविर में 98 मरीजों के नेत्रों की जांच, 57 रेफर

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

मरीजों की आंखों की जांच करते नेत्र चिकित्सक

स्थानीय सुआबाबा मंदिर परिसर में रविवार को श्री ओमर वैश्य सेवा समिति पुखरायॉ की ओर से 83 वां नेत्र शिविर आयोजित किया गया। इसमें 98 मरीजों की आखों की जांच की गई। जिनमें से 57 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया।

शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर कानपुर की टीम के चिकित्सकों ने नेत्र शिविर सम्पादित किया। डॉ. रजनीश यादव ऑर्गनाइजर डा. राजकुमार श्रीवास्तव, राममोहन व उनकी टीम के सदस्यों ने 98 मरीजों के शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच के बाद 57 मरीजों को मोतियाबिंद आप्रेशन के लिए एक निजी बस द्वारा चौबेपुर कानपुर ले जाया गया। समाजसेवी हरीकृष्ण ओमर ने चाय, नाश्ता, भोजन में मरीजों की तहरी ब्यवस्था कराई। आयोजकों में बाल..ष्ण, गौरीशंकर, हरी..ष्ण ओमर मौजूद रहे। अगला नेत्र शिविर 01 मई 2022 रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सुआ बाबा मन्दिर परिसर पुखरायॉ कानपुर देहांत में होगा।

क्विक न्यूज

ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

कानपुर देहात। नवरात्र के दूसरे दिन ब्रम्हचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना धूमधाम से की गयी। जनपद के सभी दुर्गा मॅदिरों में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर नगर निकायों ने भी मॅदिरों के आस पास साफसफाई के अलावा चूना डाल स्वच्छता का सॅदेश दिया। कोरोना संक्रमण महामारी से अप्रभावित लोग दो वर्ष बाद ऋतु परिर्वतन के इस वैज्ञानिक नवरात्र पर्व पर पूरी श्रद्धा के साथ चैत्र नवरात्र को मना रहे है। रविवार को ब्रम्हचारिणी स्वरूप की अराधना कर कन्याओं को भोज कराया गया। इस मौके पर सभी शक्तिकेन्द्रों पर आदिशक्ति के जयकारों से परिसर गुॅजायमान होते रहे। मूसानगर के मुक्तेश्वरी, अकबरपुर के कालिका देवी मॅदिर, लमहरा के ऐतिहासिक परहुल देवी मॅदिर, लालाभगत, रूरा के पाथामाई व दुर्गा मॅदिरों सहित जनपद के अन्य दुर्गा मॅदिरों में सुबह तडके से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। लोगों ने अपनी श्रद्धा व सार्मथ्य के अनुसार व्रत रखते हुये पूजन अर्चन किया। जनपद के सभी दुर्गा मॅदिरों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी पुलिस बल की तैनाती भी की गयी है। जिससे महिलायें सहित अन्य भक्त बिना किसी बाधा के दर्शन कर रहे है।

कब्रिस्तान के कब्जे पर चला बुलडोजर, लेखपाल से धक्कामुक्की

फर्रुखाबाद। बीते लगभग चार दशक से कब्रिस्तान की भूमि पर अबैध कब्जा कर किये गये अतिक्रमण पर रविवार को बुलडोजर चल गया। जिसमे दो मकान और एक कारखाना ध्वस्त किया गया। दरअसल शहर के बुरावाली गली निवासी मो. हुसैन रिजवी श्याम नगर स्थित कब्रिस्तान के मुतबल्ली है। उसी कब्रिस्तान की भूमि पर कृष्ण कुमार व उनके भाई शिवम पुत्र वीरेंद्र कुमार तकरीबन चार दशक से मकान बना कर रह रहे हैं। वहीं छपाई कारखाना भी बना रखा है। इसके साथ ही विजय पुत्र रामचन्द्र व भानु पुत्र राम गोपाल भी अपने मकान बनाकर रह रहें है। कब्रिस्तान के मुतबल्ली मो हुसैन का अबैध कब्जेदारों से कोर्ट में विवाद चल रहा था। जिसमे मो0 हुसैन मुकदमा जीत गये थे। रविवार को नायब तहसीलदार के साथ ही कानून-गो प्रमोद कुमार, लेखपाल रोशन लाल व अजीत द्विवेदी पालिका की जेसीबी लेकर पंहुचे और कृष्ण कुमार के छपाई कारखानें व विजय व भानू के मकान को ध्वस्त कर दिया। जिस पर उनके घर की महिलाये आक्रोशित हो गयी। उन्होंने नायब तहसीलदार की गाड़ी घेर कर हंगामा किया। उन्होंने अतिक्रमण हटानें से पूर्व कार्यवाही का नोटिस मॉंगा। लेकिन इसके बाद लेखपाल रोशन लाल के साथ धक्का मुक्की कर बाइक की चाबी छीन ली। पुलिस से भी तीखी नोकझोंक हुई। बाद में पुलिस ने दबाब बनाकर चाबी वापस करायी। नायब तहसीलदार रविन्द्र पाल सिंह नें बताया कि कोर्ट का आदेश था जिसका पालन कराया गया।

सपा एमएलसी चुनाव के सह प्रभारियों ने बीजेपी के लिए मांगे वोट

कायमगंज फर्रुखाबाद। पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव के पुत्र सचिन यादव ने बीजेपी के एमएलसी चुनाव जीत के पूरी ताकत लगा दी है। सचिन की सियासी बल्लेबाजी से विरोधी क्लीनवोल्ड नजर आ रहे है। कम से कम तस्वीरें तो यही बता रही है। दरअसल सपा ने विधान परिषद सदस्य पद के लिए मोहम्मदाबाद के चेयर मैंन हरीश यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है। हरीश भी एक समय में पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह की अनुकम्पा से ही चेयर मैंन की कुर्सी पर आसीन हुए थे। लेकिन अब माहौल बदल गया है। लिहाजा पूर्व मंत्री व उनके पुत्र बीजेपी ने बीजेपी से नजदीकियां बढ़ा ली है। और अब एमएलसी चुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी प्रांशु दत्त द्विवेदी के लिए चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। रविवार को कायमगंज में एक गेट्स हॉउस में पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह व सचिन सिंह यादव ने एक बैठक का आयोजन बीजेपी के एमएलसी प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए किया। जिसमे पूर्व मंत्री ने कहा की बीजेपी की जीत लगातार होती रहेगी। उन्होंने सपा सुप्रीमों पर तंज कसा की वह आज तक कोई चुनाव नही जीते केबल नेता जी के कारण सीएम बने। उसके बाद से लगातार चुनाव हारते चले आ रहे है। 2024 में भी अखिलेश का सफाया होगा। बीजेपी बड़े अंतर से एमएलसी का चुनाव जीतने जा रही है। बैठक में सपा एमएलसी चुनाव संचालन समिति के सहप्रभारी जिला पंचायत सदस्य किशन पाल यादव व कम्पिल चेयरमैंन उदयपाल यादव आदि शामिल हुए।जो सपा प्रत्याशी को बड़ा झटका माना जा रहा है। शमशाबाद चेयरमैंन पुत्र विजय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य यश वीर आर्य, सुगंध गंगवार आदि भी रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के खंभापुर पीएसी रोड पर देर शाम पैदल जा रहे 75 वर्षीय वृद्ध को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के श्यामपुर खंभापुर निवासी स्व0 दुर्गा सिंह का पुत्र प्रताप सिंह देर शाम लगभग 07 बजे पैदल टहल रहे थे। जैसे ही वह पीएसी रोड पर पहुंचे उसी समय पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेंसी के चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बहरामपुर में सड़क हादसे में 60 वर्षीय वृद्ध घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बहरामपुर गांव निवासी स्व0 दाताराम का पुत्र रामगोपाल शाम घर से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह कुछ दूर पहुंचा। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

साध्वी ने डीएम से ली गेहूं क्रय केंद्रों की जानकारी

फतेहपुर। जिले की केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्व दुबे से टेलीफोन पर वार्ता कर जनपद में हो रहे गेहूं क्रय केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने सख्त हिदायत दिया कि समय पर किसानों का गेहूं क्रय किया जाए। उनका भुगतान भी समय से सुनिश्चित हो किसी भी क्रय केंद्र पर किसी किस्म की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। साध्वी ने जिलाधिकारी से बहुवा स्थित टोल पर भी चर्चा की। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया बहुआ टोल प्लाजा से आने जाने वाले सभी वाहनों से टोल वसूला जाता है। इसके विपरीत बदहाल मार्ग का निर्माण/नवीनीकरण विभाग नहीं कर रहा है। यह गलत है। उन्होंने सख्त शब्दों में हिदायत दिया कि शीघ्र मार्ग ठीक करवा दें अन्यथा की दशा में टोल टैक्स न लिया जाए। इसके पूर्व में भी साध्वी ने निर्देशित किया था किंतु इस बीच चुनाव आचार संहिता के वजह से ढीला पड़ गया। सख्त लहजे में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शीघ्र मार्ग दुरुस्त किया जाये अन्यथा टोल प्लाजा हटा लिया जाए।

अनियंत्रित बाइक गिरने से साले-बहनोई घायल

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेला मोड़ के समीप दोपहर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से साले-बहनोई बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां साले की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अल्लीपुर बहेरा गांव निवासी राजाराम का 30 वर्षीय पुत्र दिनेश अपने बहनोई जितेंद्र पुत्र जयपाल 25 वर्ष निवासी फरीदपुर बिंदकी के साथ बाइक से हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत निमंत्रण में आ रहा था। जैसे ही वह लोग थाने के बेला मोड़ के पास पहुंची तभी सामने से आए बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से दोनो बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

कैबिनेट मंत्री का जनपद आगमन पर भव्य स्वागत

संवाददाता। फतेहपुर

प्रदेश सरकार में नवनिर्वाचित भोगनीपुर विधायक राकेश सचान को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर जनपद में प्रथम आगमन पर छिवली नदी पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया तत्पश्चात मलवा, रेवाड़ी, कोराई आदि जगहों पर स्वागत किया गया। इसके बाद शहर आगमन पर दिल्ली दरबार के पास जमरावां वार्ड के जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कैबिनेट मंत्री का पगड़ी व माल्यार्पण करके स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान प्रकाश गुप्ता, शीनू द्विवेदी, अमित द्विवेदी, बबलू सिंह, ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष बेटू मिश्रा, दीपू पटेल, आशीष गुप्ता, अनिल अग्रहरी, करन बाबा, सुधीर सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, नईम अहमद, दीपक मिश्रा, पंकज सिंह, रुपेश तिवारी, आशुतोष तिवारी, सुमित सिंह, महेश दुबे, जय सिंह, सुभाष श्रीवास्तव, शिव कुमार, दीपक, सुनील अवस्थी, बछराज सिंह चौहान, सातों प्रधान संजीव सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं कैबिनेट मंत्री के डाक बंगले के समीप स्मिता नर्सिंग होम में संचालिका डॉ स्मिता सिंह सचान ने अपने स्टॉफ के साथ उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

स्कूल चलो अभियान के तहत सभी परिषदीय विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

● सीएम के लाइव प्रसारण को टीवी/एलईडी के माध्यम से सभी प्राथमिक/परिषदीय विद्यालयों में देखा जाएगा सजीव प्रसारण

कानपुर देहात। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्कूल चलों अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद श्रावस्ती में दिनांक 04 अप्रैल 2022 को प्रात: 10:00 बजे किया जाएगा। जनपद स्तर पर बीआरसी अकबरपुर में प्रात: 10 बजे स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की अध्यक्षता मे कार्यक्रम का आयोजन होगा । यहां पर 10:00 बजे से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। स्कूल चलों अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम/उद्घाटन समारोह सहित मुख्यमंत्री के भाषण का सजीव प्रसारण बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी विद्यालयों सहित जनपद के प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में टीवी/एलईडी स्क्रीन के माध्यम से छात्र.छात्राओं/अभिभावको को दिखाया जाएगाए जिससे स्कूल चलों अभियान का संदेश सभी विद्यालयों में बच्चों/अभिभावकोध्जन सामान्य तक पहुचाया जा सकें। मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल चलों अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम के संबंध में आहूत किये गये वीडियों कॉफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों को कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराने से सम्बंधित आवश्यक व्यवस्थाओं टीवी/स्क्रीन/इण्टरनेट कनेक्टिविटीद्ध को सुनिश्चित कर लिये जाने के निर्देश दिये गये है। सम्पूर्ण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के यू.ट्यूब लिंक पर देखा जा सकेगा।

नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

फतेहपुर। जिला केमिस्ट एवं ड्रजिस्ट एसो. के तत्वावधान में वीआईपी रोड इलाके में चेतना सेमिनार एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी मौजूद रहे तथा विशिष्ठ अतिथि पंकज कोविंद, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा मौजूद रहे। इस मौके पर जिले की नई कमेटी को शपथ दिलाई गई। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिवेदी, संरक्षक राम प्रसाद गुप्ता, राजेश सोनी, जिला कोषाध्यक्ष विवेक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य अखिलेश कुमार गुप्ता, करण रस्तोगी, समीर गुप्ता, पदभाक्ष यादव, दवा व्यापारी व अन्य सक्रिय सदस्यों ने शपथ ली। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओसीडी के प्रदेश अध्यक्ष राना चावला, दिवाकर सिंह, सुधीर अग्रवाल समेंत गाजियाबाद, सीतापुर, लखनऊ, कानपुर आदि जनपदों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त सहायक आयुक्त औषधि मंडल प्रयागराज व जनपद के औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक के बेटे ने कैबिनेट मंत्री का किया स्वागत

थरियांव (फतेहपुर)। प्रदेश सरकार के खादी ग्राम उद्योग मंत्री राकेश सचान का जिले में भव्य स्वागत किया गया। मंत्री बनने के बाद पहली बार जनपद आगमन पर उनके स्वागत में जनसैलाब उमड़ पड़। पूर्व विधायक स्वर्गीय केके सिंह के पुत्र नितिन कुमार सिंह लाव लश्कर के साथ भाजपा में शामिल हो गए और इस दौरान कैबिनेट मंत्री राकेश सचान उनके आवास पहुंचे। जहां उनका स्वागत पूर्व विधायक के पुत्र नितिन सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि युवाओं को जोड़ना भाजपा की पहली प्राथमिकता है और ऐसे में युवाओं को पार्टी में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जो नए दायित्व सौंपा गया है। उसका वह पूरी तरीके से निर्वहन करेंगे। जिले के विकास के लिए पहले भी वह अपनी सेवाएं देते रहे हैं और अब सरकार बनने के बाद जिले में विकास को तेजी के साथ सेवाएं प्रदान की जाएगी। इस स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

यमुना में नहाने गए दो किशोर डूबे एक को बचाया, दूसरे की तलाश जारी

फतेहपुर। यमुना नहाने गए 02 किशोर सुबह डूब गए। इस बात की जानकारी गांव के लोगों को हुई तो पूरा गांव यमुना के किनारे पहुंच गया। रेस्क्यू कर एक किशोर को तो बचा लिया गया और दूसरे का अभी तक कोई भी पता नहीं चल पाया है। किशोर डॉल्फिन वॉच सेंटर के पास डूबे हैं।

थाना किशनपुर क्षेत्र के गांव एकडला में सुबह करीब 10 बजे यमुना नदी में नहाने के दौरान दोनों किशोर डॉल्फिन वॉच सेंटर के समीप पहुंच गए। जहां अत्यधिक पानी की गहराई में चले जाने के कारण डूब गए। चीखने-चिल्लाने पर आस-पास पशुओं को चरा रहे लोगों ने डूब रहे दोनों किशोरों को बचाने का प्रयास किया। इस दौरान एक किशोर को तो बचा लिया गया जबकि दूसरा अभी तक लापता है। गोताखोरों द्वारा दूसरे किशोर की यमुना में तलाश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव एकडला निवासी 18 वर्षीय सुमित अपने दोस्त रिंकू (15) के साथ यमुना में नहाने गया था। इसी दौरान गहरे पानी में जाने की वजह से दोनों डूबने लगे। शोर मचाने पर आस-पास के इलाके में गाय-भैंसों को चरा रहे लोग मदद के लिए पहुंचे और किसी तरह रिंकू को बाहर निकाल लाये लेकिन सुमित के गहरे पानी में चले जाने के कारण उसका कुछ पता नहीं चल सका। किशोरों के यमुना में डूबने की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण यमुना किनारे एकत्र हो गये। काफी खोजबीन के बाद भी सुमित का कुछ पता नहीं चल सका। गोताखोरों द्वारा उसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशनपुर आशुतोष सिंह ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक किशोर को बचा लिया है और दूसरे की तलाश की जा रही है। पुलिस गोताखोरों की मदद से दूसरे युवक को ढूंढने का लगातार प्रयास कर रही है।

घायल वृद्ध की उपचार में हुई मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलंदा में 02 दिन पूर्व अचानक गिर जाने से 60 वर्षीय वृद्ध घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। हालत ठीक न होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ पीजीआई रेफर कर दिया। जिसकी लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

बिलंदा गांव निवासी स्व0 छेदू का पुत्र मेवालाल दो दिन पूर्व अचानक घर में ही गिरकर घायल हो गया था। परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां हालत ठीक न होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे कानपुर हैलट में भर्ती कराया। 24 घंटा इलाज के बाद जब हालत ठीक न हुई तो चिकित्सकों ने लखनऊ पीजीआई रेफर कर दिया। घर वाले उसे लेकर लखनऊ जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

सम्मेलन में भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी को जिताने की अपील

मोदी-योगी की दे रहे दुहाई

संवाददाता। गौरीगंज अमेठी

जनपद मुख्यालय स्थित एक ढाबे पर विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने के लिए भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र प्रताप सिंह के समर्थन डॉक्टर संजय सिंह ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व सभासद से योग्य उम्मीदवार चयन के लिए सभी से वोट देने की अपील की वही उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा की शैलेंद्र सिंह परिचय के मोहताज नहीं है यह अपनी कर्तव्य निष्ठा व कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक तेजभान सिंह ने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है उसी कड़ी में यदि आप सब योग्य उम्मीदवार का चुनाव करते हैं तो निश्चित क्षेत्र व समाज का विकास होगा। कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा भाजपा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा भाजपा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी व पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रधान ज्ञान सिंह जिला पंचायत सदस्य अभिषेक चंद्र कौशिक ग्राम प्रधान ललित सिंह एप्रधान प्रतिनिधि सोनू सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ों ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार अपील की गई।

एमएलसी प्रत्याशी के समर्थन में सभा में उपस्थित विशिष्टगण

उपस्थित ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य गण

हर तरफ देवी मां के जयकारे

संवाददाता। मुसाफिरखाना अमेठी

नवरात्र के दूसरे दिन रविवार को देवी हिंगलाज मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूरे दिन उमड़ी रही। दूसरे नवरात्र पर सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। हिंगलाज मंदिर पर विगत वर्षों की भांति इस चैत्र नवरात्रि में उन्नाव जिले के निवासी इलाहाबाद बैंक के चीफ मैनेजर संजय सिंह की ओर विशाल कन्याभोज का आयोजन किया गया ।जिसमे सैंकड़ो की संख्या में कन्याओ ने भाग लिया ।उपस्थित सभी कन्याओ को संजय सिंह पत्नी पूनम सिंह साथ विधि विधान के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कन्यापूजन किया ।जितेंद्र सिंह कमेटी टीम द्वारा देवी भजन गीतों की मंदिर परिसर में धूम रही। हिंगलाज आरती के साथ सभी कन्याओ की आरती उतारी गयी ।इस मौके पर अंजनी कुमार श्रीवास्तव सर्वेश सिंह श्रविश् जितेंद्र सिंह विजय प्रताप मिंटू चंद्रकांत मिश्रा प्रशांत पवन सिंह लालजी मिश्रा सुनील यादव रज्जन तिवारी आकाश यादव सहित आदि रहे।

माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई

जगदीशपुर अमेठी । दधाना कर पद्माभ्याम अक्षमाला कमण्डलू एदेवी प्रसीदतु मई ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा उक्त मंत्र के साथ चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन कष्टों को हरने वाली देवी माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया ।जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत कमरौली वारिसगंज रानीगंज थौरी सरेसर कठौरा सहित विभिन्न गांवों में चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया । माँ ब्रह्मचारिणी का स्वरूप ज्योर्तिमय है। ये मां दुर्गा की नौ शक्तियों में से दूसरी शक्ति हैं।माँ के तपश्चारिणी और अपर्णा उमा इनके अन्य नाम भी हैं तथा इनकी पूजा करने से सभी काम पूरे होते हैं और रुकावटें दूर हो जाती हैं और विजय की प्राप्ति होती है। इसके अलावा हर तरह की परेशानियां भी खत्म होती हैं। माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से तप त्याग वैराग्य सदाचार व संयम की वृद्धि होती है। ऐसा माना जाता है कि माँ ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए हजारों सालों तक बेल.पत्र और फिर निर्जल और निराहार रहकर तपस्या की। जिसके कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया ।

क्विक न्यूज

शोहदों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

लालगंज रायबरेली। लालगंज चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार अवस्थी ने तहसील रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास से 4 शोहदों को पकड़ कर उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मेरुई निवासी रौनक सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह एलवलेश प्रताप पुत्र रघुराज एचंदन सिंह पुत्र चंद्रभान एअमल पटेल पुत्र राम भजन के द्वारा सड़क पर अश्लील हरकतें की जा रही थी ।सड़क से निकल रही महिलाओं पर छींटाकशी और फब्तियां कस रहे थे जिसके चलते चारों को पकड़ कर उनके खिलाफमुकदमा लिख कर विधिक कार्यवाही की गई है।

गोवंश के तस्करों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

लालगंज रायबरेली ।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर यस आई दीपक पटेल एसिपाही महेश फौजी एमहेश तिवारी ने गोवंश तस्करों के खिलाफकार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोवंश तस्करों के द्वारा 8 गोवंशो को क्रूरता पूर्वक एक ट्रक में भरकर ले जाया जा रहा था ।ट्रक को पकड़ कर पुलिस कब्जे में लिया गया है एजबकि ट्रक से बरामद तीन बैल दो गाय व तीन बछड़ों को मेरुई के गौशाला के सुपुर्द किया गया है। ट्रक चालक और अन्य मुलजिम पुलिस को देख कर फरार हो गए। मुलजिमो की तलाश भी की

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर तृतीय में प्रवेश परीक्षा का आयोजन

लालगंज । रायबरेली में तृतीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन स्कूल की प्रधानाचार्या प्रज्ञा बाजपेई जी के द्वारा सरस्वती माता के पूजन के साथ किया गया जिसमें लगभग 266 छात्रछात्राओं ने भाग लिया ।अभिभावकों व छात्रों में प्रवेश परीक्षा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या जी के द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सुंदर एवं सारगर्भित शब्दों में शैक्षिक सत्र सम्बंधी जानकारियां अभिभावकों एवं छात्रछात्राओं को दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिकाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं विभिन्न प्रकार के शैक्षिक उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। अभिभावकों द्वारा विद्यालय में उपलब्ध कम्प्यूटर लैब पुस्तकालय आदि का अवलोकन किया गयाए उनके द्वारा आयोजन की भूरि भूरि प्रशंशा की गई। अभिभावक गण विद्यालय की गतिविधियों से प्रभावित हुए और प्रतियोगिताओं मै बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया । इस अवसर विद्यालय क समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

एमएलसी चुनाव के दिन मतदेय स्थल के अंदर मोबाइल फोन लाना मना होगा

रायबरेली । उत्तर प्रदेश राज्य विधान परिषद के लिए 9 रायबरेली स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन 09 अप्रैल 2022 को होने वाले मतदान में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी मतदाता मतदेय स्थल के अन्दर मतदान के दिन मोबाइल फोन, कैमरा यथा डिजिटल कैमरा/पेन कैमरा आदि नहीं ले जायेगा। इस पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाया गया है।

ऊंचाहार में चला बुलडोजर , मुक्त कराई गई तालाब की जमीन

ऊंचाहार,रायबरेली। तालाब की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके स्थाई निर्माण करने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है । जेसीबी द्वारा कब्जे को ध्वस्त करके भूमि को मुक्त कराया गया है । मामला ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के गांव विजई का पुरवा का है । गांव का एक भूखंड राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है । इस भूखंड पर गांव के अवधेश बहादुर सिंह ने कब्जा करके निर्माण कर लिया था । मामले की शिकायत गांव वालों ने आईजीआरएस के पोर्टल पर की थी । जिसमें जांच की गई तो शिकायत सत्य पाई गई है । उसके बाद डीएम के निर्देश पर ऊंचाहार तहसील की राजस्व टीम ने पुलिस बल की मदद से निर्माण को जेसीबी मसीन से ढहा दिया है । एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि तालाब की भूमि को मुक्त करवा दिया गया है ।

संविदा बिजली कर्मचारी से मारपीट

ऊंचाहार,रायबरेली। रोहनियां विद्युत उपकेंद्र में तैनात संविदाकर्मी विभागीय आदेश के बाद बकायदारों का कनेक्शन काटने गया था तभी आरोप है कि आधा दर्जन लोगों ने उसके साथ मारपीट की है ।पीड़ित ने कोतवाली में मामले की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। विद्युत उपकेंद्र में तैनात संविदाकर्मी लाइनमैन माता प्रसाद गुरुवार को उसरैना गांव में बकायदारों को नोटिस देने के बाद विभागीयआदेशानुसार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट रहा था ।आरोप है कि आधा दर्जन से अधिक लोगों ने गालीगलौज करते हुए उसने पीटना शुरू कर दिया ।जिसके बाद सूचना पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावर मौके से भाग निकले। पीड़ित ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। कोतवाल शिवशंकर सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है। जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं कर पा रही पुलिस

बाजार शुकुल अमेठी। मामला थाना बाजार शुकुल से जुड़ा हुआ है जहां पर सप्ताह भर के अंदर करीब आधा दर्जन चोरियों की घटनाएं हो चुकी है पुलिस हाथ पर हाथ धरकर बैठी है थाना क्षेत्र के हल्का नंबर 4 हल्का नंबर 2 में सबसे ज्यादा चोरी की घटनाएं सुनाई पड़ रही है प् गांव के किसानों की भैंस चोरी होना तो आम बात है अभी हाल में ही क्षेत्र के आसपास के गांव पूरे रघु शुकुल इक्काताज पुर में चोरियां हुई है जिसका खुलासा अभी तक स्थानीय पुलिस नहीं कर पायी है ऐसी तमाम चोरी घटनाएँ है जो क्षेत्र में महीने भर के अंदर हुई है प् जिसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है दिन प्रतिदिन बढ़ती चोरियों को लेकर क्षेत्र की जनता में दहशत है लोगों का मानना है कि पुलिस ठीक ढंग से काम नहीं कर पा रही है जिससे क्षेत्र में चोरी की घटना सुनाई पड़ रही हैं लोगों की माने तो अक्सर ये देखा जाता है कि क्षेत्र के बैंकों के आसपास चोर सक्रिय हैं क्योंकि यहां पर तमाम किसानों की साइकिल बैंकों के आसपास से गायब हुई प् जिसकी रिपोर्ट स्थानीय पुलिस थाने पर नहीं लिखी गई है कस्बे में लगने वाले साप्ताहिक बाजार पर भी कई बार लोगों ने चोरों को रंगे हाथ पकड़ा है साप्ताहिक बाजार में भी चोर घूम फिर कर किसी ने किसी की साइकिल गायब करते अक्सर सुनाई पड़े हैं अगर इन जगहों पर पुलिस सक्रिय रहे तब तमाम ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है ।

संत सुरक्षा के प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत

चौडगरा (फतेहपुर)। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के प्रथम आगमन पर आशापुर डाक बंगले के समीप होटल में आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में संत सुरक्षा मिशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चौबे ने स्मृति चिन्ह देकर सैकडों साथियों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि योगी सरकार ने पूरे 05 वर्ष में जो विकास कार्य का खाका खींच कर तैयार किया है। उसको धरातल में लाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ काम करेंगे। 05 वर्षों में उत्तर प्रदेश में सबका विकास सबका साथ का नारा बुलंद करने वाली भारतीय जनता पार्टी एक ऐतिहासिक कार्य करेगी। इस दौरान उनका स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से भोपाल सिंह परिहार, राजू सिंह परिहार, कृष्णा ठाकुर, भारत सिंह चौहान, जयकरण सिंह परेल, वीरेंद्र सिंह गौतम, गोरेलाल प्रधान, महेश कुमार प्रधान, विवेक कुमार सविता प्रधान, संजय प्रधान, लखन लाल गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता आदि ने स्वागत किया। इसी प्रकार औंग, चौडगरा, मुरादीपुर, रेवाडी आदि जगहों पर कैबिनेट मंत्री का माल्यार्पण कर किया गया।

त्यौहारों को लेकर अमेठी में धारा-144

संवाददाता। अमेठी

अपर जिला मजिस्ट्रेट वि0ध्रा0 एसपी सिंह ने बताया कि माह अप्रैल.2022 में 10 अप्रैल को रामनवमी 14 अप्रैल को महावीर जयन्ती एवं डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मदिवस 15 अप्रैल को गुड फ्राइडे 29 अप्रैल को जमात.उल.विदा अलविदा रमजान का अंतिम शुक्रवार व माह मई में 03 मई को ईद.उल.फित्तर 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा व अन्य पर्वो त्योहारों तथा स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन एवं कोविड संक्रमण के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा जनसामान्य की सुरक्षा हेतु जनहित में वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत द0प्र0सं0 की धारा.144 को जनपद अमेठी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निषेधाज्ञा 31 मई तक प्रभावी रहेगीए जिसका उल्लंघन आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 की धारा.51 से 60 तथा भा0द0वि0 की धारा.188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। उन्होंने बताया कि उक्त आदेश के व्यापक प्रचार.प्रसार सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा अपने.अपने क्षेत्रों में लाउडस्पीकर द्वारा करायेंगे तथा आदेश की प्रतियॉ प्रमुख स्थल तहसील स्थानीय निकास के कार्यालयों तथा कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाए। इसके साथ ही उन्होंने समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के ग्राम हेरूवा कस्बा जायस ग्राम बनी थाना जायस कस्बा इन्हौना सातन का पुरवा चिलौली शिवरतनगंज तिलोई शाहमऊ कस्बा मुसाफिरखाना कस्बा अमेठी कस्बा बाजार शुकुल पालपुर कस्बा ग्राम भटगवॉ आदि संवेदनशील स्थानों पर साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को बनाये रखते हुए शान्ति एवं कानून व्यवस्था को कायम रखेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त त्यौहारों पर्वो के अवसर पर घटित घटनाओंध्विवादों का अध्ययन कर तद्नुसार कार्यवाही करते हुए किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना त्वरित संचार माध्यम से उच्चाधिकारियों को उपलब्ध करायेंगे।

डीएम ने कंट्रोल रूम [illegible] की बैठक करते हुए

लालगंज में इमरजेंसी, फर्स्ट एड सहित सभी तरह के इलाज की होगी व्यवस्था: निदेशक डीके गुप्ता

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

लालगंज क्षेत्र के पूरे देवी पौशाला में सभी सुविधाओं से युक्त कान्हा असताल का उद्घाटन फीता काटकर पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पांडे के द्वारा भव्य समारोह के दौरान किया गया ।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पधारे पूर्व मंत्री ने कहा कि अस्पताल के खुल जाने से स्थानीय स्तर पर ही लोगों को इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं अस्पताल के बाबत जानकारी देते हुए नर्सिंग होम के निदेशक डीके गुप्ता एवं स्वाति गुप्ता ने बताया कि कान्हा हॉस्पिटल स्वर्गीय रामरती मेमोरियल फाउंडेशन से संचालित है ।यहां पर सभी इलाजो की समुचित व्यवस्था की गई है। अस्पताल जनसेवा के उद्देश्य से खोला गया है। डॉ पी के गुप्ता ने कहा कि लालगंज में इलाज की समुचित व्यवस्था के अभाव को देखते हुए कान्हा हॉस्पिटल लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा ।अस्पताल में सभी रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। महिला संबंधित सभी रोगों का इलाज होगा। इमरजेंसी फर्स्ट एड सहित घायलों के भी इलाज की पूर्ण व्यवस्था रहेगी ।आयुष्मान योजना के कार्ड सेभी इलाज की व्यवस्था की जाएगी ।आगे चलकर अल्ट्रासाउंड एएक्सरे सहित अन्य जांचो की भी व्यवस्थाएं होंगी। इस अवसर पर डॉ पी के गुप्ता एफिजिशियन डॉक्टर श्रवण कुमार एआई एम ओ राजेश कुमार सहित भाजपा नेता बच्चा पांडे अनूप पांडे सागर निर्मल ओपी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

हरचन्द्रपुर से दिल का है मेरा रिश्ता:राघवेन्द्र

संवाददाता। रायबरेली

हरचन्द्रपुर मेरा रिश्ता दिल का है मेरा क्षेत्र मेरी ज़िम्मेदारी के वाक्य को चरितार्थ करते हुए जिला पंचायत सदस्य/जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा निरन्तर समाजसेवा का कार्य किया जा रहा,उसी क्रम में पिछले 1 वर्ष से अपनी जिला पंचायत क्षेत्र को मोतियाबिन्द मुक्त बनाने हेतु लगातार क्षेत्र में कैम्प का आयोजन करते है उसी क्रम में 3/4/2022 को भी नि:शुल्क मोतियाबिन्द कैम्प का आयोजन सिंह धर्मकाँटा पूरे खलार में हुआ लगभग 145 लोग नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु हॉस्पिटल भेजे गए एवं सैकड़ों लोगों की आँखों की जांच कर दवा वितरण किया गया, कैम्प आयोजक राघवेन्द्र प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि जिले के समस्त कोनों से आए हुए लोगों का नेत्र परीक्षण कर नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जाता है पिछले एक वर्ष में लगभग 5000 से ज्यादा लोगों का सफलता पूर्वक ऑपरेशन हो चुका है और आगे भी अपने जिले एवं समाज के लिये समाजसेवा का यह कार्यक्रम निरन्तर चलता रहेंगा, कैम्प हर माह की 3 तारीख को सिंह धर्म कांटा ,ग्राम पूरे खलार विकास खण्ड हरचंदपुर एवं 12 तारीख को सिंह आरा मील एवं खाद भंडार ग्राम गढ़ी दुलाराय विकास खण्ड सताँव में आँखों से सम्बंधित समस्या की जाँच हेतु कैम्प जारी रहेगा।

समाज की दशा और दिशा तय करते हैं शिक्षक: सिंह

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हींगामऊ मे नामांकन उत्सव परीक्षा फल वितरण और पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह विद्यालय प्रबंध समिति तथा प्रधानाध्यापक आलोक रमन मौर्य के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेपी सिंह वरिष्ठ प्रवक्ता डायट रायबरेली और विशिष्ट अतिथि ख्याति प्राप्त होम्योपैथिक डॉक्टर रमेश श्रीवास्तव, प्रधान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी सलोन विश्वनाथ प्रजापति, डलमऊ खंड शिक्षा अधिकारी केके त्रिपाठी ने आयोजन में पहुंचकर ग्राम वासियों तथा छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। मंच संचालन का कार्य ओजस्वी वक्ता श्री योगेश सिंह प्रधानाध्यापक अल्हौरा के द्वारा किया गया। अतिथि रविंद्र सिंह के द्वारा ग्राम वासियों के समक्ष विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए मिड डे मील टीन सेड के निर्माण का भरोसा दिया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ रमेश श्रीवास्तव द्वारा शिक्षा और स्वास्थ के सामंजस्य पर जोर देकर छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को प्रेरित किया गया तथा अपने प्रिय प्रधानाध्यापक श्री आलोक रमन को भविष्य में विद्यालय के किसी भी कार्य में सहयोग करने का आश्वासन प्रदान किया ।विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें जल ही जीवन है, पेड़ लगाओ जीवन बचाओ, जातिवाद पर नाटक तथा अरुणाचल प्रदेश का लोक नृत्य छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया विशिष्ट कार्यक्रम रहे जिन्हें विशिष्ट अतिथियों द्वारा बहुत सराहा गया। कार्यक्रम के मध्य में पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक श्री शत्रुघ्न मौर्य, राम नरेश यादव, शिव शंकर को विद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय में कार्यरत शिक्षा मित्र श्री बीनू सिंह के विगत वर्षों में किए गए विशिष्ट कार्यों के लिए अतिथियों एवं प्रधानाध्यापक द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। प्रधानाध्यापक द्वारा समस्त अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्री राम हर्ष सिंह ब्लॉक सोसायटी डायरेक्टर मिथिलेश मौर्य, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष शिवराम, सत्येंद्र कुमार, संतोष कुमार, केसी सोनकर, विक्रमादित्य सिंह, तारादेवी, सुष्मिता, शिव प्रकाश ग्राम प्रधान तपे तेरूखा विमलेश, प्रमोद कुमार, रामलाल, विपिन, तेजई, सज्जन कुमार, संतोष मौर्य, पूजा, डाली, प्रीती, निगार वारिस पूर्व ग्राम प्रधान तेरूखा फूल सिंह, लवकुश सिंह, रामप्रकाश, निशा सिंह राधे रमण मौर्य तथा सैकड़ों ग्राम वासी मौजूद रहे।

डीएम ने बोर्ड परीक्षा को लेकर की मंत्रणा

संवाददाता। अमेठी

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों के स्टेटिक मजिस्ट्रेटोंए केन्द्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ शासन द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा को लेकर नये दिशा.निर्देशों सम्बन्धी बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त 47 वित्त विहीन परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक को उन्हीं परीक्षा केन्द्रों का अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक को उसी परीक्षा केन्द्र के केन्द्र व्यवस्थापक का दायित्व दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक के पास रखी दोनों चाभियॉ ;स्ट्रांग रूम व डबल लॉक अलमारीद्ध स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास रखी जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि डबल लॉक आलमारी कक्षध्स्ट्रांग रूम में किसी भी अधिकारीध्कर्मचारी को मोबाइल फोन के साथ प्रवेश करना पूर्णतया प्रतिबन्धित हैए ऐसा करते पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। स्ट्रांग रूम में प्रवेश हेतु लागबुक में आने.जाने वाले अधिकारीध्कर्मचारी का पूर्ण विवरणए तिथिए समय एवं उद्देश्य अंकित किया जायेगा। डबल लॉक अलमारी को केवल परीक्षा तिथि पर प्रश्नपत्र निकालने हेतुए परीक्षा प्रारम्भ होने के 1 घंटा पूर्व स्टेटिक मजिस्ट्रेटए केन्द्र व्यवस्थापक व बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में खोला जायेगा एवं परीक्षा समाप्ति के 1 घंटा उपरान्त स्टेटिक मजिस्ट्रेटए केन्द्र व्यवस्थापक व बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में लॉकध्सील किया जायेगा व प्रत्येक बार डबल लॉक अलमारी कक्ष सील करने तथा खोलने का विवरण भी लाग बुक रजिस्टर में अंकित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस कक्षों में प्रश्नपत्रों की सील पैकिट की डबल लॉक अलमारी रखी गयी है उस कक्ष के तालाध्सील करने का समय तथा अगली परीक्षा प्रारम्भ के 1 घंटा पूर्व ताला खोले जाने आदि के सम्बन्ध में एक अतिरिक्त लाग बुक पर समयए कक्ष खोले जाने का प्रयोजन तथा कक्ष में प्रवेश करने वाले नामित केन्द्र व्यवस्थापक व अन्य का विवरण भरा जायेगा व लाग बुक ड्यूटी पर लगाये गये सुरक्षाकर्मी के पास ही सुरक्षित रखी जायेगी। कक्ष 24 घंटे सुरक्षाकर्मी के पहरे में रहेगा व सी0सी0टी0वी0 कैमरा अनवरत संचालित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के सी0सी0टी0वी0 कैमरों की रिकॉडिंग प्रत्येक दशा में परीक्षा समाप्ति के 1 माह तक सुरक्षित रखना अनिवार्य है। उक्त अवधि में एक भी सेकेण्ड की अवधि में भी सी0सी0टी0वी0 कैमरा बन्द पाये जाने पर संदिग्ध स्थिति मानते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेटए केन्द्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की समस्त सील्ड पैकिटों को तिथिवार व पालीवार रखा जायेगा तथा परीक्षा प्रारम्भ के पूर्व निर्धारित समय पर ही प्रश्नपत्र के पैकिट का संकेतांक समय तिथि व विषय का पूर्णरूप से परीक्षण कर आश्वस्त होने के उपरान्त ही प्रश्नपत्र के पैकिट पर कैंची लगायी जायेगी अन्यथा की स्थिति में परीक्षा केन्द्र पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र व्यवस्थापक एवं बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक का उत्तरदायित्व होगा इसलिए पूर्णतया आश्वस्त होने के उपरान्त ही प्रश्नपत्र का पैकिट खोला जायेगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक आरके द्विवेदीए जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

● केन्द्र व्यवस्थापक अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक

जमीन कारोबारी ने खरीदी चांद पर जमीन

फतेहपुर। जिले के रहने वाले युवक ने चाँद पर जमीन खरीदकर अजीबो गरीब कारनामा दिखाया है। युवक ने यह जमीन चाँद के ऑफिसियल वेबसाइट लूना सोसाइटी इंटरनेशनल से खरीदी है ।शहर के गौतम नगर मोहल्ला निवासी डिकेश कुमार जिसने चाँद पर जमीन खरीदकर अपना जीवन का सपना पूरा किया है। डिकेश कुमार ने अभिनेता सुशांत सिंह की मौत के दौरान चाँद पर जमीन खरीदने की बात सुनी थी और उसने सोचा की क्या सिर्फ बड़े आदमी ही चाँद पर जमीन खरीद सकते हैं लेकिन उसने हार नहीं मानी और चाँद पर जमीन खरीदने के प्रयास में जुट गया और लम्बे प्रयास के बाद डिकेश ने चाँद की ऑफिसियल वेबसाइट लूना सोसाइटी से जमीन खरीद ली और उनको चाँद की नागरिकता भी मिल गई है। डिकेश कुमार की माने तो उसने करीब 158 डॉलर में एक एकड जमीन खरीदी है, जिसकी कीमत इंडियन रुपये में करीब 11 हजार रुपये है, डिकेश कुमार पेशे से जमीन कारोबारी है, उन्होंने बताया कि चांद पर जमीन खरीदना उसका सपना था।

मुख्यमंत्री ने किया स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ

संवाददाता। अमेठी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ष्स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद श्रावस्ती में 04 अप्रैल को पूर्वान्ह 10 बजे किया जाएगा। स्कूल चलों अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम उद्घाटन समारोह सहित मुख्यमंत्री के भाषण का सजीव प्रसारण बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी विद्यालयों सहित जनपद अमेठी के समस्त प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालयों में टीवीएलईडी स्क्रीन के माध्यम से छात्र.छात्राओं अभिभावको को दिखाया जाएगाए जिससे ष्स्कूल चलों अभियान का संदेश सभी विद्यालयों में बच्चोंध्अभिभावकोध्जन सामान्य तक पहुंचाया जा सकें प् मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल चलों अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम के संबंध में आहूत किये गये वीडियो कॉफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीए जिला सूचना अधिकारी सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों को कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराने से सम्बंधित आवश्यक व्यवस्थाओं ;टीवी स्क्रीन इण्टरनेट कनेक्टिविटी को सुनिश्चित कर लिये जाने के निर्देश दिये गये है। सम्पूर्ण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के यू.ट्यूब लिंक दे पर देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर जनपद स्तर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाए जाने हेतु प्राथमिक विद्यालय धनी जलालपुर विकास खंड गौरीगंज में 4 अप्रैल को प्रात: 10. 00 बजे सुनिश्चित किया गया है।

ताबड़तोड़ चोरियां से लोगों में दहशत पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह

चौडगरा (फतेहपुर)। किसान के घर से चोर रात को कमरे का ताला तोड़कर नगदी व जेवरात चोरी कर ले गए। गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी बुधई यादव किसान करते हैं और उनका छोटा पुत्र धर्मवीर दुबई में रहकर नौकरी करता है। जिसकी शादी 16 फरवरी को हुई थी। जबकि उसका बड़ा बेटा धर्मेंद्र घर में रहकर पिता के साथ खेती किसानी करता है ।बुधई ने बताया कि रात को घर के बाहर बाउंड्री वॉल को फांदकर चोर ने अंदर प्रवेश कर अंदर बने कमरे का ताला तोड़ रखे छोटे, बड़े बक्सों का ताला त

कब तक लाचार रहेगा हकदार 'रामकुमार'!

संवाददाता। बस्ती

- ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर बैठने को दस माह से तरस रहा खलीलपटटी का यह असली दावेदार
- कभी सपा तो कभी भाजपा वाले फुटबाल की तरह उछाल रहे हैं प्रमुख को
- दोनों पार्टियों के लोगों ने प्रमुख का इस्तेमाल करने को लेकर खेला लंबा खेल
- भाजपा से सपा और फिर भाजपा के खेमे में जाने को लेकर खूब हुई सियासी साजिश
- अपने लाभ के लिए ब्लाक प्रमुख और उसके परिवार के साथ नेताओं ने किया घिनौना मजाक

प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है, जब एससी वर्ग का कोई ब्लॉक प्रमुख 10 माह बाद भी प्रमुख की कुर्सी पर नहीं बैठ पाया। जीहां हम बात कर रहें हैं, बहादुरपुर ब्लॉक के निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रामकुमार का। आज यह ब्लॉक प्रमुख सरकारी तंत्र के सामने एक सवाल बनकर खड़ा है। इस व्यक्ति को अपने लाभ के लिए कभी सपाईयों ने अपहरण कियां, तो कभी भाजपाईयों ने उसे अपना जागीर समझकर इस्तेमाल किया। इस व्यक्ति को पिछले लगभग एक साल से दोनों पार्टी के नेता फुटबाल की तरह इधर से उधर उछाल रहे है। भाजपा से सपा और फिर वापस भाजपा के खेमे में आने और जाने के पीछे जिले की जनता ने एक गंदी राजनीति को परवान चढ़ते भी देखा। यह भी देखा कि किस तरह कमीशन को लेकर सत्तापक्ष के लोगों ने सपाईयों का साथ दिया। एक तरह से दोनों पाटियों के लोगों ने आर्थिक लाभ के लिए रामकुमार और उसके परिवार का इस्तेमाल करने का प्रयास किया। इन नेताओं ने लोकतंत्र के साथ भी मजाक किया। जिसे जिले की जनता कभी माफ नहीं करेगी। यह सुनकर ही कितना अजीब सा लग रहा है, कि क्या कोई विधायक किसी ब्लॉक प्रमुख और उसके परिवार का अपहरण भी कर सकता है, और परिवार को कई माह तक बंधक भी बना सकता है? इतना ही नहीं जब पुलिस विधायक के आवास से परिवार को आजाद कराती है, तो परिवार के पीछे कुत्ता छोड़ दिया जाता, जिसका खामियाजा आज भी ब्लॉक प्रमुख की मासूम बच्ची को भुगतना पड़ रहा है। जिले की जनता ऐसे लालची और असवेंदनशील कहे जाने वाले मतलब परस्त नेताओं से सवाल करती है, कि क्या जनता इसी के लिए जनप्रतिनिधियों को चुनती है, कि वह दूसरे जनप्रतिनिधि के परिवार का अपहरण करें। देखा जाए तो ब्लॉक प्रमुख का परिवार बंधक से आजाद होने के बाद भी अभी पूरी तरह आजाद नही होता दिख रहा है, आज भी परिवार और ब्लॉक प्रमुख बिना इजाजत के किसी सें मिल नहीं सकते और न ही वह किसी अंजान व्यक्ति से बात ही कर सकते है, यहां तक कि मीडिया से मिलने और बात करने तक की इजाजत नहीं है। आजाद हुए बीस दिन हो गए मगर अभी तक उसे ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर बैठने नहीं दिया गया, जबकि पिछले कई माह से ब्लॉक का कामकाज प्रभावित हो रहा है। वैसे भी आम जनता चुनाव के बाद से ही अपने ब्लॉक प्रमुख से मिलने को आतुर है, और अब तो इस लिए और भी आतुर है, क्यों कि वह जानना चाहती है, कि उसका प्रमुख पिछले पांच माह कैसे बिताया और कहां-कहा रहा। जनता अब तक एकाधबार ही प्रमुख रामकुमार को खुले आम देखी है, वह भी कुछ क्षणों के लिए जब वह सपा जिलाध्यक्ष महेंद्रयादव के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे थे, वह यह बताने आए थे कि अब वह भाजपा के नहीं बल्कि सपा के साथ है, और वह यह भी बताना चाह रहे थे कि उन्होंने महेंद्र यादव को अपना कथित प्रतिनिधि बनाया है। कहा जारहा है, कि अगर ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद भाजपाई उससे किए गए वादे को पूरा कर देते तो रामकुमार कभी भी भाजपा का साथ नहीं छोड़ता, चूंकि वादाखिलाफी करना नेताओं के नेचर में शामिल रहता है, इस लिए उन्होंनें वहीं किया, जो वे अब तक करते आए हैं, यानि न तो ब्लॉक प्रमुख का आवास बनवाया और न परिवार के भरण-पोषण के लिए कोई व्यवस्था ही किया। ऐसे में अगर कोई पाला बदल लेता है, तो कोई बुरी और नई बात नहीं हैं, बल्कि एक तरह से रामकुमार ने भाजपाईयों को उन्हीं के अंदाज में जबाव देने का काम किया। सपाईयों ने तो भाजपाईयों से दो कदम आगे जाकर रामकुमार का उत्पीड़न और शोषण करने का काम किया। रामकुमार की माने तो उसे पांच माह तक इधर उधर घूमाते रहे, परिवार को बंधक बनाकर रखा। कहा भी जारहा है, कि जो गलती भाजपाईयों ने की थी, उससे बड़ी गलती सपाईयों ने की, जिसका नतीजा सभी के सामने है। सपा विधायक और उनके समर्थक कभी सपने में भी यह नहीं सोचे होगें, कि जिसके लिए उन लोगों ने भाजपाईयों से पंगा लिया, वही एक दिन उनका सबसे बड़ा दुश्मन साबित होगा। विधायक बनते ही जिस तरह महेंद्र यादव को अपहरण जैसे गंभीर आरोपों का सामना करना पड़ रहा हैं, उसे एक जनप्रतिनिधि के लिए शुभ नहीं माना जा रहा है। रामकुमार का उत्पीड़न तो भाजपाईयों ने उसी दिन से करना शुरु कर दिया था, जब उसे कुर्सी पर न बैठाकर दूसरे को बैठाया, इतना ही नहीं बगल की कुर्सी भी उसे नशीब नहीं हुई। एक तरह से उसके साथ मालिक और नौकर जैसा व्यवहार हुआ। उसी के बाद से ही उसकी आत्मा जागने लगी। भाजपाईयों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था, कि रामकुमार इतना जल्दी उसके हाथ से निकलकर सपा खेमे में चला जाएगा, देखा जाए इसे पूरे पार्टी और कई माननीयों की नाकामी मानी जा रही है। सपा के लोग इस इंतजारी में रहे कि सरकार बन जाने पर वह शान के साथ प्रमुख की कुर्सी पर बैठकर पांच साल तक मलाई काटेगें। रामकुमार तो वापस भाजपा में आ गया, मगर अभी भी उसे पूरी आजादी नहीं मिल रही है। ऐसा लगताा है, कि भाजपाई अभी भी डरे हुए हैं, कि कहीं फिर न सपाई रामकुमार को उड़ा ले जाए। कहा भी जा रहा है, कि अगर भाजपाईयों ने अपने नेचर को नहीं बदला तो आने वाले दिनों में कुछ और भी सुनाई दे सकता है, क्यों कि सपाई अपमान और बदले की आग में झुलस रहे हैं। उन्हें हाथ से सोने की मुर्गी जाने का गम सता रहा है।

पशुओं की हत्या करने वाले दो अभियुक्त रंगे हाथ पकड़े गए

- पुलिस ने आधी रात दबिश देकर की कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस कप्तान डॉ0 कौस्तुभ ने बताया कि शनिवार की रात दुधारा पुलिस ने दबिश देकर 2 पशुओ की हत्या करने वालो को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन गोवंशीय पशु, दो कुंतल गौमांस, एक अदद बोगदा, दो अदद अवैध चाकू तथा तीन मोटर साइकिल बरामद किया। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायालय भेजा। समुदाय विशेष एरिया को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने बताया कि दुधारा थाना क्षेत्र मोहम्मदगढ़ गांव में मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष सर्वेश राय, एस0आई0 अमरनाथ यादव व उनकी पुलिस टीम एक घर में दबिश दिया। इस दौरान पशुओं को काट रहे अजमत अली व अजरूद्दीन को गिरफ्तार किया गया। मौके पर दो कुंतल गौमांस बरामद किया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रू रता सहित अन्य धाराओं का मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

क्विक न्यूज

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का डीएम ने लिया जायजा

श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय जयचन्दपुर कटघरा पहुंचकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया साथ ही सभी व्यवस्थाओं को ठीक करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से कार्यक्रम को सम्पन्न कराने हेतु जिन मजिस्ट्रेटों अधिकारियो की तैनाती कर जो जिम्मेदारी दी गयी है सम्बंधित अधिकारी अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए।

दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रावस्ती, मल्हीपुर। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर मय हमराह द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 139ध्2022 धारा 376ए 452 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त नन्कू मौर्य उर्फ ननकू मौर्या पुत्र स्व0 गुरू प्रसाद निवासी ग्राम सेमरहना दा0 सिटकहना थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को ग्राम सेमरहना दा0 सिटकहना थाना मल्हीपुर के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

चोरी के तीन मोबाइल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने खलीलाबाद कोतवाली के भेलवासी निवासी संजीव को गिरफ्तार किया जिसके पास से 3 चोरी के एण्ड्राइड मोबाइल बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त पूर्व में वांछित भी था।

आरक्षी ने बेजुबानों के लिए पानी के पात्र रखकर दी प्रेरणा

कोंच (जालौन)। खाकी जरूरतमंद लोगों की मदद के साथ साथ बेजुबानों के प्रति भी दयाभाव दिखा रही है। सीओ ऑफिस कोंच में तैनात आरक्षी शुभम शर्मा ने अनूठी पहल करते हुए कोंच में अलग अलग स्थानों पर बेजुबानों के लिए पानी के 21 पात्र रखवाए हैं। यह काम उन्होंने स्वप्रेरणा से किया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में जहां आम आदमी को प्यास बुझाने के लिए हलकान होना पड़ रहा है वहीं बेजुबान पशु पक्षियों के सामने प्यास बुझाना एक बड़ी समस्या है। इसी को ध्यान में रखते हुए उनके अंतर्मन ने ऐसा करने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि आगे भी यह मुहिम जारी रहेगी। उनकी कोशिश रहेगी कि किसी भी बेजुबान को इस भीषण तपन में पानी के लिए तड़पना न पड़े। आरक्षी का यह पुण्य कार्य निश्चित रूप से दूसरों के लिए प्रेरणादायक हो सकता है।

आभूषण की दुकान से ले उड़ा सोने की चार अंगूठियां

कोंच (जालौन)। सोने चांदी के आभूषण बेचनेध्बनाने वाले एक दुकानदार को ग्राहक बन कर आए एक टप्पेबाज ने चूना लगा दिया। सोने की कील दिखाने की बात कह कर टप्पेबाज उसकी सोने की चार अंगूठियां पार कर ले गया। दुकानदार ने उसके साथ हुई टप्पेबाजी की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए दुकानदार राजेश सोनी पुत्र जगदीश सोनी निवासी सुभाष नगर ने बताया कि वह अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलिज के पास घर में ही सोने चांदी के आभूषण बेचनेध्बनाने की दुकान किए हुए है। शनिवार को दोपहर करीब सवा 1 बजे उसकी दुकान पर एक अज्ञात व्यक्ति सीबी जैड ब्लैक कलर की बाइक से आया और सोने की कील दिखाने को कहा तो उसने सोने की कील वाला डिब्बा उठाया और कील दिखाई। युवक ने एक कील का पैमेंट 300 रुपए उसे दिया और चकमा देकर उस युवक ने उसकी सोने की चार अंगूठियां जो एक थैली के अंदर उसी कील बाले डिब्बे में रखी हुई थी, उठाकर निकल गया। इसके बाद जब दुकानदार ने अपनी वह सोने की अंगूठी वाली थैली देखी तो वह नहीं मिली इसके बाद उसने उस युवक की काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। दुकानदार ने बताया कि अंगूठियों की कीमत करीब 60 हजार रुपए है। दुकानदार ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं घटनास्थल के ठीक सामने आंखों के अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों को पुलिस ने जब चौक किया तो उक्त युवक की तस्वीर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है लेकिन वह साफ नजर नहीं आ रही है फिर भी पुलिस आरोपी युवक की तलाश में संलग्न है।

रामजवारों के लिए मंत्रोच्चार के बीच मिट्टी की संकलित

कोंच (जालौन)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा चंदकुआँ स्थित प्रसिद्ध भूतेश्वर मंदिर में आयोजित रामजवारे कार्यक्रम को लेकर मिट्टी का पूजन किया गया। शनिवार की शाम मंदिर परिसर में एकत्रित हुए कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के बीच जय श्रीराम का उद्घोष कर भगवा ध्वज फहराते हुए धनुताल पहुंचे जहां उच्चारित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मिट्टी का पूजन कर मिट्टी एकत्रित की और फिर भूतेश्वर मंदिर वापस आकर कार्यकर्ताओं ने जवारे बोये।इस दौरान आशुतोष रावत, सुशील दूरवार मिरकू महाराज, दंगल यादव, रवि यादव, कपिल रिछारिया, आकाश बुधौलिया, चन्द्रप्रकाश झा, शिशिर ठाकुर रामराजा सरकार, रजनीश यागिक, जग्गू यागिक, अरुण कनकने, ऋषभ सक्सेना, अंशु गुप्ता, छोटे ठाकुर,अमित मोदी, अमित तिवारी, राहुल बाबू अग्रवाल, देवीदयाल रावत, निखिल सोनी गब्बर, विभु शुक्ला, हिमांशु अवस्थी, निशांत उपाध्याय, राहुल जाटव, आशीष शुक्ला, रामजी गुप्ता, अमित व्यास, राशि गुप्ता, पुरुषोत्तम तोमर, वैभव ठाकुर,संदीप यादव, महेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र तिवारी, विकास दुबे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आर्य समाज ने प्रेस क्लब अध्यक्ष को किया सम्मानित

संवाददाता। बस्ती

सम्मानित होते प्रेस क्लब अध्यक्ष

आर्य समाज गांधी नगर बस्ती में आज यज्ञ के पश्चात पुस्तकालयाध्यक्ष आर्य समाज गांधी नगर बस्ती एवं जिला प्रभारी पंतजलि योग समिति बस्ती के सुभाष चन्द्र आर्य ने स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा लिखी गयी पुस्तक 'सत्यार्थ प्रकाश' को प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय को देकर सम्मानित किया। कहा कि यह पुस्तक समाज के लिए अत्यन्त उपयोगी है। उन्होंने कहा कि 'सत्यार्थ प्रकाश' में जीवन को जीने के उपाय साथ ही साथ आडम्बरों से बचने के लिए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने विस्तार से बताया है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को इस पुस्तक को अवश्य पढ़ना चाहिए। यज्ञ में पुरोहित आर्य समाज गांधी नगर बस्ती हरिपति पाण्डेय, प्रधान मुरली धर आर्य, आशुतोष मोदनवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

लागू नियमों से ईंट उद्योग पर गहराया संकट

- अध्यक्ष रवि उदय पाल ने ईंट निर्माताओं के साथ किया गहन विचार-विमर्श

संवाददाता। संतकबीरनगर

बैठक को सम्बोधित करते अध्यक्ष पायनियर

जिला मुख्यालय के एक होटल में रविवार को जिर्ला इंट निर्माता समिति की बैठक हुई। जिसमें बढ़ी हुई जीएसटी, रॉयल्टी जमा करने तथा इंट बिक्री के रेट सहित आदि मुद्दों पर गहन चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता सुभाष जैन तथा संचालन अध्यक्ष रवि उदय पाल ने किया। ईट निर्माताओं ने जीएसटी की दरों में हुई वृद्धि को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। अध्यक्ष रवि उदय पाल ने कहा कि 04 अप्रैल से ईट निर्माताओं के लिए जीएसटी में कंपोजिशन स्कीम समाप्त हो गयी है। ईट निर्माता 01 अप्रैल 2022 से सिर्फ टैक्स इनवाइस का प्रयोग करते हुए खरीददार से 6 प्रतिशत टैक्स लेकर सरकार के खाते में जमा करेंगे लेकिन ईट निर्माताओं को इनपुट नहीं मिलेगा। श्री पाल ने कहा कि इनपुट लेने वाले भट्टा मालिक को 5 प्रतिशत के स्थान पर 15 प्रतिशत टैक्स देना होगा और 01 अप्रैल 2022 से कम्पोजिशन स्कीम समाप्त होने के कारण कोई ईट भट्टा व्यापारी बिल ऑफ सप्लाई का इस्तेमाल नहीं कर सकता है। बैठक में जिला महामंत्री दिनेश सिंह, राम आशीष उपाध्याय, अमरेश सिंह, सुधीर जैन, अनूप जैन, सुशील सावलानी, शैलेन्द्र चौधरी, जनार्दन चौधरी, रामू चौधरी, सुड्डू खान, कमल सावलानी, शैलेन्द्र चौधरी, सागर, अनिल कृपलानी आदि ने कहा कि ईट भट्टा एक ग्रामीण कुटीर एवं सीजनल उद्योग है। कोरोना काल में जहां ईट व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो गया है वहीं अब इनपुट लेने वाले भट्टा मालिक 5 प्रतिशत के स्थान पर 15 प्रतिशत टैक्स देना होगा। उन्होने कहा कि जीएसटी की बढ़ी कीमतो से उद्योग बंदी की कगार पर पहुच गई है।

गन्ने के खेत में लगी आग दो बीघा की फसल हुई खाक

कोंच (जालौन)। खेत में खड़ी गन्ने की फसल में शनिवार शाम अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही समय में खेत के चारों ओर आग फैल गई जिसके चलते फसल नष्ट हो गई। किसान को करीब दो लाख रुपये के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मोहल्ला गोखले नगर में किसान हरीमोहन तिवारी पुत्र देवीप्रसाद के खेत में शनिवार की शाम अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरी फसल जल कर खाक हो गई। घटना की जानकारी खेत के पास खेल रहे बच्चों ने दी जिसके बाद खेत में काम कर रहे लोगों ने ततपरता दिखाते हुए आग पर काबू करने का प्रयास किया और खुद ही गन्ने में लगी आग पर पानी डालने लगे लेकिन उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। इसके बाद मौके पर पहुंची फायरबिग्रेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दो बीघा में खड़ी गन्ने की फसल पूरी तरह जल कर खाक हो गई थी।

सीएमओ के फर्जीवाड़े की खुली पोल!

संवाददाता। बस्ती

- चपेट में आया सीएमओ आवास पर जेम पोर्टल का काम देखने वाला कम्पयूटर आपरेटर
- डीएम ने दिया नीलेश कुमार पांडेय के खिलाफएफआईआर दर्ज करने का आदेश
- सुधीर कुमार यादव की कथित फर्जी नियुक्ति की जांच करने भी दिया आदेश
- सीएमओ पर लगा फर्जीवाड़ा करने वालों को बचाने का आरोप
- 'पायनियर' की खबर का असर

सीएमओ कार्यालय में एक ऐसा काकस कार्य कर रहा है, जो न सिर्फ सरकारी धन की लूटखसोट में लिप्त है, अलबत्ता सीएमओ पर भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा करने वालो को बचाने का आरोप लग रहा है। इसकी चपेट में चीफफार्मासिस्ट अजय कुमार मिश्र, जिला समन्यवक प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सुधीर कुमार यादव एवं सीएमओ के सबसे खासमखास कहे जाने वाले सीएमओ आवास पर जेम पोर्ट के जरिए गोलमाल करने वाले नीलेश कुमार पांडेय आ रहे है। डीएम सौम्या अग्रवाल ने तो नीलेश पांडेय के ख्लिाफ एफआईआर का दर्ज करने का आदेश दिया है। अन्य दोनों के मामले में एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट करने को कहा है। यह कार्रवाई पायनियर में 25 मार्च को प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेकर की गई। विभाग के लोगों का कहना है, कि जब से सीएमओ आए हैं, आए दिन कोई न कोई अनियमितता सामने आ रही है। कहते हैं, इनके चलते जिले भर की स्वास्थ्य व्यवस्था एक तरह से चरमरा सी गई हैं, न तो डाक्टरों को सही समय पर वेतन मिल रहा है, और न आउट सोंसिंग और संविदा पर कार्य करने वालों को ही उनका पारिश्रमिक मिल रहा है। डीएम का आदेश भी इनके लिए कोई मायने नहीं रखता। यह वही करते हैं, जिनमें इनका और इनके काकस का लाभ होता है। विभाग के ठेकेदार तक इन पर फर्जीवाड़े का आरोप लगा चुके है। चिकित्साधिकारी/एसएमओ स्टोर नोडल अधिकारी का चार्ज नियमानुसार वरिष्ठ अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को होना चाहिए, मगर सीएमओ ने शासनादेश की धज्जियां उड़ाकर जूनियर को चार्ज दे दिया गया। सुधीर यादव की जांच तत्कालीन एडी हेल्थ ने कमिश्नर के आदेश पर किया था, जिसमें इनके फर्जी नियुक्ति पर अगुंली उठाते हुए कार्रवाई करने की रिपोर्ट की गई थी। कमिश्नर ने सीएमओ को रिपोर्ट के साथ कार्रवाई करनें को लिखा मगर आज तक कार्रवाई नहीं हुई, बाबू ने फाइल को ही दबा दिया। इसी तरह जेम पोर्टल पर फर्जीवाड़ा करने वाले सीएमओ आवास पर तैनात रहे नीलेश कुमार पांडेय को तो हटा दिया, मगर अभी भी उसी से ही काम लिया जा रहा हैं, ओर उसके स्थान पर तैनात सर्वेश कुमार मिश्र को आज तक आईडी तक एलाट नहीं किया, इसी ने डीएम को पत्र लिखकर सीएमओ की पोल खोली थी। जिस सीएमओ पर फर्जीवाड़ा करने वालों को संरक्षण देने का आरोप है, उसी सीएमओ को कार्रवाई करने को डीएम ने लिखा है। विभाग के लोगों की माने तो असली कार्रवाई तो भ्रष्टाचार का जड़ माने जाने वाले सीएमओ के खिलाफ ही होनी चाहिए।

पुलिस की गिरफ्त में बाइक चोर, चोरी के पार्ट व 22 हजार रुपए बरामद

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने मीडिया सेल के माध्यम से बताया है कि खलीलाबाद पुलिस टीम ने अलग-अलग 3 स्थानो से हुए चोरी की बाईक का खुलासा करते हुए पॉच अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। जिसमें कबाड़ी भी शामिल है। उन्होंने बताया कि खलीलाबाद कोतवाली तेनुहारी अव्वल निवासी अमित त्रिपाठी, माली टोला निवासी विशाल कन्नौजिया, महेश गौंड़, विसरापार निवासी नितेश गुप्ता व सिकरीगंज गोरखपुर निवासी दीपक गुप्ता को पकड़ा गया। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने बाईक चोरी की घटना को स्वीकार किया है। उनके पास से मोटर साइकिल के चोरी के पार्ट व 22 हजार रूपये बरामद किया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

सोने की चेन छिनैती करने वालों को गांव वालों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

संवाददाता। बस्ती/विक्रमजोत

छावनी थाना क्षेत्र के विक्रमजोत कस्बे के अंडरपास के समीप एक संदिग्ध मोटरसाइकिल युवक को शंकरपुर गांव के कुछ लोगों ने पकड़ कर छावनी पुलिस के हवाले कर दिया। 28 मार्च को शंकरपुर गाँव में एक महिला के सोने की चेन छीना गया था। शनिवार की शाम विक्रमजोत के हाइवे अंडर पास के समीप शंकरपुर गाँव के कुछ युवको ने एक मोटरसाइकिल सवार शातिर बदमाश को मोटरसाइकिल से चार किलोमीटर तक पीछा किया। उसे टिकरिया गांव के पास धर दबोचा और विक्रमजोत चौकी इंचार्ज योगेंद्र कुमार को बुलाकर सुपुर्द कर दिया। बता दें कि शंकरपुर गांव निवासी अंग्रेज सिंह पुत्र दान बहादुर सिंह ने बीते मंगलवार को छावनी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी बहन राजकुमारी अपने ससुराल गोंडा जिले से अपने पति के साथ शंकरपुर गांव आई थी जैसे ही राजकुमारी अपने पति के साथ हाइवे किनारे मायके के घर पहुचने वाली थी कि छावनी की तरफ से काले रंग की डिस्कवर मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने राजकुमारी के गले से डेढ तोले कि सोने की चौन छीन अयोध्या की तरफ भाग गये थे जिसको महिला व उसके पति सहित आसपास के लोगो ने देखा था जिसकी तलाश छावनी पुलिस के अलावा महिला के मायके वाले व रिस्तेदार भी कर रहे थे संयोगवश शनिवार की शाम छिनैती करने वाले एक बदमाश विक्रमजोत कस्बा के हाइवे अंडरपास के पास होने की जानकारी मिल गयी। तुरंत शंकरपुर गांव निवासी पीडित महिला के सगे भाई अंग्रेज सिंह, भूपेंद्र सिंह व छतौना गांव निवासी सर्बजीत सिंह अकवारा गांव निवासी कौशलेंद्र सिंह सहित एक दर्जन ग्रामीण बदमाश को पकडने के लिए दौडा लिया अपनी ओर आता देख संदिग्ध बदमाश अपनी मोटरसाइकिल लेकर अयोध्या की तरफ भागने लगा जिसे ग्रामीणों ने पीछा कर पटकापुर चौराहे के समीप टिकरिया गांव के सामने धर दबोचा इस दौरान भागते समय बदमाश मोटरसाइकिल सहित हाइवे पर गिर कर घायल भी हो गया जिसे लोगो ने विक्रमजोत चौकी प्रभारी को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया इस संबंध में चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि युवक की पहचान वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सल्टौवा ब्लॉक के समीप सेमरा गांव निवासी शकील पुत्र नजीर के रूप में हुई जो काफी दिनों से मुंबई में रहता था पिछले दो सप्ताह से विक्रमजोत क्षेत्र में इसे देखा जा रहा था, जांच की जा रही है, और उसके खिलाफ अपराधिक इतिहास की भी छानबीन हो रही है। जल्दी मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कृषि यंत्र की दुकान में हुई चोरी

श्रावस्ती, भिनगा। कोतवाली भिनगा अंतर्गत भिनगा नगर के गौतम बुद्ध नगर में संचालित कृषि यंत्र की दुकान के शटर को तोड़कर अंदर दाखिल हुए चोर ने दुकान के अंदर रखा हज़ारों के माल पर हाथ साफकर दिया। सुबह होने पर घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने भिनगा कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। भिनगा पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जनपद बस्ती के निवासी अखंड प्रताप सिंह का भिनगा नगर के गौतम बुद्ध नगर मुहल्ले में भिनगा सिरसिया मार्ग पर बीएसएनएल टावर के समीप अवंतिका एग्रीकल्चर के नाम से कृषि यंत्र की दुकान है। दो अप्रैल को वह अपने घर चले गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को नष्ट कर दुकान में दाखिल होकर अलमारी का दरवाजा तोड़कर उसके अंदर रखा 80 हज़ार रुपये नगद साथ ही इनवर्टर की बैटरीए दो सीसीटीवी कैमरा व महत्वपूर्ण कागजात चुरा ले गया। चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर जब वह दुकान पहुंचे तो उन्होंने देखा कि शटर टूटा हुआ था और दुकान के अंदर रखा नकदी व सामान गायब था। पीड़ित ने भिनगा कोतवाली में तहरीर देकर उचित कार्यवाई की मांग की है।

पहले ही दिन मांस मछली बेचने वालों ने उड़ाई सीएम के आदेश की धज्जियां

खुले में मछली और मांस की लगी दुकानें पायनियर

- खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस रही खामोश

संवाददाता। बस्ती

मांस, मछली और मुर्गा का कारोबार करने वालों ने पहले दिन ही सीएम के आदेश का मानने से इंकार कर दिया, पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम भी सोती रही। खुले आम पुलिस चौकी के पास और अगल बगल दिन भर कारोबार होता रहा है। किसी ने रोकने का भी प्रयास नहीं किया। जबकि सीएम का आदेश है, कि 10 अप्रैल तक किसी भी स्थान पर मांस, मछली और मुर्गे का कारोबार नहीं होगा। गल्ला मंडी, रोडवेज, दक्षिण दरवाजा, न्याय मार्ग, आबकारी कार्यालय के सामने, बड़ेबन और पुरानी बस्ती जैसे अनेक स्थानों पर खुले में मांसं, मछली और चिकेन बिकते देखा गया। इस मामले में जब कुछ कारोबारियों से पूछा गया तो उनमें तो कईयों ने आदेश की जानकारी होने से ही इंकार कर दिया, वहीं कईयों ने बताया रमजान का महीना भी चल रहा है, ऐसे में कैसे वह कारोबार बंद कर सकते है।

एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने बनाई जीत की रणनीति

- मीटिंग में प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को किया गया सम्मानित
- केंद्रीय राज्यमंत्री भानू प्रताप वर्मा सहित अनेकों भाजपाइयों ने की शिरकत

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

विकास खण्ड कुठौंद के 67 ग्राम प्रधानों एवं 69 क्षेत्र पंचयात सदस्यों के साथ लक्ष्मी गार्डन कुठौंद में बैठक की गई जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा ने शिरकत कर ग्राम प्रधानों व बीडीसी सदस्यों को भाजपा का सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र के बारे में विस्तार से बताया। जिला संयोजक उदयन पालीवाल और ब्लॉक संयोजक उर्वजा दीक्षित के रणनीति के अनुसार विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एमएलसी प्रत्याशी रमा निरंजन को झांसी-जालौन-ललितपुर से विजय दिलाने के लिए एक रणनीति तैयार की गई। इस चुनाव में भाजपा आलाकमान अपनी पूरी ताकत से चुनाव जीतने की योजना बनाकर हरहाल में भाजपा प्रत्यासी को जिताने के लिए संगठन काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा एवं भाजपा संगठन द्वरा विकास खण्ड कुठौंद के 67 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान 69 क्षेत्र पंचायत सदस्य को एक साथ आमंत्रित कर उनका सम्मान कर भाजपा प्रत्याशी रमा निरंजन के पक्ष में अपना अमूल्य मत देकर उनको भारी से भारी संख्या से जितने की अपील की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक मूलचारन निरंजन, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, क्षेत्री मंत्री संजीव उपाध्याय, जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर, विवेक कुशवाहा, उदयन पालीवाल, उर्वजा दीक्षित, मण्डल अध्यक्ष अमित नीखरा मण्डल अध्यक्ष गजेंद्र राजपूत, जिला पंचायत सदस्य छुन्ना सेंगर, जिला पंचायत सदस्य अनिरुद्ध द्विवेदी, जयपाल सिंह राजावत, पवन शर्मा, संजय कुमार, ब्रजेन्द्र पाल सिंह, कुलदीप मिश्रा के साथ समस्त भाजपाई मौजूद रहे।

प्रधानों, बीडीसी सदस्यों को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री — पायनियर

दो के कब्जे से गांजा बरामद, भेजा जेल

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर कोतवाली कर्वी व राजापुर पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से गांजा बरामद कर जेल भेजा है। रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने छोटा उर्फ सुरेश केवट पुत्र मंगी केवट निवासी गोकुलपुरी शंकर बाजार कर्वी के कब्जे से सवा किलो गांजा बरामद कर जेल भेजा है। टीम में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय के साथ सिपाही गोलू भार्गव व अनुज यादव शामिल रहे। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा पवन कुमार प्रधान की टीम ने मंजीत सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी महुआ के कब्जे से एक किलो 450 ग्राम गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। दरोगा सूबेदार बिन्द की टीम ने सिकंदर खान पुत्र इमामी खान निवासी छीबों के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद कर जेल भेजा है। सिकंदर खान का राजापुर थाने में आपराधिक इतिहास है।

क्विक न्यूज

रामनवमी, रमजान को लेकर कोटरा पुलिस ने किया मार्च

कोटरा(जालौन)। रविवार को कस्बा कोटरा में नवरात्रि एवं रमजान को देखते हुए पुलिस प्रशासन एवं पैरामिलेट्री फोर्स ने कस्बे में सुरक्षा की दृष्टि से पैदल भ्रमण किया। त्योहारों के शुरू होने के पश्चात ही जनता की सुरक्षा के लिए प्रशासन की भी तैयारियां शुरू हो चुकी है। कस्बा कोटरा की पुलिस त्योहारों को लेकर अलर्ट मूड में है और इसी के चलते रविवार को फ्लैग मार्च निकालते हुए थाना कोतवाल कृष्णपाल सिंह ने कहा कि इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य है कि आने वाले पर्व रामनवमी एवं रमजान को लेकर विशेष सुरक्षा बरती जा रही है।

शिक्षक नेता के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

कुठौंद (जालौन)। कुठौंद क्षेत्र के ग्राम गांव तिरावली निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता (शिक्षक) सुदामा प्रसाद द्विवेदी उम्र 86 के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के नाती समाजसेवी कपिल द्विवेदी ने बताया बाबा की तबीयत काफी समय से खराब चल रही थी और उनका इलाज चल रहा था। लेकिन सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उनका निधन हो गया जैसे यह सूचना क्षेत्र मे पहुंची तो वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के घर लोगों की भीड़ लग गई और लोगों ने बताया सुदामा प्रसाद द्विवेदी नेता होने के साथ समाजसेवी और बहुत नेक दिल इंसान थे उनके जाने से क्षेत्र को अपूर्णीय क्षति हुई है।

टोनटैग एनएसडीएल पेमेंट्स बैंक के सहयोग से लेकर आया वॉयस से डिजिटल पेमेंट सुविधा

वाराणसी। टोन टैगभारत का सबसे तेजी से बढ़ता आवाज़ से काम करने वाला निकटता संचार और पेमेंट्स सेवा प्रदाता ऑफलाइन डिजिटल तरीके से पेमेंट करने में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। टोन टैग ने आरबी आई के मार्गदर्शन मेंए एनएसडीएल पेमेंट बैंक और एनपीसीआई के साथ भागीदारी में फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए अपनी सरल और सुरक्षित वॉयस से यूपीआई डिजिटल तरीके से पेमेंट करने की सुविधा शुरू की है। टोनटैग के सह.संस्थापक विवेक सिंह ने कहा, आवाज़ से काम करने वाले पेमेंट के तरीकों के सफल पायलट परीक्षण के बाद हम इस सरल और सुरक्षित तरीके से पेमेंट करने की सुविधा को सब तक पहुँचाने के लिए उत्साहित हैं। यह इस देश में ऑफलाइन तरीके से पेमेंट डिजिटल क्रांति का नेतृत्व करेगा। हमारा मुख्य उद्देश्य एक आसान तरीके से पेमेंट करने की सुविधा के माध्यम से डिजिटल तरीके से पेमेंट करने की सुविधा को मुहैया कराने के लक्ष्य को पूरा करना हैए ताकि ग्रामीण भारतीय आबादी या डिजिटल रूप से समझ नहीं रखने वाले लोग आसानी से इसे उपयोग कर सकें।

हाइवे के अवैध कट बंद करने की कार्ययोजना की गई तैयार

- कट बंद होने के बाद दुर्घनाओं पर लगेगा अंकुश
- डिवाइडर के बीच गार्डर लगवाने की कवायद

कालपी (जालौन)। नगर में आये दिन हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन पर कार्यदायी संस्था द्वारा अवैध कटों को बंद किया जा रहा है। समझा जा रहा है कि इससे दुर्घटनाओं में यकीनन कुछ कमी जरूर आएगी। जबकि कार्यदायी संस्था द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की तैयारी कर रही है। डिवाइडर के बीच में स्थाई लोहे के गार्डर जल्द लगाने कार्य जल्द शुरू होगा। इस व्यवस्था से दुर्घटनाओ में अंकुश लगेगा। विगत दिनों के यमुना नदी से लेकर कालपी नगर के अमलतास चौराहे में तिराहे तक डिवाइडर को पार करने के दौरान वाहनों की चपेट में आकर कई राहगीरों की मौत हो चुकी है इस मामले को जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के लिए निर्देशित किया है। जनसंपर्क अधिकारी डीएन तिवारी ने बताया कि दुर्गा मंदिर चौराहा समेत कई स्थानों में डिवाइड रोड में अनाधिकृत कट हो गए हैं जिनसे राहगीर रिस्क लेकर सड़क पार करने लगते हैं। सड़क पार करने के दौरान दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं इसी को दृष्टिगत रखते हुए कालपी नगर के दुर्गा मंदिर चौराहे में कट बन्द करके डिवाइडर बना दिया गया है। वहीं डिवाइडर के बीच में स्थाई तौर पर लोहे की गार्डर लगवाने का काम शीघ्र कराया जाएगा। गार्डर स्थापित होने से राहगीर हाईवे की सड़क को अनाधिकृत तरीके से पार नहीं कर पाएंगे और ना ही कोई हादसा हो सकेगा उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य स्थानों को भी चिन्हित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में अंकुश लगाने तथा यातायात व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। बांदा

उत्तर प्रदेश के बांदा में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बांदा नगर के द्वारा भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 2079 के शुभ आगमन पर राइफल क्लब बाबूलाल चौराहा से पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण के उपरांत पथ संचलन का आरंभ हुआ जो बाबूलाल चौराहा से गणेश भवन चौराहा जिला परिषद चौराहा अमर टॉकीज रोड गुलर नाका शंकर गुरु चौराहा महेश्वरी देवी रोड रामलीला रोड स्टेशन रोड पीली कोठी पुल होते हुए पुनः राइफल क्लब में समाप्त हुआ पथ संचलन में सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में घोष के साथ कदमताल मिलाते हुए संचलन में सम्मिलित हुए मार्ग में कार्यकर्ताओं ने स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।कार्यक्रम में चित्रकूट धाम विभाग के विभाग प्रचारक श्रीमान मनोज जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय नववर्ष हमारी प्राचीन संस्कृत का प्रतीक है जब संसार ज्ञान सभ्यता से अनभिज्ञ था तब हमारे देश में वेदों पुराणों की रचना हो चुकी थी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के महत्व को बताते हुए उन्होंने बताया कि आज के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की इसी दिन भगवान श्री राम का राज्याभिषेक हुआ स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने आर्य समाज की स्थापना की संघ के संस्थापक परम पूजनीय केशव राव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिवस भी इसी दिन मनाया जाता है इसलिए संघ के लिए यह दिन महत्वपूर्ण है डॉ हेडगेवार बचपन से ही देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण थे अपनी शिक्षा पूरी करते हुए उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता अभियान में भाग लिया एवं कई आंदोलनों मैं हिस्सा लिया उस समय की परिस्थितियों को देखते हुए बाद में उन्होंने 1925 में हिंदू समाज को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की जिसका उद्देश्य राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाना है कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यव्रत द्विवेदी अधिष्ठाता उद्यान महाविद्यालय बांदा ने की कार्यक्रम में माननीय वीरेंद्र चतुर्वेदी जी सह प्रांत संघचालक कानपुर प्रांत जिला संचालक माननीय जगन्नाथ पाठक जी नगर संघचालक माननीय रामनाथ श्रीवास्तव श्रीमान जमुना प्रसाद जी प्रांत सेवा प्रमुख श्रीमान राजकुमार जी प्रान्त समग्र ग्राम विकास प्रमुख श्री रमाशंकर श्रीवास्तव विभाग सदस्य श्रीमान सुरेंद्र पाठक विभाग प्रचार प्रमुख श्रीमान रूद्र प्रसाद जी विभाग मार्ग प्रमुख श्री अनूप तिवारी जी विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख श्री महेंद्र जी विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख श्री रामदेव जीए जिला प्रचारक सक्षम जी जिला कार्यवाह संजय जी सह जिला कार्यवाह सोमेश जी नगर कार्यवाह दिलीप जी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

ब्राह्मण समाज ने परशुराम जयंती की रूपरेखा बनायी

कालपी (जालौन)। नगर के स्थित ठक्कर बापा इंटर कॉलेज में रविवार को ब्राह्मण महासभा रा व परशुराम सेना की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी परशुराम जयंती के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा व रणनीति बनाई गयी। रविवार को ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित राजू पाठक के नेतृत्व में 12 बजे कालपी नगर के मोहल्ला आलमपुर स्थित ठक्कर बापा इंटर कॉलेज में ब्राह्मण महासभा एवं परशुराम सेना की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। आयोजित बैठक में आगामी 3 मई को परशुराम जयंती के मौके पर कालपी नगर में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाते हुए विस्तृत चर्चा की गई एवं परशुराम जयंती की तैयारियों को लेकर अलग अलग लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गयीं।

शोभायात्रा को लेकर बनी रणनीति

जिलाध्यक्ष पंडित राजू पाठक ने बताया कि पूर्व में परशुराम जयंती के मौके पर कालपी नगर में परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। परन्तु बीते 2 वर्ष कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप के कारण शोभायात्रा स्थगित रही थी। किन्तु इस वर्ष परशुराम जयंती के मौके पर आगामी 3 मई को धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर रणनीति बनाई गयी है। उन्होंने बताया कि 3 मई को शोभायात्रा दोपहर 3 बजे कालपी नगर के ठक्कर बापा इंटर कॉलेज से प्रारम्भ होकर टरननगंज चौराहा होते हुए फुलपावर चौराहा, दुर्गा मंदिर चौराहा होते हुए कोतवाली रोड, स्टेशन रोड, भीतर बाजार, खोयामंडी होते हुए वापस ठक्कर बापा इंटर कॉलेज में समापन किया जाएगा।

पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया का सपना हो रहा पूराः आर के सिंह पटेल

संवाददाता। चित्रकूट

सांसद आरके सिंह पटेल व भाजपा नेताओं की मौजूदगी में गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कालेज समेत तीन नोडल विद्यालयों में जिले के नौ विद्यालयों को मिलाकर 2720 स्मार्ट फोन बांटे गये। रविवार को सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य आनन्द त्रिपाठी की मौजूदगी में गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को नवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए सांसद आरके सिंह पटेल ने स्मार्ट फोन बांटे। उन्होंने कहा कि ये योजना 19 अगस्त से चल रही है। तीन सौ करोड के बजट की योजना से स्मार्ट फोन बांटे जा रहे हैं। ये वरदान भी है तो अभिशाप भी है। इसका दुरुपयोग न करें। स्मार्ट फोन से महाभारत, रामायण, बाइबिल, गीता आदि ग्रन्थ पढ सकते हैं। प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया का सपना पूरा होता दिख रहा है। मोदी-योगी का सपना है कि अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति को लाभ मिले। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र रानीपुर गिदुरहा में फाइबर लाइन बिछाई जा रही है। छात्र-छात्राओं को डिजिटल इंडिया से जोडा जा रहा है। प्रधानमंत्री की अगुवाई में बेटियां सशक्त हो रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि स्मार्ट फोन से बहुत कुछ सीख-पढ सकते हैं। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य युवा शक्ति को नई तकनीक से जोडने का है। टेक्नोलॉजी से पूरी दुनिया की जानकारी पा सकते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि मोदी-योगी की सरकार शिक्षा पर केन्द्रित है। उच्च शिक्षा जिन्हें नहीं मिल पाती, उन्हें शिक्षित बनाया जा रहा है। सपा-बसपा शासन काल में भ्रष्टाचार होता था। इस शासन में ऐसा नहीं होता है। इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम राजबहादुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर व विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

उत्सवधर्मी है भारतीय संस्कृतिःकुलपति

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

भारतीय संस्कृति उत्सवधर्मी संस्कृति है। कृषि और शिल्प प्रधान देश होने के कारण प्रायः हमारे सभी उत्सव फसलों और शक्तिए समृद्धि के साथ जुड़े होते हैं। वर्षा ऋतु के समाप्त होने पर फसलें पककर अपना सर्वस्व समर्पण करने के लिए तत्पर हो उठती हैं। धरती शस्य श्यामला हो उठती है और इसके बाद शुरू होता है श्री और शक्ति की उपासनाए असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा यानी विजयोत्सव। उक्त विचार सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय एवाराणसी के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय के 65 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर प्रातरू7रू00 बजे विश्वविद्यालय परिवार के कल्याण एवं राष्ट्र वैभव उत्थान के लिये शक्ति समाराधनष् कार्यक्रम के अन्तर्गत बतौर संस्था के प्रमुख एवं अध्यक्ष ने व्यक्त किया ।कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा किजीवंत संस्कृति का यह चक्र अनवरत घूमता रहता हैए ताकि हम सत्य से विमुख न हों और इस प्रकार अपनी भीतरी शक्ति से विमुख न हों। यही शक्ति पूरे भारत की आंतरिक शक्ति है।

कुलपति प्रो हरेराम ने कहा कि हिंसा अथवा अहिंसा की पक्षधरता से पृथक यह निष्पक्ष निर्णय के हुंकार का ओज भरती है कि इस परिस्थिति विशेष में करुणा की उपयोगिता है या कटार कीघ् इसलिए त्रिशक्तियों के अनेक हाथों में विविध प्रकार के अस्त्र.शस्त्र होते हैं जिनसे वह राक्षसी वृत्तियों का संहार करती है और सत्य की स्थापना करती है। कुलपति प्रो त्रिपाठी ने यहां के संस्थापकों मे से प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री डॉ सम्पूर्णानन्द जीएपं कमलापति त्रिपाठी जी एवं ऋषि तुल्य आचार्यो को याद करते हुये उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि देते कहा कि आज यह संस्था देववाणी भाषा संस्कृत के प्रसार.प्रवाह मे विश्व वांगमय को आच्छादित करते हुये राष्ट्र को भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के पथ पर अग्रसर किये हुये है। 'आचार्योंएअधिकारियोंएकर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा माँ दुर्गासप्तशती पाठ किया गया'। वेद भवन में आयोजित षशक्ति समाराधनष् कार्यक्रम में कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी के अध्यक्षता में देवी शक्ति, गौरी.गणेश का विधिपूर्वक षोडशोपचार विधि के साथ पूजन एवं दुर्गा सप्तशती पाठ व हवन वेद विभाग के आचार्यों एवं विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। 'कुलपति ने यहाँ के विभूतियों को माल्यार्पण कर संस्था के अभ्युदय के लिये आशीर्वाद प्राप्त किया'।

प्रारम्भ मे माँ वाग्देवीएपंच मन्दिरो मे एडॉ सम्पूर्णानन्द जीएपं कमलापति त्रिपाठीएकाशी नरेश विभूति नारायण राय एवं पूर्व प्राचार्यों आदि के मूर्ति पर माल्यार्पण कर संस्था के अभ्युदय और मार्गदर्शन की कामना की। सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिसर में अनवरत शहनाई की धुन और हवन की सुगंध से आच्छादित है।उक्त अवसर पर वेद विभाग के अध्यक्ष प्रो महेंद्र पान्डेयएप्रो रामपूजन पान्डेयएप्रो सुधाकर मिश्रएप्रो हीरककान्ति चक्रवर्तीएडॉ विजय पान्डेयएडॉ विजय शर्मा एवं डॉ सत्येंद्र यादवएडॉ विमल त्रिपाठीएअजय पान्डेय उपस्थित थे।

पाक्सो एक्ट आरोपी जय मिश्रा की करें जांच

चित्रकूट। उप्र के जौनपुर जिले के बरसठी थाना बडेरी के निवासी अशोक कुमार दुबे ने देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री समेत पुलिस के प्रशासनिक अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी/आरोपी जयमिश्रा पर कार्यवाही की मांग की है। जगद्गुरु के प्रभाव से आरोपी पाक्सो एक्ट की कार्यवाही से बच रहा है। रविवार को देश के उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में अशोक कुमार दुबे ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास उर्फ जय मिश्रा के खिलाफ 27 फरवरी को विभिन्न धाराओं समेत पाक्सो एक्ट में मामला दर्ज कराकर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। आरोपी के अपराधी प्रवृत्ति का होने पर उसके रिवाल्वर का लाइसेंस निरस्त कर कानूनी कार्यवाही की भी मांग की थी। जैविक पिता सुशील मिश्रा के नाम का प्रयोग कर श्रीरामानन्दचार्य मिशन के नाम से ट्रस्ट बनाकर कूटरचित कार्य कर चल-अचल सम्पत्ति की जांच की मांग की गई है।

जलापूर्ति के साधन न होने से कभी भी हो सकती है आग की बड़ी दुर्घटना

संवाददाता। हमीरपुर

- पच्चीस साल पहले जमींदोज हो चुके थे फायर हाइडेंट,नलकूपों में नही लगाये गये कपलिंग पाइप

हमीरपुर जिले में आग बुझाने के लिये पानी की आपूर्ति का कोई साधन न होने से कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। पच्चीस साल पहले हमीरपुर शहर में जमीन में जमीदोंज हो चुके करीब सात फायर हाइडेंटों को आज तक निकालने व उनके बदले दूसरे फायर हाइडेंटों की स्थापना नही की गयी है यही नही ग्रामीण क्षेत्रो में केवल अभी तक पैतीस नलकूपों में कपलिंग पाइप लगाये गये है जिससे आग लगने के समय नलकूपों से अग्निशममन विभाग पानी भी नही ले सकता है। जानकारी के मुताबिक हमीरपुर जिला बुन्देलखंड में आग लगने के मामले में सबसे ज्यादा संबेदनशील है लोगो में जागरुकता न होने के कारण आय दिन आग जैसी घटनाएं होती रहती है,मार्च के महीने में पचास से अधिक घटनाएं आग की हो चुकी है। हमीरपुर शहर में आग की घटनाओं को देखते हुये कई साल पहले चिंहित स्थानों में फायर हाइडेंट लगाये गये थे जहा से आग लगते ही पाइप लगाकर अग्निशमन विभाग के कर्मी वहा से पानी लेकर बड़े बड़े पाइपो के माध्यम से संबंधित स्थल में जाकर आग बुझा देते थे मगर पच्चीस साल पहले शहर में सड़के बनती गयी सड़को की रिपेयरिंग हुई और उसी में सभी फायर हाईडेंट जमीन में ही दब गये तब से आज तक इस पर कोई विचार नही किया गया है हालाकि प्रत्येक साल शासन व प्रशासन को फायर हाइडेंट के महत्व व उनकी आवश्यकता के बारे में अवगत करा दिया जाता है। मगर उसका कोई हल नही निकला है,हमीरपुर शहर में केवल दो फायर हाइडेंट है जो एक विभाग के पास है दूसरा न्यायालय में लगा है जब कि जो फायर हाइडेंट चिंहित स्थलो पर थे उनका होना बहुत आवश्यक है फायर हाईडेंट हरेक कस्वे में होना चाहिये ताकि पानी मिलने में कोई असुविधा न हो मगर कस्वाई क्षेत्रो में भी फायर हाईडेंट नही है। इस संबेंदनशील मुद्दे को न तो जनप्रतिनिधित न ही शासन संज्ञान मे ले रहा है। इसी प्रकार शासन ने दस साल पहले एक आदेश दिया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी व प्रायवेट नलकूपों में कपलिगं पाइप लगा दिये जाये ताकि आग की घटना होते ही अग्निशमन विभाग इसमे अपने वाहन का पाइप लगाकर नलकूप से पानी लेकर आग पर काबू पा सके मगर दस साल के अन्दर केवल सरकारी व प्रायवेट के केवल 35 नलकूपों में कपलिगं पाइप लगाये गये है। यदि कोई आग की बडी घटना होती है तो ग्रामीण क्षेत्रों में पानी मिलना मुश्किल हो जायेगा और बहुत बडी घटना हो सकती है। जिला अग्निशमन अधिकारी(एफएसओ) राहुल पाल ने बताया कि लोगों को समय समय पर जागरुक कर अग्नि से बचने व सावधानी बरतने के लिये कहा जाता है मगर लोगो की जागरुकता के अभाव में आग की घटनाएं बढती जा रही है एक सप्ताह पहले गाजियावाद जिले से बड़ा फायर टैंक विभाग को मिल जाने से आग पर काबू पाने में थोड़ी से सुविधा मिल गयी है। उनका मानना है कि सरकारी दफ्तरो में व प्रशासनिक अधिकारियों के आवासों में आग बुझाने वाले सिलेंडर लगाने की जिम्मेदारी संबंधित विभागाध्यक्ष को होती है जिले के ज्यादातर विभागों में फायर सिंलेडर नही लगे है जो लगे है उनमे गैस नही है। हालाकि इसके लिये कई मर्तवा अग्निशमन विभाग पत्र लिख चुका है,हाईकोर्ट के आदेश से प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूलों मे जो फायर सिंलेडर करीब पाच साल लगाये गये थे वह सब ध्वस्त हो चुके है,इस मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी को कई मर्तवा पत्र लिखा जा चुका है मगर कोई ध्यान नही दिया गया है जब कि स्कूलो में शार्ट सर्किट से अक्सर घटनाएं होती रहती है। शिक्षा विभाग आग के मामले में जागरुकता शिविर लगाता है मगर किसी भी कालेज में अग्निशमन उपकरण नही है जो है वह शोपीस बने हुये है। श्री पाल का कहना है कि जो इमारत 15 मीटर या इससे ऊंची बनायी जायेगी उसमे अग्निशमन विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य होता है।

आग से तीन मवेशी जिंदा जले,ट्रैक्टर जलकर खाक,मौदहा मे भी नुकसान

राठ (हमीरपुर)। राठ क्षेत्र में आज अलग अलग स्थानों पर आग लगने से तीन मवेशी,ट्रैक्टर जलकर खाक हो गयी।

जानकारी के मुताबिक जरिया क्षेत्र के धगवा गांव में बीरेंद्र राजपूत के पशुवाड़े में आग लग जाने से उसके तीन मवेशी जिंदा जल गये और वही पर खडा ट्रैक्टर जलकर खाक हो गया,करीब दस लाख का नुकसान बताया गया है। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। इसी प्रकार राठ कस्वे में शार्ट सर्किट से लगी आग में सुरेंद्र का करीब दो लाख का नुकसान बताया जाता है पीड़ित ने बताया कि जब वह अपने पूरे परिवार के साथ अपनी फल की दुकान में था, तभी यह हादसा हो गया। सामान के साथ उसकी पचास हजार रुपये की नगदी भी जल गयी। इसी प्रकार मौदहा क्षेत्र के सिसोलर क्षेत्र के भुलसी गांव में राकेश यादव के मकान में आग से लाखो का नुकसान हो गया। भाजपा नेता ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी तब कही आग पर काबू पाया गया। संजय का मकान भी आग की चपेट में आ गया उसका भी नुकसान बताया जाता है। पुलिस ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया है। इसी प्रकार सुमेरपुर क्षेत्र में इगोहटा गांव में विजली के तारो के टकराने से निकली चिंगारी से महेश प्रजापति की ढाई बीघा गेहू की फसल जलकर खाक हो गयी ग्रामीणो ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया,इसके पहले इसी इसी क्षेत्र में कई लोगो की फसल विजली के तारो से फसल नष्ट हो चुकी है।